kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-292 | बुधवार, 26 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

मोदी ने पंचजन्य शंख स्मारक का किया उद्घाटन 11 | मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी






# धर्म ध्वजा स्थापित

## जयश्रीराम के उद्घोष से गूंजा श्रीराम मंदिर परिसर

एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने ध्वज फहराया।

इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के जरिए 'संकल्प सिद्धि' के लिए रामनगरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। रोड शो और पूजा अर्चना के बाद उन्होंने संघ प्रमुख भागवत के साथ ध्वजारोहण का कार्य पूरा किया। इस दौरान जयश्रीराम, जय हनुमान के गगनभेदी नारों संग अयोध्यावासियों ने प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्पवर्षा भी की। श्रीराम की अयोध्या ने प्रधानमंत्री का पूरे रास्ते में अभूतपूर्व स्वागत किया। अयोध्यावासियों के एक हाथ में भगवा ध्वज तो दूसरे हाथ में तिरंगा फहरा रहा था। वहीं स्वागत से अभिभूत प्रधानमंत्री ने भी हाथ हिलाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। अयोध्या पहुंचने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री ● शेष पेज 11 पर

## भारत को गुलामी की मानसिकता से दूर करके रहूंगा: मोदी

एजेंसी



अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शुभ मुहूर्त में यहां नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा को प्रतिष्ठापित किया और इस क्षण को 'भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष बिंदु' तथा ध्वज को 'संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति बताया उन्होंने कहा भारत से गुलामी के प्रतीको को समाप्त करके रहूंगा।' पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में ध्वज प्रतिष्ठापन से ठीक पहले श्री मोदी ने अयोध्या के शेषावतार मंदिर में पूजा-अर्चना की और वहां से नवनिर्मित श्रीराम लला के धाम पहुंच कर मंदिर के शिखर पर केसरिया ध्वज का प्रतिष्ठापन किया।

❒ संतों की साधना, समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है राममंदिर का धर्मध्वज

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, संत समाज, देश भर से जुटे श्रद्धालुओं की उपस्थिति तथा टीवी के माध्यम से दुनिया भर से इस कार्यक्रम में जुड़े लोगों के समक्ष स्थापित यह समकोण त्रिभुज के आकार का यह धर्मध्वज 10 फुट ऊंचा है, इसकी आधार भुजा 20 फुट लंबी है। ध्वज पर एक चमकते सूरज की तस्वीर है, जो भगवान श्रीराम की चमक और वीरता का प्रतीक है। इस पर कोविदार वृक्ष की तस्वीर के साथ 'ओम' लिखा है।

ध्वज का दण्ड मन्दिर के निर्माण के प्रारंभ में उसके आधार से ही ऊपर लाया गया है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष बिंदु की साक्षी बन रही है। .. हर रामभक्त के हृदय में अद्वितीय संतोष है। उन्होंने कहा, आज उस यज्ञ की पूर्णाहुति है, जिसकी अग्नि 500 वर्ष तक प्रज्वलित रही। जो यज्ञ एक पल भी आस्था से डिगा नहीं, एक पल भी विश्वास से टूटा नहीं। आज, भगवान श्री राम के गर्भगृह की अनंत ऊर्ज़ा, श्री राम परिवार का दिव्य प्रताप, इस धर्म ध्वजा के रूप में, इस दिव्यतम, भव्यतम मंदिर में प्रतिष्ठापित हुआ है। नवनिर्मित मंदिर पर धर्मध्वज की स्थापना मुख्य मंदिर के निर्माण कार्य की पूर्णता है। श्री मोदी ने इस निर्माण कार्य में लगे और इसमें योगदान करने वाले हर व्यक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ल्ल मैं सम्पूर्ण विश्व के करोड़ों रामभक्तों को इस अविस्मरणीय क्षण की, इस अद्वितीय अवसर की हार्दिक ● शेष पेज 11 पर

## ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ : योगी

एजेंसी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। श्री योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजयी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब नेतृत्व संभाला था, उसी दिन कोटि-कोटि भारतवासियों के मन और हृदय में जिस संभावना, संकल्प व विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या, अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से साकार होकर ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का होगा भौतिक सत्यापन

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा की सुचिता, विश्वसनीयता और नकल विहीन कराने के दृष्टिगत स्कूलों की आधारभूत भौतिक संसाधनों का सत्यापन कराएगा। केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा, वॉयस रिकॉर्डर, रॉउटर, डीवी आर के क्रियाशील होने एवं मॉनिटरिंग के उपकरण और डबल लॉक आलमारी प्रधानाचार्य कक्ष से अलग कमरे में स्थापित की जाएगी। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि सत्यापन के लिये लखनऊ मण्डल के सभी छह जिलों के लिये अपर सचिव क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज ने अधिकारी नामित किये हैं। ये अधिकारी कम से कम 10 स्कूलों की आधारभूत सूचनाओं का सत्यापन करेंगे। सभी जरूरी व्यवस्थाओं का सत्यापन करेंगे। डीआईओएस की ओर से स्कूलों की आधारभूत भौतिक संसाधनों की सूचना बोर्ड ऑफिस को उपलब्ध कराई जा रही है।

### दुनिया के अन्य देशों के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान : बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान को देश की आत्मा करार देते हुए कहा है कि भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है। श्री बिरला ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित मणिपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से संवैधानिक जागरूकता का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो।

### एसआईआर के खिलाफ वाइको की याचिका पर चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एमडीएमके संस्थापक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद वाइको के निर्वाचन आयोग के तमिलनाडु में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा और मामले को अगली सुनवाई के लिए दो दिसंबर को सूचीबद्ध कर दिया।

## हिरासत में हिंसा और मौत व्यवस्था पर धब्बा: उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा, 'देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा 'केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया। सुप्रीम कोर्ट ने ● शेष पेज 11 पर

### चुनाव आयोग ने मतदाताओं को किया सचेत

## गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया में ओटीपी का कोई प्रावधान नहीं

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया में बीएलओ के नाम पर ओटीपी मांगे जाने की शिकायतों को गम्भीरता से लिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया में ओटीपी का कोई प्रावधान ही नहीं है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गणना प्रपत्र भरने के लिए कुछ अराजक तत्वों द्वारा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) या निर्वाचन विभाग का प्रतिनिधि बनकर मतदाताओं से मोबाइल नंबर पर ओटीपी (ओटीपी) मांग रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं को स्पष्ट किया कि एसआईआर (एसआईआर) के गणना प्रपत्र को भरने की प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगा जा रहा है।




ऐसे मामलों में उन्होंने सभी मतदाताओं को पूरी तरह से सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां साइबर ठगी या धोखाधड़ी के तहत संदेहास्पद हैं। यदि किसी मतदाता से फोन कॉल, मैसेज या अन्य माध्यम से ओटीपी मांगने का प्रयास किया जाता है तो ऐसी कॉल पर ध्यान न दिया जाए, न ही ओटीपी साझा करें तथा ऐसी कॉल को तुरंत अस्वीकार कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रह का कार्य कर रहे हैं। गणना प्रपत्र भरने में भी सहयोग कर रहे है, मतदाता स्वयं भी गणना प्रपत्र भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं। एसआईआर प्रक्रिया में ना कोई ओटीपी ना कोई लिंक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर संबंधी प्रक्रिया में ओटीपी या लिंक की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आयोग की तरफ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रकार की अफवाहों एवं धोखाधड़ी से निपटने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं तथा ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी को सूचित कर कठोर कार्रवाई कराएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं को भी जागरुक करते हुए अपील की है कि एसआईआर के दौरान सतर्क रहें एवं ● शेष पेज 11 पर

## 'जैसा सपना देखा था, उससे भी भव्य और दिव्य राम मंदिर बना : मोहन भागवत

एजेंसी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजारोहण के लिए पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 500 सालों का सपना साकार हुआ है। हमने जैसा सपना देखा था बिल्कुल वैसा ही या उससे भव्य मंदिर बन गया है इसके लिए सबको शुभकामनाए देता हूँ।


आरएसएस प्रमुख ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा किया और कहा, ''आज हम सबके लिए सार्थकता का दिवस है। इतने लोगों ने अपने प्राण न्योछावर किए उनको शांति मिली होगी। अशोक सिंघल जी को शांति मिली होगी। आज करोड़ों लोगों की आस्था साकार हुई। श्री भागवत ने कहा कि लोगों को लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा थी। आज धर्मध्वज को नीचे से ऊपर शिखर पर विराजमान होते हुए देखा है। मंदिर के रूप में हमने कुछ तत्वों को ऊपर पहुंचाया है। इससे सबका जीवन अच्छा चलेगा। यह धर्म ध्वज है। इसपर रघुकुल का प्रतीक चिह्न भी है। यह रघुकुल की छाया का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ हों धर्म ध्वजा को हमेशा ऊपर रखना है। बिना थके सूर्य भगवान प्रतिदिन दर्शन करते हैं। कार्य की सिद्धि के लिए गतिमान होना ज़रूरी है। हमको सामर्थ्यवान भारत खड़ा करना है। यह धर्म और ज्ञान पूरी दुनिया में बाटने का काम शुरू हो गया है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इस देश में जन्म लेने वाले लोगों ने धर्म के रास्ते पर चलने की सीख दी है। सबके लिए समान सुख देने वाला भारत खड़ा करना है। जैसा सपना देखा था बिल्कुल वैसा ही या उससे भव्य मंदिर बन गया है इसके लिए सबको शुभकामनाए देता हूँ।

### अंतर्राष्ट्रीय साझीदार भारत के साथ मिलकर करें अगली पीढ़ी की समुद्री क्षमताओं का निर्माण :रक्षामंत्री

## भारत में जहाज निर्माण का हब बनने की क्षमता : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय साझीदारों से भारत के जहाज निर्माण उद्योग की क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए मिलकर अगली पीढ़ी की समुद्री क्षमता विकसित करने का आग्रह किया है। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां रक्षा उत्पादन विभाग के सेमिनार 'समुद्र उत्कर्ष' में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र की साझेदारी के दम पर भारतीय जहाज निर्माण उद्योग क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने को तैयार है। उन्होंने कहा,'' भारत 'केवल जहाज ही नहीं, विश्वास' तथा 'केवल प्लेटफ़ॉर्म ही नहीं, साझेदारियां'' बनाकर समुद्री शताब्दी का आकार देने में योगदान के लिए तैयार है। श्री सिंह ने उद्योग जगत के हितधारकों, विदेशी साझीदारों, प्रतिनिधियों तथा सशस्त्र बलों और मंत्रालयों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत को वास्तव में जो चीज अलग बनाती है, वह इसका एकीकृत एंड-टू-एंड जहाज निर्माण इकोसिस्टम है। संकल्पना डिजाइन और मॉड्यूलर निर्माण से लेकर आउटफ़िटिंग, रीफ़िट, मरम्मत और पूर्ण जीवन-चक्र समर्थन तक, जहाज निर्माण प्रक्रिया का हर चरण स्वदेशी रूप से विकसित और क्रियान्वित होता है। हमारे सार्वजनिक और निजी शिपयार्ड, हजारों एमएसएमई के सहयोग से, इस्पात, प्रोपल्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर और उन्नत कॉम्बैट सिस्टम तक फैली एक मज़बूत वैल्यू चेन का निर्माण करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का जहाज निर्माण इकोसिस्टम तकनीकी परिपक्वता और औद्योगिक विशेषज्ञता वाले कई विश्व-स्तरीय प्लेटफ़ॉर्मों की मजबूती पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी, तथा स्टील्थ फ्रिगेट्स और विध्वंसक पोत जैसी प्रमुख परियोजनाएं न केवल देश की नौसैनिक शक्ति को रेखांकित करती हैं, बल्कि बढ़ती डिजाइन क्षमताओं, ऑटोमेशन और सिस्टम इंटीग्रेशन विशेषज्ञता को भी दर्शाती हैं।



श्री सिंह ने कहा कि भारतीय शिपयार्ड वैश्विक वाणिज्यिक और द्वि-उपयोगी समुद्री उद्योग में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने उच्च-स्तरीय यात्री और मालवाहक जहाजों, तटीय फ़ेरियों, प्रदूषण-नियंत्रण एवं अनुसंधान जहाजों तथा इसरो और राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए दुनिया के सबसे उन्नत गहरे समुद्र खनन सहायता पोतों का उल्लेख किया। उन्होंने निजी क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि वह हरित-ईंधन वाले जहाज, एलएनजी कैरियर्स, रोल-ऑन रोल-ऑफ पोत और घरेलू उपयोग एवं वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च दक्षता वाले वाणिज्यिक जहाज बनाकर 'फोर्स मल्टिप्लायर' के रूप में उभर रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, ''हम विमानवाहक पोतों से लेकर उन्नत अनुसंधान पोतों और ऊर्ज़ा-कुशल वाणिज्यिक जहाजों तक प्रदान करने में सक्षम हैं। यह समग्र क्षमता भारत को आने वाले दशक में जहाज निर्माण, जहाज मरम्मत और समुद्री नवाचार का वैश्विक हब बनने के लिए मज़बूती से स्थापित करती है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक का प्रत्येक निर्माणाधीन जहाज भारतीय शिपयार्डों में ही बन रहा है और यह सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' की अवधारणा का प्रमाण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के जहाज निर्माण क्षेत्र में यह परिवर्तन 'समुद्री भारत दृष्टिकोण 2030' , 'समुद्री अमृत काल दृष्टिकोण 2047', रक्षा उत्पादन एवं निर्यात संवर्धन नीति और रक्षा खरीद नियमावली 2025 सहित अनेक दूरदर्शी नीतिगत सुधारों पर आधारित है। श्री सिंह ने कहा कि अभी भारतीय नौसेना की 262 परियोजनाओं पर काम चल रहा है जो स्वदेशी डिजाइन पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, ''हम अपने प्लेटफ़ॉर्मों में उच्च स्तर की स्वदेशी सामग्री पर भी गर्व करते हैं। हमारे कुछ शिपयार्ड इस दशक के भीतर 100 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री की ओर अग्रसर हैं। इसका अर्थ है कि भारत से आपूर्ति किए गए किसी भी नौसैनिक पोत को आपूर्ति श्रृंखला में न्यूनतम व्यवधानों का सामना करना पड़ेगा। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही भारत का वाणिज्यिक बेड़ा भी पूरी तरह स्वदेशी सामग्री से ही बनाया जायेगा। उन्होंने कहा, ''हमारे दोनों तटों पर स्थित शिपयार्ड अब आधुनिक फैब्रिकेशन लाइनों, उन्नत सामग्री-प्रबंधन प्रणालियों, स्वचालित डिजाइन टूल्स, मॉडल परीक्षण सुविधाओं और डिजिटल शिपयार्ड प्रौद्योगिकियों के साथ काम कर रहे हैं। ये सभी वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। श्री सिंह ने भारतीय नौसेना के ● शेष पेज 11 पर

## ज्वालामुखी विस्फोट के कारण पश्चिम एशिया की कई उड़ानें रद्द

नयी दिल्ली। इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से निकले राख के बादलों की वजह से भारत से पश्चिम एशियाई शहरों को जाने वाली कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को अबतक कुल 13 उड़ानें रद्द की हैं। अकासा एयर ने भी बताया कि उसने कल और आज जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी को जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने बताया कि सोमवार को सात उड़ानें रद्द कीं। इनमें अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली, न्यूयॉर्क से दिल्ली, दुबई से हैदराबाद, कतर के दोहा से मुंबई, दुबई से चेन्नई, दम्मम से मुंबई और दोहा से दिल्ली की उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइंस ने आज चेन्नई-मुंबई, हैदराबाद-दिल्ली, मुंबई-हैदराबाद, हैदराबाद-मुंबई, मुंबई-कोलकाता और कोलकाता मुंबई उड़ानें रद्द की हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वह जो विमान ज्वालामुखी से निकले राख के बादलों वाले ● शेष पेज 11 पर

# सरदार पटेल जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में ऊर्जा मंत्री की उत्साहपूर्ण सहभागिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी मार्च में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह मार्च ग़ालिबपुर किंग्स इडेन स्कूल से बरहदपुर कुटी तक निकाला गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति के नारों और जोश से भरे माहौल ने पूरे मार्च को ऊर्ज़ा से भर दिया।

अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल भारत माता के ऐसे महान सपूत थे जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आज़ादी के समय देश में बिखरी हुई 565 रियासतों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक और कठिन कार्य सरदार पटेल ने अद्वितीय नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और कुशल रणनीति से पूरा किया। यह एकीकरण भारत की अखंडता और स्थिरता की मजबूत नींव बना, जिसका लाभ आज भी पूरा राष्ट्र उठा रहा है। यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और हजारों नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। देशभक्ति के नारों और प्रेरणादायी संदेशों ने वातावरण को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने सभी नागरिकों से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, सहयोग और समरसता बढ़ाकर ही हम सरदार पटेल के सशक्त और एकजुट भारत के सपनों को साकार कर सकते हैं।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर तिरंगा पदयात्रा संपन्न

## आयुष मंत्री दयालु रहे मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। संघ वैचारिक संगठन हिमालय परिवार, काशी प्रांत, वाराणसी के तत्वावधान में ळवंदे मातरम गीत का सम्मान : 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार, 25 नवंबर 2025 को एक ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थापक/संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. नीलेश दत्त के निर्देश तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रो. शशिकांत मिश्र व क्षेत्रीय महामंत्री मुकेश पांडेय के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को विशेष रूप से गौरवपूर्ण बना दिया।

बीएचयू लंका से प्रारंभ होकर काली माता मंदिर, पद्मचौराहा होते हुए पदयात्रा का समापन अस्सी घाट पर किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चला। कार्यक्रम की अध्यक्षता काशी प्रांत अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय ने की। बीएचयू लंका स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने माल्यार्पण कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों, वंदे मातरम के गगनभेदी नारों और तिरंगे की शान से वातावरण भावनाओं से सराबोर हो उठा। डॉ. प्रीति उपाध्याय और श्रीमती सीमा सिंह के नेतृत्व में विशिष्ट अतिथि डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' का तिलकोत्सव कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता, वंदे मातरम, तिरंगा एवं माँ गंगा का विशेष सम्मान किया गया, जिससे पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। प्रमुख उपस्थित सदस्य : अविनाश उपाध्याय (प्रांत अध्यक्ष), रजनीश पाण्डेय (प्रांत उपाध्यक्ष), शिवेंद्र सिंह (महामंत्री), चंद्रमोहन पांडे (महामंत्री), गणेश रावत (प्रचार प्रमुख), महेंद्र कुमार शर्मा (महानगर अध्यक्ष), शक्ति सेठ (महानगर महामंत्री), सौरभ सिंह (जिला अध्यक्ष), अरण्य दुबे (जिला महामंत्री), अखिलेश गुप्ता (जिला उपाध्यक्ष), डॉ. राजन सिंह (प्रांत उपाध्यक्ष), आलोक सिंह (कार्यकारिणी सदस्य), अमन विश्वकर्मा (सह प्रचार प्रमुख), गौरव राठी (जनसंपर्क अधिकारी), सौरभ राय, अरुण पांडेय एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पदयात्रा के समापन तक आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' स्वयं पदयात्रा में शामिल रहे और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते रहे। उन्होंने इस भव्य आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएँ दीं तथा 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को राष्ट्रीय गौरव का क्षण बताया। यह तिरंगा पदयात्रा राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक सम्मान और देशभक्ति की एक अद्वितीय मिसाल बनकर पूरे काशी में अपनी छाप छोड़ गई।

# एसआईआर सहायता केंद्र के माध्यम से व्यापक स्तर पर भरे जा रहे फार्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शोहरतगढ़। समाजवादी पार्टी जोगिया प्रभारी मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के नेतृत्व में एसआईआर (गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम) में सहयोग के लिए जोगिया ब्लॉक के अंतर्गत शोहरतगढ़ विधानसभा के विभिन्न बूथों पर एसआईआर सहायता केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिक्षक सभा मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' ने कहा कि क्षेत्र के डबरा और करौना बूथ पर गणना प्रपत्र का वितरण दस प्रतिशत भी नहीं हुआ था। ऐसे में समाजवादी पार्टी के साथियों के सहयोग से बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक स्तर पर मतदाताओं का फार्म भरवाया गया। केंद्र संचालन के माध्यम से फार्म भरने के साथ, 2003 के मतदाता सूची के अनुसार ईपीआईसी संख्या को खोजकर बताना, जरूरतमंदों की फोटो उपलब्ध करवाने सहित रिसीविंग उपलब्ध कराना शामिल है।

मणेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अभी तक एसआईआर सहायता केंद्र प्रमुख रूप से जोगीबारी, लखनपारा, बभनी, डबरा, जमुनी, पलिया टेकधर, जोगिया, पटखौली के सभी बूथों पर संचालित हो चुका है। सहायता केंद्र संचालन में सहयोग करने वाले प्रमुख रूप से शकील शाह जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक, गोपाल फौजी जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, अजय चौरसिया,दयानंद पाण्डेय, मंजूर खान, जावेद अख्तर, सूरज भास्कर, संदीप साहनी सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल हैं।

# यूपीपीसीएल ने की बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की घोषणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने घरेलू तथा छोटे वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' की शुरुआत की है। यह योजना एक दिसंबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 तक संचालित होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि किसी भी उपभोक्ता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े और हर परिवार को सुगम विद्युत सेवा मिले। पॉवर कॉर्पोरेशन ने इसी भावना के अनुरूप व्यापक राहत पैकेज तैयार किया है।

योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ता (02 किलोवाट तक) और दुकानदार उपभोक्ता (01 किलोवाट तक) को उनके लंबित बिजली बकाया में विशेष छूट दी जाएगी। उपभोक्ता पहली बार सौ फीसदी ब्याज माफी के साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की भारी छूट प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, छोटे-छोटे बकायों के निस्तारण के लिए उपभोक्ताओं को आसान मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के देय राशि का समायोजन कर सकें।

सिस्टम में त्रुटियों या तकनीकी कारणों से बढ़े हुए बिलों का निस्तारण भी इस योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे बिलों को कॉर्पोरेशन के तकनीकी सिस्टम द्वारा औसत खपत के आधार पर स्वतः कम किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को बिल संशोधन के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ ही, बिजली चोरी से जुड़े मामलों में भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राहत एवं समझौते का अवसर उपलब्ध रहेगा, जिससे लंबित मुकदमों के समाधान में तेजी आएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड विभागीय कार्यालय, फिनटेक एजेंट, मीटर रीडर या जनसेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण शुल्क दो हजार रुपये है, जिसे उपभोक्ता के बिल में ही समायोजित कर दिया जाएगा। पावर कॉर्पोरेशन ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस सीमित अवधि की योजना का जल्द से जल्द लाभ उठाएँ और अधिकतम आर्थिक राहत प्राप्त करें। अधिक जानकारी या सहायता के लिए उपभोक्ता 1912 हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं।

## एनकाउंटर में शातिर मोबाइल चोर मोनू पाल गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार के निर्देश पर गंगानगर ज़ोन की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थरवई थाना प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में शातिर मोबाइल चोर मोनू पाल को एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी के 24 मोबाइल फोन, बिना नंबर प्लेट की स्कूटी, तथा अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक मोनू पाल के खिलाफ 19 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से इलाके में मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस टीम ने बदमाश को पकड़ने के लिए क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान चलाया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## खनन माफियाओं पर एसीपी की छापेमारी, कई रास्ते ध्वस्त

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसीपी अब्दूस सलाम खान ने यमुनानगर के कौंधियारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी की सूचना मिलते ही खनन माफिया मौके से फरार हो गए। एसीपी ने नदी में जाने वाले सभी कच्चे रास्तों को जेसीबी से खुदवाकर बंद कराया, ताकि अवैध खनन की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने थाना प्रभारी को क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। एसीपी ने कहा कि अवैध खनन किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और माफियाओं का ळनामो-निशान मिटा दिया जाएगा।

## छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल, हालत गंभीर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हंडिया थाना क्षेत्र के सेंट थॉमस स्कूल के एक छात्र को रास्ते में रोककर दर्जनों युवकों द्वारा पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित छात्र शेख जिया अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे घेरकर बेरहमी से मारपीट की। छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। डीसीपी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। छात्र इनायत पट्टी गांव का निवासी है।

## तेलियरगंज में चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तेलियरगंज इलाके में अचानक एक कार में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही मिनटों में कार आग का गोला बन गई, लेकिन गाड़ी में मौजूद लोगों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक कुछ देर बाधित रहा।

## बैंक के सामने से प्रधान के भाई की बाइक चोरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नौढ़िया उपरहार स्थित बैंक के सामने से चोरों ने प्रधान के भाई पप्पू सिंह की बाइक चुरा ली। घटना उस समय हुई जब वह बैंक के अंदर काम से गए थे। बाहर लौटने पर बाइक गायब मिली, जिसके बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और चोरी में शामिल बदमाशों की तलाश जारी है।

## नयागंज में पुरामुफ्ती पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं को किया जागरूक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुरामुफ्ती थाना पुलिस ने मंगलवार को नयागंज क्षेत्र में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला पुलिस टीम ने अभियान के दौरान महिलाओं को पम्पलेट वितरित किए तथा उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों—वूमेन पॉवर लाइन 1090, यूपी 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस 108, स्वास्थ्य सेवा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930—की जानकारी विस्तार से दी। अभियान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित नारी सुरक्षा एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त तथा डीसीपी नगर के निर्देशन में चलाया गया। थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैंड, ग्राम पंचायतों में जाकर महिलाओं को गुड टचऽबैड टच, आत्मरक्षा तथा मिशन शक्ति केंद्र और एंटी रोमियो स्क्वाड की भूमिका के बारे में जागरूक किया। आज की जागरूकता टीम में उपनिरीक्षक विश्वास पाण्डेय, महिला उपनिरीक्षक रश्मि निर्मल, तथा महिला कांस्टेबल शैलजा, सीता और नीलम शामिल रहीं।

## उच्च न्यायालय ने प्रदेश में 9149 अदालतों के गठन मामले में सरकार से मांगी प्रगति रिपोर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश में 9149 अदालतों के गठन मामले में उच्च न्यायालय प्रशासन समेत राज्य सरकार से प्रगति रिपोर्ट मांगी है। न्यायालय ने कहा कि प्रमुख सचिव विधि/ विधि परामर्शी, अपर मुख्य सचिव वित्त अपने अलग-अलग हलफनामे दाखिल करके इन अदालतों के गठन के लिए हुई प्रगति बताएं। अदालत ने मामले को पहले दिए गए आदेश के तहत 26 नवंबर को सुनवाई के लिए पेश करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश प्रदेश में 9149 अदालतों के गठन मामले में इसी वर्ष स्वयं संज्ञान लेकर दर्ज कराई गई जनहित याचिका पर दिया। इससे पहले अदालत ने राज्य सरकार को जवाबी हलफनामे में 9149 अदालतों के गठन मामले में पहले दिए गए आदेश के तहत हुई प्रगति का ब्योरा पेश करने का आदेश दिया था।

## हर संकट में स्काउट्स-गाइड्स का बड़ा योगदान-केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हर संकट की घड़ी में स्काउट्स एवं गाइड्स ने हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कुंभ मेला, कोरोना काल, बाढ़ और अन्य आपदाओं के समय समाज सेवा में इनका अनुकरणीय सहयोग सभी ने देखा है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने मंगलवार को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती तथा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ड्रोन शो को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स युवा समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और अनुशासन, साहस तथा सेवा भाव का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का उत्तर प्रदेश में आयोजन स्वयं में गौरव का विषय है। श्री मौर्य ने कहा कि युवाओं की ऊर्ज़ा, संकल्प और समर्पण के बल पर भारत सामरिक और आर्थिक दृष्टि से महाशक्ति बनेगा। विकसित भारत के विजन को पूरा करने में देश की युवाशक्ति सबसे बड़ी ताकत है। युवा शक्ति ही परिवर्तन का आधार है, जो राष्ट्र निर्माण के नए आयाम स्थापित करेगी।

# हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने किया पांडुलिपि अध्ययन भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। विश्व धरोहर सप्ताह (19 से 25 नवम्बर, 2025) के समापन अवसर पर मंगलवार को राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय, प्रयागराज में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज के मध्यकालीन इतिहास विभाग की छात्राओं ने दुर्लभ एवं हस्तलिखित ऐतिहासिक ग्रंथों का अवलोकन व अध्ययन किया।

विश्व धरोहर सप्ताह का उद्देश्य भारतीय कला, संस्कृति और साहित्यिक धरोहर के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी कड़ी में आयोजित पांडुलिपि दर्शन कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने प्राचीन ग्रंथों की संरक्षा, संरक्षण तकनीक एवं पांडुग्रंथों की आयु-वृद्धि से संबंधित जानकारी प्राप्त की। संयोजक डॉ. नुजहत फातिमा और शबाना अजीज के नेतृत्व में पहुँची छात्राओं ने पांडुलिपि संरक्षण से जुड़े प्रश्न पूछे तथा शोध में पांडुलिपियों के उपयोग एवं प्रमाणिकता पर जानकारी प्राप्त की। प्राविधिक सहायक हरिश्चन्द्र दुबे और डॉ. शाकिरा तलत ने पांडुलिपियों के रख-रखाव एवं महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने भारत की प्रमुख लिपियों—ब्राह्मी, खरोष्ठी, अरबी, फ़ारसी आदि—के विकास क्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में असित कुमार हलदर की कलाकृतियाँ, सचित्र रामचरितमानस, फ़ारसी रामायण-महाभारत, ऋग्वेद, सामवेद, विष्णु पुराण, चरक संहिता, मुगलकालीन फरमान, आईने अकबरी, ताड़पत्र पांडुलिपियाँ सहित अनेक महत्वपूर्ण धरोहरों का अवलोकन कराया गया। समापन सत्र में उन आचार्यों व सह-आचार्यों को सम्मानित किया गया जिनके नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने भ्रमण में सहभागिता की। सम्मानित गुरुजनों में—प्रो. रत्ना शर्मा (श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय), डॉ. नीरज कुमार सिंह, डॉ. अंशु, डॉ. विजय (सीएमपी डिग्री कॉलेज), डॉ. हरेंद्र नारायण सिंह (इलाहाबाद डिग्री कॉलेज), प्रो. मीना श्री, डॉ. प्रमा द्विवेदी (जगत तारन गर्ल्स कॉलेज), डॉ. नुजहत फातिमा एवं शबाना अजीज (हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज) शामिल रहे। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. हरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि धरोहर मूर्त और अमूर्त दोनों रूपों में हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है। प्रो. रत्ना शर्मा ने शोध कार्य में पांडुलिपियों की प्राथमिक भूमिका पर बल दिया। वहीं, डॉ. नीरज कुमार सिंह ने धरोहर संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। अतिथियों के स्वागत व आभार ज्ञापन पांडुलिपि अधिकारी श्री गुलाम सरवर द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन हरिश्चन्द्र दुबे ने किया।

इस अवसर पर रोशन लाल, अजय कुमार मौर्य, मो. शफीक, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इलाहाबाद विवि के छात्रों का चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों का विरोध-प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। छात्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निलंबित किए गए छात्रों का निलंबन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि निलंबन की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है और इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना चाहिए। छात्रों ने छात्र संघ बहाली की मांग को भी प्रमुख रूप से उठाया। उनका कहना है कि छात्र संघ परिसर में लोकतांत्रिक वातावरण सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसकी बहाली छात्रों की आवाज़ को मजबूती देगी। विभिन्न छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और विश्वविद्यालय गेट पर शांतिपूर्ण धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और अधिकारियों द्वारा छात्रों से वार्ता करने की संभावना जताई जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला न्यायालय परिसर से शनिवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने आगामी 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन के साथ विभिन्न बैंकों के प्रबंधकगण एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपस्थित रहे। पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा पूरे शहर में लोक अदालत के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें आमजन को विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत की उपयोगिता बताई गई। इस अवसर पर रविकांत, नोडल अधिकारी लोक अदालत/एडीजे और दिनेश कुमार गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/एडीजे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सूचित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार का कार्य पूरे जनपद में संचालित किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि वह दिनांक 13.12.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों/मुकदमों को चिन्हित कर स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर वादों का शीघ्र एवं निःशुल्क निस्तारण कराएँ।

# वरिष्ठ उप महालेखाकार की अध्यक्षता में सामान्य भविष्य निधि कार्यशाला/अदालत का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। ऑडिट दिवस 2025 के अंतर्गत महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय प्रयागराज द्वारा सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खाता धारकों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के संगम सभागार में जीपीएफ कार्यशाला/अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उप महालेखाकार अभिषेक कुमार ने की।

कार्यशाला में उप महालेखाकार विजय सिंह पंवार, मुख्य कोषाधिकारी प्रत्युष कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह सहित महालेखाकार कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी अवनीश कुमार, श्रीश शुक्ला, जितेंद्र कुमार सिंह तथा जनपद के विभिन्न विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारी, लेखाधिकारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ उप महालेखाकार अभिषेक कुमार ने निर्देशित किया कि समस्त जीपीएफ प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत प्रेषित किया जाए तथा ऑनलाइन प्रेषित प्राधिकार पत्रों पर भुगतान भी समय-सीमा में सुनिश्चित रहे। उन्होंने बताया कि जीपीएफ से संबंधित सभी भुगतान अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिसका लाभ आहरण एवं वितरण अधिकारी समय-समय पर पोर्टल के माध्यम से जांच कर अभिदाताओं तक सहज रूप से पहुँचाएँ। कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों के जीपीएफ मिसिंग क्रेडिट, भुगतान एवं लम्बित प्रकरणों, एनपीएस से जीपीएफ में स्थानांतरण, खाता संबंधी त्रुटियों तथा अन्य तकनीकी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने इन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के अंत में उप महालेखाकार विजय सिंह पंवार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अयोध्या में जब-जब राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष हुए सिख कभी पीछे नहीं हटे: योगी

## श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों की ओर से किए श्रद्धासुमन अर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि साम्राज्य आए गए, पीढ़ियां आईं गईं, मगर एकमात्र अडिग थी आस्था और इसी के कारण आज हम अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की पूर्णता, धर्म ध्वजा की स्थापना और इस कार्यक्रम के आयोजन में यहां सम्मिलित हो रहे हैं।

अयोध्या में जब-जब राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष हुए, तब सिख गुरुओं, योद्धाओं, संतों, निहंगों, राजाओं व सामान्य नागरिकों ने बलिदान देने में एक क्षण भी नहीं सोचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें सिख पंथ के नौवें गुरु तथा हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहीं। मंगलवार को ऐशबाग के डीएवी कॉलेज में आयोजित विशेष गुरुमति समागम में उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेका और शबद कीर्तन का श्रवण किया। उन्होंने नवम सिख गुरु तेग बहादुर महाराज, भाई मति दास, भाई सती दास व भाई दयाला की स्मृति को कोटि-कोटि नमन कर करोड़ों प्रदेशवासियों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि सत्य को कोई धूमिल नहीं कर सकता। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी द्वारा सिरोपा, कृपाण और गुरु साहिब की फोटो देकर सम्मानित किया गया। आज का दिन है प्रेरणा का दिवस मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा देश इस कार्यक्रम के साथ जुड़ा हुआ है। आज का दिन हम सबके लिए प्रेरणा का दिवस है। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर को इतनी यातना इसलिए दी गई क्योंकि मुगलों ने पूरे भारत का इस्लामीकरण करने की मुहिम चला रखी थी। औरंगजेब जैसा क्रूर बादशाह मनमानी करने पर उतर आया था। तिलक मिटाने और जनेऊ तोड़ने के लिए उसने देशभर में अत्याचार किया। कश्मीर में जब उसके अत्याचार की पराकाष्ठा हो गई और अफगान खान जैसा सिपहसालार वहां अत्याचार करने लगा, तब पंडित कृपाराम को जब कहीं शरण नहीं मिली तो वे गुरु महाराज के चरणों में जाकर उनकी याचना करने लगे। गुरु गोबिंद सिंह महाराज उस समय मात्र 9 वर्ष के थे। उन्होंने गुरु तेग बहादुर से कहा कि याचना हो रही है, आप कह रहे हैं किसी बड़े



व्यक्ति को बलिदान देना होगा, तो भला आपसे बड़ा कौन है। गुरु तेग बहादुर महाराज के बलिदान को किया याद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर महाराज ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई। उन्हें कैद कर लिया गया। भाई मति दास को पहले यातना दी जाती है, उन्हें आरी से चीरा जाता है। भाई सती दास को रुई से लपेटकर आग लगाई जाती है और भाई दयाला को उबलते हुए पानी के देग में डालकर बलिदान कर दिया जाता है। गुरु तेग बहादुर महाराज तब भी अपने धर्म-संकल्प से डिगे नहीं, तो उनके साथ कितनी बड़ी क्रूरता बरती गई। जब हम इतिहास के उन क्रूर क्षों को स्मरण करते हैं तो हमें लगता है कि यातनाएं न केवल गुरु परंपरा ने सही थीं, बल्कि वक्त आने पर उससे टक्कर लेने के लिए खुद को तैयार भी किया था। गुरु गोबिंद सिंह महाराज को जब हम स्मरण करते हैं तो पाते हैं कि मात्र 9 वर्ष की उम्र में जिन्होंने अपने गुरु व पिता को खोया हो, जिनके चारों साहिबजादे सनातन की रक्षा करने के लिए बलिदान हो गए हों, दुनिया में बहुत कम ऐसा उदाहरण देखने को मिलता है। वे एक शहीद पिता के पुत्र हैं तो शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। बाबर को जाबर कह गुरु नानक देव ने किया था विरोध मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि अयोध्या की पावन धरती पर आपके बीच आया हूं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अयोध्या आए थे। श्रीरामजन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सनातन के भगवा ध्वज का आरोहण राम मंदिर के शिखर पर एक भव्य समारोह में हुआ है। यही वह भगवा ध्वज है, जिसकी रक्षा करने के लिए सिख गुरुओं की परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी बलिदान करती आई है। याद करिए, वर्ष 1510 से लेकर 1515 के बीच प्रथम गुरु नानक देव जी महाराज अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का दर्शन करने जाते हैं। वर्ष 1528 में विदेशी आक्रांता बाबर के सिपहसालार द्वारा मंदिर को तोड़ा गया। उस समय बाबर के अत्याचार को देखते हुए गुरु नानक देव महाराज ने बाबर को जाबर कहकर उसके कुकृत्यों का विरोध किया था। आस्था बनी महायज्ञ की साक्षी मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के बारे में यह बात हम सबको स्मरण रखनी होगी कि जो आस्था 500 वर्षों के बाद श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के महायज्ञ की साक्षी बनी है, वही आस्था आज इस कार्यक्रम में भी हम सबको देखने को मिल रही है। 350 वर्षों के बाद भी हर सिख, हर सनातनी गुरु तेग बहादुर महाराज व सभी शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपनी आस्था व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यही बात मैं आप सबको स्मरण दिलाने के लिए आया हूं। गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों को जो सम्मान तब मिलना चाहिए था, वह 2020 में मिला। पहले मुख्यमंत्री आवास में कार्यक्रम हुआ और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 26 दिसंबर की तिथि को सदैव के लिए वीर बाल दिवस के रूप में समर्पित करते हुए उन चारों साहिबजादों की स्मृति को जीवंत बना दिया गया है। यह आने वाली पीढ़ी, हर नौजवान व हर युवा को बताता है कि जो भी देश और धर्म के लिए कुछ करेगा, उसके प्रति समाज इसी प्रकार से कृतज्ञता ज्ञापित करेगा। वही कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर हम सभी के सामने आज का यह दिवस भी है। याहियागंज गुरुद्वारा है गौरवशाली क्षणों का साक्षी मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि लखनऊ को गुरु तेग बहादुर महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ था। लखनऊ के याहियागंज गुरुद्वारे में गुरु तेग बहादुर महाराज के आगमन के समय गुरु गोबिंद सिंह महाराज शिशु अवस्था में थे। वह स्मृति आज भी उसी रूप में याहियागंज में हम सभी को देखने को मिलती है। वहां का तेज व प्रताप सिख परंपरा के गौरवशाली क्षणों का साक्षी है। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, दानिश अंसारी, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह जी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, सरदार सतनाम सिंह, सरदार दलजीत सिंह, मनमीत सिंह, आनंद मोहन तिवारी व अन्य उपस्थित रहे। बॉक्स पूरी दुनिया में है योगी आदित्यनाथ का सम्मान: औलख राज्य सरकार के मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने कहा कि औरंगजेब ने सनातन धर्म को खत्म करने का बीड़ा उठाया, तो उसे लगा कि कश्मीर के पंडितों का धर्म परिवर्तन करने से पूरे देश के इस्लामीकरण में मदद मिलेगी। पंडित कृपाराम की अध्यक्षता में सभी ने सलाह की कि गुरु तेग बहादुर ही रक्षा कर सकते हैं। गुरु जी महाराज ने तब मुगलों से कहा कि अगर आप मेरा धर्म परिवर्तन कर सकते हैं तो फिर सबका कर सकते हैं। गुरु जी ने स्नान कर जपजी साहिब का पाठ किया और फिर शीश काटने की आज्ञा दी जिसे जल्लादों ने पूरा किया।

# धूमधाम से शुरू हुआ पौराणिक करोरा मेला महोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। करोरा बाजार स्थित बाबा रघुवर दास मंदिर परिसर में मंगलवार को पौराणिक करोरा मेला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

मेले का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत मेला आयोजक नीरज त्रिवेदी, संरक्षक एवं आरएसएस मोहनलालगंज खंड कार्यवाह गिरीश त्रिवेदी, रिपुदमन तिवारी, के.पी. सिंह, दीपक तिवारी, प्रधान सुधीर विश्वकर्मा सहित मेला कमेटी के सदस्यों ने माला और अंगवस्त्र पहनाकर किया। मेला आयोजक नीरज त्रिवेदी ने बताया कि यह पौराणिक मेला कई वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है। अगहन मास की बसंत पंचमी पर लगने वाला यह साप्ताहिक मेला क्षेत्र में विशेष आकर्षण का केंद्र होता है, जिसमें भारी भीड़ उमड़ती है। यह मेला 25 नवम्बर से एक दिसम्बर तक लगेगा। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से नगराम थाना पुलिस टीम मुस्तैद रही। मेला कमेटी के संतराम शर्मा, रज्जन मिश्रा, मयंक गुप्ता, प्रवीण तिवारी सहित सभी सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# बस और डीसीएम टकराई, एक की मौत, आधा दर्जन घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब सात बजे एक बारात जा रही बस और डीसीएम में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए, वहीं एक बाराती की मौत हो गई और करीब आधा दर्जन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। बस ग्राम लखैतामाफी थाना बल्दीराज जिला सुल्तानपुर से बारात लेकर जनपद इटावा जा रही थी जिसमें लगभग 30 से 35 लोग सवार थे। बस जब राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में आउटर रिंग रोड पर अनूप खेड़ा के पास थी तभी डीसीएम द्वारा सामने से टक्कर मार दी गई। जिसमें बस चालक व डीसीएम के कंडक्टर को पैर में चोट आई तथा बस में सवार बारातियों में से लगभग 6 से 7 लोगों को चोटें आईं दो लोग के पैर में चोट है, वहीं 1 व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई जिसको डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम,पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सभी को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मौके से दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को क्रेन के माध्यम से साइड में करवा कर ट्रैफिक चालू किया गया।

## निवेश के नाम पर रुपए हड़पने का आरोप

**सरोजिनी नगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में पति-पत्नी सहित उनके बॉस पर निवेश के नाम पर रुपए हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित ने एसीपी कृष्णा नगर से शिकायत की जिसके बाद सरोजिनी ने पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। आलमबाग निवासी देश बन्धु शर्मा ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उनके घर के पड़ोस में श्यामकांत तिवारी रहते थे जो अब सरोजनी नगर में रहते हैं। देशबंधु शर्मा ने बताया कि उनके पड़ोसी रहे श्यामकांत तिवारी ने करीब पांच वर्ष पहले उन्हें एलयूसीसी कंपनी में किस्तों के माध्यम से पैसा निवेश करने के लिए प्रेरित किया था।शर्मा का आरोप है कि जब कंपनी से रकम वापस आई तो श्यामकांत ने भुगतान में मनमानी की थी। बाद में उनके बॉस के हस्तक्षेप के बाद ही उन्हें अपनी रकम मिली थी। इसके बाद, देशबंधु शर्मा का कहना है कि श्यामकांत 'टारगेट पूरा करने' के नाम पर दोबारा निवेश करने की बात करने लगे, बार-बार कहने के कारण देशबंधु ने श्यामकांत की पत्नी उपासना श्याम तिवारी के नाम से चेक देकर दोबारा निवेश कर दिया। पीड़ित को कुछ समय बाद पता चला कि संबंधित कंपनी बाजार से भाग चुकी है। जब उन्होंने अपनी जमा राशि वापस मांगी तो अब आरोपी पैसा लौटाने से इनकार कर रहे हैं। फिलहाल, सरोजनी नगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## उपहार में मिली एलईडी टीवी चेहरे पर खुशी



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज के खुजौली स्थित श्री बालाजी टीवीएस एजेंसी पर एक ग्राहक को कंपनी की ओर से एलईडी टीवी मिलने पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्राहक ने बीते धनतेरस पर टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल खरीदी थी। लगभग एक माह बाद कंपनी से पुरस्कार की सूचना मिलने पर वह खुशी से झूम उठा। एजेंसी के डीलर बृजेश द्विवेदी ने बताया कि निगोहां के दयालपुर निवासी मोहम्मद अर्शलान ने धनतेरस पर टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल खरीदी थी। लकी ड्रा में उनका नाम चयनित होने पर कंपनी ने उन्हें एलईडी टीवी भेंट किया। इस अवसर पर शुभम गुप्ता, अजय मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बंद मकान से 25 लाख के जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**सरोजिनी नगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में बीते लंबे अरसे से चोरों द्वारा बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस की सक्रियता व चोरों पर लगाम के तमाम दावे जमीन पर फ़ेल नजर आ रहे हैं। थाना क्षेत्र में बीती 22 नवंबर को भी कुछ ऐसा ही हुआ जहां गंगागंज अमौसी निवासी पूनम सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह करीब 5 बजे अपने गृह जनपद सराय आना देव थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ सपरिवार गई थीं, और जब वह 24 तारीख को वापस लौटीं तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा है। चोरी की आशंका पर पूनम ने तुरंत सरोजिनी नगर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ जब घर में घुसकर जांच पड़ताल की गई तो परिजनों के होश उड़ गए। घर की अलमारी व लाकर में रखे सभी जेवरात चोरी हो चुके थे। पूनम सिंह के अनुसार चोरी हुए जेवरातों की कीमत करीब 25 लाख रुपए थी। फिलहाल पीड़िता की शिकायत पर सरोजिनी नगर पुलिस ने चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंथरा पुलिस ने मंगलवार को बीते दिनों स्थानीय थाने पर दर्ज एक दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के अनुसार बीती 23 नवंबर को इलाके की एक गांव निवासी महिला जब घर में अकेली थी तभी मौका पाकर पड़ोसी प्रदीप पुत्र छेदीलाल जबरदस्ती घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता के पति द्वारा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पति के अनुसार वह परिजनों के साथ काम करने बाहर गया था, तभी मौका पाकर पड़ोसी प्रदीप ने जबरदस्ती घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया और बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बंथरा पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही थी, इसी दौरान मंगलवार को अंबेडकर नगर मोड़ के पास से अभियुक्त प्रदीप को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

# विंग कमांडर सुजाता तिवारी ने स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों को किया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चल रही 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में आज भारतीय वायुसेना की वरिष्ठ अधिकारी विंग कमांडर सुजाता तिवारी ने स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों को प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड आंदोलन युवा पीढ़ी को अनुशासन, सेवा, साहस और सामाजिक जिम्मेदारी की वास्तविक शिक्षा देता है। ऐसे कार्यक्रम भविष्य का नेतृत्व तैयार करते हैं। बच्चों ने उनसे सीधे प्रश्न-उत्तर कर सीखने का अवसर प्राप्त किया। उनके प्रेरक संबोधन ने युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व की भावना को और सुदृढ़ किया। भारत स्काउट-गाइड द्वारा आयोजित इस 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में पहुंची विंग कमांडर सुजाता तिवारी वर्ष 1999 में भारतीय वायुसेना की प्रशासनिक शाखा में कमीशंड हुईं और उन्होंने देश-विदेश में महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। वर्तमान में वे भारतीय वायुसेना मुख्यालय में नियुक्त हैं। उनके प्रेरक सत्र के पश्चात स्काउटऽगाइड प्रतिभागियों ने सेक्शन का भ्रमण किया। इस भ्रमण ने बच्चों को आधुनिक उपकरणों, संचार व्यवस्था, आपदा प्रबंधन प्रक्रिया और तकनीकी कार्यप्रणालियों से रूबरू कराया। कार्यक्रम में भारत स्काउट -गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह , डॉ. प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त , डॉ. राजेश मिश्रा राज्य आयुक्त स्काउट , डॉ. ललिता प्रदीप राज्य आयुक्त गाइड तथा देवेंद्र बल्यान मुख्यालय आयुक्त उपस्थित रहे। सत्र के अंत में जम्बूरी की परंपरा अनुसार विंग कमांडर सुजाता तिवारी को कार्यक्रम की स्मृति स्वरूप जम्बूरी का पवित्र शुभंकर-प्रतीक शार्दू भेंट किया गया। जम्बूरी परिसर में बच्चों की जोशपूर्ण भागीदारी और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने इस सत्र को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के सबसे प्रभावशाली और प्रेरणादायक आयोजनों में शामिल कर दिया।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वयंसेवक क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति रहे जबकि महानिदेशक नागरिक सुरक्षा ध्रुवकांत ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मून हॉल में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रथम बैच के प्रशिक्षण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसेवकों को नवीनतम तकनीकों और जानकारियों से अवगत कराते हैं। केंद्र सरकार द्वारा देशभर के नागरिक सुरक्षा नगरों में 360 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किए जाने की योजना के तहत लखनऊ में प्रथम चरण में 90 स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है।मंत्री ने स्वयंसेवकों से प्रशिक्षण को



गंभीरता से लेने की अपील करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक स्वयंसेवक अपने आसपास के चार लोगों को भी प्रशिक्षित करेगा तो यह श्रृंखला दूर तक जाएगी और आपदा प्रबंधन के उपाय जन-जन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इससे अधिक लोग नागरिक सुरक्षा से प्रेरित होकर जुड़ेंगे।

महानिदेशक नागरिक सुरक्षा ध्रुवकांत ठाकुर ने स्वयंसेवकों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि वे हर आपदा में तत्परता से सहयोग करते हैं और लखनऊ में त्योहारों को शांतिपूर्ण बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि नई विधाओं से परिचित होने और कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।अपर जिलाधिकारी पूर्वी महेंद्र पाल सिंह ने प्रशिक्षण की उपयोगिता बताते हुए कहा कि जैसे मोबाइल समय-समय पर अपडेट की मांग करता है वैसे ही स्वयंसेवकों की क्षमताओं को नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से अपडेट किया जाना आवश्यक है।कार्यक्रम में लखनऊ के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा ने सभी अतिथियों का बुके अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा सिविल डिफेंस की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मौके पर सिविल डिफेंस की एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई।

# आयुर्वेद एवं अष्टांग योग जागरूकता शिविर का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी-ब्लॉक, राजाजीपुरम में अष्टांग योग और आयुर्वेद आधारित विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर, आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के डॉ. एस.पी. सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार ने डॉ. एस.पी. सिंह का हार्दिक स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने कहा कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए सात्त्विक आहार, नियमित दिनचर्या, नैतिक अनुशासन, योग आसन और प्राणायाम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित भोजन, समय पर आराम, मोबाइल के सीमित उपयोग, यम-नियम के पालन तथा ताड़ासन, वज्रासन, शीर्षासन और भुजंगासन जैसे आसनों का नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। डॉ. सिंह ने बताया कि अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और नाड़ी शोधन जैसे प्राणायाम तनाव, अनिद्रा, चिंता और उच्च रक्तचाप में अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अष्टांग योग और आयुर्वेद केवल उपचार नहीं, बल्कि अनुशासित और स्वस्थ जीवन का वैज्ञानिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम 17 नवंबर से 24 नवंबर तक एलपीएस की लखनऊ स्थित सभी ब्रांचेस में आयोजित किया गया जिसका आज समापन था। अंत में उन्होंने जनरल मैनेजर हर्षित सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार, सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# भाजपा सरकार में हर जगह बिचौलिए हाबी: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को अराजकता की तरफ धकेल दिया है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हैं। किसानों को खाद बीज नहीं मिल रहा है, धान की खरीद नहीं हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है, हर जगह बिचौलिए हावी है। भूमाफिया सरकारी और गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और अवैध कारोबारियों को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं मरीज का जान ले रहीं हैं। अस्पतालों में मरीजों का ठीक ढंग से इलाज नहीं हो पा रहा है।

सरकार ने एंबुलेंस सेवाओं को भी बर्बाद कर दिया। मिर्ज़ापुर में एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से मरीज की मौत होना दुखद है। कन्नौज के गुरसहायगंज में एंबुलेंस के देरी से आने पर मरीज की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में डॉक्टर और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। भाजपा सरकार नौ साल में ना तो डॉक्टरों की कमी पूरी कर पाई और ना मेडिकल कॉलेज में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा पाई। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार की सारी दावे झूठे हैं। इसी तरह से प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही, अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। गोरखपुर में मां बेटी की घर में घुसकर बेरहमी से हत्या, शर्मनाक है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को संभालने के बजाय सिर्फ बड़े बड़े दावे करके अपनी पीठ थपथपाती है। कानून व्यवस्था पर जीरो बैलेंस का दावा जीरो और झूठा है। भाजपा सरकार के झूठ और लूट से किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान और त्रस्त है।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 148-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 18.12.2025 समय (11:30 Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT संख्या | 148-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 24.11.2025 |
| निविदा संख्या | 148-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | ओएचई के संबंधित संशोधन के साथ वाराणसी में काशी और लोहता छोर में 25 केवी 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी, सब-सेक्शनिंग और पैरेललिंग पोस्ट का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 4,83,61,061.37 (चार करोड़ तिरासी लाख इकसठ हजार इकसठ रूपये और सैंतीस पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | रु. 3,91,800/- |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 18.12.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है। | 04.12.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 18.12.2025 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार |

ध्यान दें : 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No. 148-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 24.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3652/25

# एसपी सिटी ने थाना रोजा का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

**एसपी सिटी ने सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण गुणवत्ता डिजिटाइजेशन कार्य एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार ने थाना रोजा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया और थाना स्तर पर संचालित कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण की स्थिति और समग्र पुलिस व्यवस्था का अवलोकन व मूल्यांकन किया। निरीक्षण की शुरुआत अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जीडी, चालान व मालखाना अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के परीक्षण से की गई।



इसके बाद एसपी सिटी ने सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण गुणवत्ता डिजिटाइजेशन कार्य एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता स्थिति का जायजा लिया। साथ ही मुकदमों में दाखिल किए गए वाहनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उनके सुव्यवस्थित रखरखाव की भी समीक्षा की। इस दौरान एसपी सिटी ने थाने में साफ सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, समयबद्ध निस्तारण, फरियादियों के प्रति व्यावहारिक शालीनता एवं प्रोफ़ेशनल पुलिसिंग के निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। कहा कि महिला सुरक्षा से संबंधित मामलों में प्राथमिकता, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गश्त, पिकेटिंग में सतर्कता तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाएं। एसपी सिटी ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्कता, अनुशासन, स्वच्छता, व्यवहारिक सौम्यता एवं प्रोफ़ेशनल दक्षता के साथ कर्तव्य का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# समर संग्राम की फिल्म शूटिंग के दौरान अभिनेता के द्वारा किया गया पूजा अर्चना

**इस फिल्म में लहरपुर के स्थानीय कलाकारों को भी अवसर दिया जाएगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर, सीतापुर। अवध गंगा फिल्म, एवं एटरप्राइजेज के बैनर तले बनने वाली भोजपुरी फिल्म समर संग्राम की शूटिंग आज 25 नवंबर को पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। यह फिल्म लहरपुर के विभिन्न स्थलों पर शुरू होने जा रही है।

फिल्म में पारिवारिक ड्रामा, एक्शन ,रोमांस , और कॉमेडी का मिश्रण दर्शकों को देखने को भी मिलेगा शूटिंग के दौरान लहरपुर नगर के कई प्रमुख स्थानों पर अलग-अलग सीन फिल्माए जाएंगे फिल्म के निर्देशक सचिन यादव ने बताया कि इस फिल्म में अभिनेता संग्राम सिंह और अभिनेत्री मधु सिंह राजपूत की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को खासा पसंद आएगी भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह के द्वारा बताया गया इससे पहले भी



कई फिल्म की शूटिंग हो चुकी है ।जिनमें मोहे रंग दे प्यार के रंग ,सजना ,इश्क नचाए बीच बाजार ,और जीयब तोहरे खातिर भी शामिल है। समर संग्राम फिल्म नए साल में रिलीज होगी फिल्म निर्माता अभिनेता संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि समर संग्राम उनकी चौथी फिल्म है। जिसकी शूटिंग आज लहरपुर के विभिन्न लोकेशनों पर की जाएगी उन्होंने कहा कि इस फिल्म में लहरपुर के स्थानीय कलाकारों को भी अवसर दिया जाएगा ताकि वह भोजपुरी उद्योग में अपनी अलग पहचान बना सके उन्होंने लहरपुर वासियों द्वारा मिला गर्म जोशी और प्यार आशीर्वाद के लिए दिल से धन्यवाद व्यक्त किया है। और उन्होंने उम्मीद जताई है ।कि हमारे लहरपुर की जनता हमारा पूरा सहयोग करेगी आगे भी अपेक्षा करते हैं इस मौके पर फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल के साथ-साथ पूरी टीम मौजूद रहे।

# युवती की गला रेतकर हत्या, खेत में मिला शव, हत्यारोपी की तलाश में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव इटोरा गौटिया में एक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवती का शव खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ एसपी ने मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली और टीम गठित कर खुलासे के निर्देश दिए। वहीं, फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारोपी की तलाश में है।



थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव इटोरा गौटिया निवासी मदनपाल की 22 वर्षीय पुत्री मैना देवी का शव आज घर से कुछ दूर खेत में पड़ा मिला। मैना की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई थी। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि युवती का किसी युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी होने पर उसके भाई ने धारदार हथियार से युवती की गला रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। वहीं, एसपी ने घटना के खुलासे के लिए तीन टीम गठित की हैं। एसपी ने कहा कि जल्द घटना का खुलासा होगा और हत्यारोपी पुलिस गिरफ्त में होगा।

# एक करोड़ रुपए से होगा माँ गौरी देवी मंदिर का जीर्णोद्धार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौरी देवी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता को दिया एक करोड रुपए का अनुदान**

खैराबाद, सीतापुर। 200 वर्ष से भी पूर्व जीर्णोद्धार किए गए गौरी देवी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है जिसमें नगर पालिका परिषद पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त के द्वारा रुपया एक करोड़ से गौरी देवी मंदिर को सुंदर बनाकर इसका पुनः जीर्णोद्धार कराया जाएगा इसके लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है यह जानकारी देते हुए पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त ने बताया कि अति प्राचीन गौरी देवी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा एक करोड रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जिससे कि गौरी देवी मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा गौरी देवी मंदिर के जीर्णोद्धाकी खबर तथा अनुदान मिलने पर श्रद्धालुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया है गौरी देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा तथा प्रबंधक अवधेश ने बताया कि पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता से मंदिर कमेटी के लोगों के द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अनुदान हेतु प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री जी को दिया गया था जिस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल दिनांक 24 नवंबर 2025 को पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा अभिषेक गुप्त को अनुदान प्रदान किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता ने बताया कि मां गौरी देवी मंदिर सभी श्रद्धालु की आशा तथा इच्छा के अनुरूप एक करोड़ रूपया प्राप्त हो गया है अब मंदिर में श्रद्धालुओं को कोई भी तकलीफ नहीं होने पाएगी। अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मां गौरी देवी मंदिर को अत्याधुनिक ढंग से बनाकर इसे अति सुंदर बनाया जाएगा तथा इसके सुंदरीकरण का कार्य पालिका स्तर से तथा उनके व्यक्तिगत प्रयासों से बराबर किया जा रहा है! गौरी देवी मंदिर के जीर्णोद्धार की खबर पाकर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता सभासद आलोक बाजपेई राकेश त्रिपाठी संदीप मिश्र प्रभात मिश्रा अरविंद मिश्रा अवधेश मिश्रा आलोक बाजपेई विवेक बाजपेई सभासद उमेश जायसवाल गुल्लू गुप्ता रवि जायसवाल कुलदीप जायसवाल आदि ने हर्ष व्यक्त कर किया है

## राम जानकी मंदिर तुलसी बाड़ी में ब्रह्मलीन स्वामी राम दास महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर भव्य भंडारा



सीतापुर। नैमिषारण्य स्थित श्री राम जानकी मंदिर तुलसी बाड़ी परिसर में मंगलवार को ब्रह्मलीन स्वामी राम दास महाराज की 23वीं पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन, हवन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ पुण्यतिथि का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और स्वामी राम दास महाराज के दिखाए मार्ग को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे उन्नाव के सांसद डॉक्टर साक्षी महाराज। उनके आगमन पर भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। साक्षी महाराज ने मंदिर में दर्शन किए, प्रसाद ग्रहण किया और कहा कि ल्लनैमिष तीर्थ सदियों से आस्था का केंद्र रहा है। स्वामी राम दास महाराज जैसे संतों की आध्यात्मिक परंपरा ने इस तीर्थ की पवित्रता और महत्व को और बढ़ाया है।ङ्क उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन और आयोजन राम दास द्वारा किया गया। मंच पर अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह लोधी, प्रधान बसंत राजपूत, गंगा चरण राजपूत, प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख विजय भार्गव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2025 में खीरी के बीएलओ.ने कर दिया कमाल

**मात्र 20 दिनों में कर दिखाया शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का 'अविश्वसनीय' लक्ष्य पूरकलेक्ट्रेट में डीएम ने किया सम्मानित, विधानसभा स्तर पर भी हुए सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2025 के तहत लखीमपुर खीरी ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने उन बीएलओज़ को सम्मानित किया, जिन्होंने मात्र 20 दिनों के भीतर गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर दिया।142-लखीमपुर, 140-श्रीनगर और 139-गोला विधानसभा क्षेत्रों की बीएलओ रंजना, पूनम, अल्का, पवन, मनीषा और



तौहीद बेग ने निर्धारित अवधि से पहले ही पूरा लक्ष्य हासिल कर जिले को प्रदेश में एक मजबूत उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में डीएम के निर्देश पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया।जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत लखीमपुर खीरी जिले के बीएलओज़ ने अत्यंत कम समय में प्रशंसनीय कार्य किया है। मात्र 20 दिनों में गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। सभी बीएलओ ने समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य कर निर्वाचन प्रक्रिया को गति प्रदान की है।*नवाचार की नई मिसाल : तौहीद बेग का 'नजरी नक्शा' हुआ चर्चा का केंद्र*गोला विधानसभा के बीएलओ तौहीद बेग ने अपने बूथ पर नवाचार की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य तो रिकॉर्ड समय में पूरा किया ही, साथ ही अपने पूरे बूथ क्षेत्र के प्रत्येक घर का नजरी नक्शा तैयार कर बूथ की भौगोलिक सटीकता को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस नवाचार को ल्लउत्कृष्ट कार्य–काबिले तारीफङ्क बताते हुए तौहीद बेग को विशेष शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दहेज मांगने पर लड़के पक्ष ने बारात रोकी पीड़ित परिवार पहुँचा एसपी के सामने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शारदानगर, खीरी। थाना शारदानगर क्षेत्र के ग्राम बेहननपुरवा से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां दहेज की लालच में एक नाबालिग बेटी और उसका परिवार मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो गया।ग्राम बेहननपुरवा निवासी मुन्ना पुत्र अब्बास अली ने अपनी बेटी का निकाह चंदपुरा निवासी जावेद पुत्र अकबर अली के साथ तय किया था।

शादी की तारीख नजदीक थी, तैयारियाँ पूरी हो चुकी थीं, लेकिन अचानक लड़के पक्ष ने बुलेट मोटरसाइकिल की मांग सामने रख दी।परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह मांग पूरी न हो सकी। इसके बाद लड़के पक्ष ने बारात लाने से ही साफ इनकार कर दिया, जिससे लड़की पक्ष पर जैसे संकट का पहाड़ टूट पड़ा।अचानक निकाह टूटने से बेटी और उसके पिता गहरे सदमे में हैं।




अपमानजनक स्थिति में फँसे परिवार ने न्याय की उम्मीद में पुलिस अधीक्षक के सामने पहुंचकर पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी, और कार्रवाई की मांग की।गांव में इस घटना को लेकर आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि दहेज जैसी कुरीतियों के कारण गरीब परिवारों की बेटियों को आज भी मानसिक और सामाजिक यातनाएँ झेलनी पड़ रही हैं।पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर ली है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

## किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें: सीओ



शाहजहांपुर । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत ने नगर क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना कोतवाली व थाना सदर बाजार क्षेत्र मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण किया और कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा जनसुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से वार्ता की और उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अधिक सतर्कता, सक्रियता एवं विनम्रता के साथ जनता से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस की उपस्थिति को मजबूत किया। इस दौरान क्षेत्रीय थाना प्रभारी निरीक्षक और थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, गंभीर घायल

धौरहरा खीरी। कस्बा धौरहरा में मंगलवार दोपहर एक ऐसा भीषण सड़क हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। अपनी स्कूटी से घर लौट रहे मुन्ना त्रिवेदी को तेज रफ्तार बोलेरो UP31 4400 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुन्ना त्रिवेदी बोलेरो के फ्रंट हिस्से में फँस गए और वाहन उन्हें कई मीटर तक सड़क पर बेरहमी से घसीटता हुआ आगे ले गया।हादसे के बाद सड़क पर दिल दहला देने वाला मंजर था। कई मीटर तक घिसटने के निशान और जगह-जगह खून देखने से लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने घायल मुन्ना त्रिवेदी को तुरंत अस्पताल पहुँचाया।सूत्रों के अनुसार हादसे में उनके पैर का हिस्सा भी बुरी तरह कट गया है, जिसके कारण उनकी हालत और अधिक गंभीर हो गई है। डॉक्टरों ने उन्हें बेहद नाजुक अवस्था में उपचार के लिए भर्ती किया है।बुलेरो का चालक बबलू (पुत्र अलीहुसैन), निवासी मिहीपुरवा, बताया जा रहा है, जबकि वाहन मालिक के रूप में फिरोज़ खान का नाम सामने आया है।सूचना मिलते ही धौरहरा पुलिस मौके पर पहुँची और बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने ड्राइवर की लापरवाही, वाहन की गति और हादसे की परिस्थितियों को लेकर गंभीर जांच प्रारंभ कर दी है।हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर कार्रवाई न होने से ऐसी घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और सख्त नियंत्रण के उपाय करने की मांग उठाई है।

## समाजसेवा की मिसाल: अतुल तिवारी एवं सुयश प्रताप सिंह के नेतृत्व में राहगीरों को भोजन व पानी वितरण



सिधौली। भाजपा जिला संयोजक सोशल मीडिया एवं समाजसेवी अतुल तिवारी जी तथा समाजसेवी सुयश प्रताप सिंह जी के नेतृत्व में आज एक सराहनीय मानवीय सेवा कार्य किया गया। दोनों समाजसेवियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सिधौली के विभिन्न स्थानों विशेषकर सिधौली रेलवे स्टेशन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–पर राहगीरों, अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन के पैकेट और पानी की बोतलें वितरित कीं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की खुले दिल से प्रशंसा की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इस सेवा कार्य में कई युवा उत्साहपूर्वक शामिल रहे जिनमें प्रमुख रूप सेअनुराग मिश्रा उर्फ जय जय, विवेक त्रिवेदी, रचित मिश्रा, आयुष मिश्र, नैनिक रस्तोगी, गौरव सोनी सहित अन्य कई युवा साथी मौजूद रहे। इन युवाओं द्वारा किए गए इस मानवता-सेवी कार्य ने क्षेत्र में सकारात्मक संदेश फैलाया है और समाजसेवा की एक उत्कृष्ट मिसाल पेश की है

# कब्र से निकाला गया नाबालिग का शव, एक किलोमीटर दूर मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला खीरी। गोला तहसील के अंतर्गत कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के कस्बा सिकंदराबाद में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार को शमशान घाट पर दफनाई गई नाबालिग लड़की का शव रहस्यमय परिस्थितियों में कब्र से गायब होकर लगभग एक किलोमीटर दूर कलवलाह क्षेत्र में पड़ा मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।



ग्रामीणों ने कब्रिस्तान में कुदाल पड़ी देखने के बाद कब्र की स्थिति देखी, जहाँ मिट्टी हटाई गई थी। शक होने पर लोगों ने आसपास खोजबीन शुरू की, जिसके बाद नाबालिग का शव लगभग एक किलोमीटर दूर मिला पाया गया।घटना ने क्षेत्र में कई सवाल खड़े कर दिए हैं– आखिर किसने शव निकाला? किस उद्देश्य से कब्र से बाहर ले जाया गया? अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया था, ऐसे में शव का अचानक इस तरह गायब होना और दूर मिलना ग्रामीणों के बीच चर्चा का केंद्र बन गया है।सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुँच गए। इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।घटना की जानकारी मिलते ही नीमगांव पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कब्रिस्तान और बरामदगी स्थल दोनों जगहों से मिले सुरागों के आधार पर गंभीर जांच शुरू कर दी है।प्रशासन ने कहा है कि मामले की हर एंगल से पड़ताल की जा रही है और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# बरखेरवा बना धार्मिक केंद्र,भव्य रामलीला महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फरधान, खीरी। फरधान क्षेत्र के ग्राम बरखेरवा में इस वर्ष आस्था, संस्कृति और सनातन परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ 21 नवंबर से 25 नवंबर तक भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। पाँच दिनों तक चले इस विशिष्ट कार्यक्रम ने पूरे गाँव को एक विशाल धार्मिक मंच में बदल दिया। गाँव की हर गली और चौपाल में भक्ति, उत्साह और अध्यात्म का रंग साफ झलकता रहा।इस पूरे आयोजन की कमान मेला कमेटी और ग्रामवासियों ने मिलकर संभाली। कमेटी में रुबेश शुक्ला, अनूप शुक्ला, राहुल तिवारी एड., रविंद्र शुक्ला एड., कृष्ण कुमार शुक्ला, अखिलेश शुक्ला और प्रखर शुक्ला (गप्पू) सक्रिय भूमिका में रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं से लेकर मंचन तक हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। इन सभी के प्रयास से ऐसा शानदार माहौल तैयार हुआ कि पाँचों दिनों तक दर्शकों की भारी भीड़ लगातार उमड़ती रही।मंचन के दौरान भगवान राम के जीवन चरित्र–बाललीला, वनगमन, सीता हरण, रावण वध–की भावपूर्ण झांकियाँ बेहद जीवंत रूप में प्रस्तुत की गईं। कलाकारों की प्रभावशाली अदाकारी, आकर्षक परिधान, दमदार संवाद और भव्य प्रकाश-सज्जा ने ऐसा दृश्य तैयार किया कि हर शाम बरखेरवा में आस्था का



विशाल सागर उमड़ पड़ा। आसपास के गाँवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला देखने पहुंचे।मेला स्थल पर प्रतिदिन गूँजते जयकारे, शंखनाद और भक्ति संगीत ने पूरे वातावरण को बेहद पावन बना दिया। सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, मंच सज्जा और बैठने की व्यवस्थाओं को लेकर समिति ने बेहतरीन तैयारी की थी, जिसके चलते पूरे महोत्सव के दौरान व्यवस्था चाक-चौबंद दिखाई दी।कार्यक्रम के समापन के बाद ग्रामवासियों में उत्साह और संतोष की लहर देखने को मिली। लोगों का कहना है कि बरखेरवा की यह रामलीला अब क्षेत्र की पहचान बन चुकी है और आने वाले वर्षों में इसे और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत नई पीढ़ी तक निरंतर पहुँचती रहे।

# डीएम ने जनपद के समस्त बीएलओ को दिये निर्देश शीघ्र ही करें मतदाता सूची का डिजिटलाइजेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी के निर्देशन में आज प्राथमिक विद्यालय रझा विकासखण्ड असमोली का बूथ नंबर 219 तथा विकासखण्ड बनिया खेड़ा के आंशिक बिलारी का बूथ संख्या 370 हुआ शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड**

सम्भल, बहजोई। विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत जनपद में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में गणना प्रपत्रों के वितरण/ संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य चल रहे हैं।

विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय रझा के बूथ नं 219 जिसमें कुल 709 मतदाता हैं को बीएलओ श्री मूलचन्द वर्मा ( शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय रझा विकासखण्ड असमोली) द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है एवं ब्लॉक बनिया खेड़ा के आंशिक बिलारी के बूथ संख्या 370 के 806 मतदाताओं को सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय धनपुरा श्रीमती रुबी द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड किया गया।जिलाधिकारी द्वारा इनके इस कार्य को लेकर प्रशंसा की गयी । दिनांक 24 नवंबर को बीएलओ मित्रपाल सिंह द्वारा जनपद में सबसे पहले अपने बूथ को डिजिटाइज्ड किया था। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को सबसे पहले डिजिटाइज्ड करने वाले टॉप टेन बीएलओ को ?2100 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्भल तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी रामानुज तथा डिप्टी कलक्टर निधि पटेल एवं तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह द्वारा बीएलओ मूलचन्द वर्मा को शॉल ओढ़ाकर एवं एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा ?2100 प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया तथा तहसील सभागार चंदौसी में उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी द्वारा बीएलओ श्रीमती रुबी को शॉल एवं एक पुष्प तथा एक पुस्तक तथा 2100 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

## चीनी मिल रजपुरा ने पेराई सत्र 2025-26 का पहला गन्ना मूल्य भुगतान 18.00 करोड़ का किया वितरण

संभल। चीनी मिल रजपुरा द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के तहत किसानों को दिया जाने वाला पहला गन्ना मूल्य भुगतान जारी कर दिया गया है।चीनी मिल के उपाध्यक्ष श्री आशीष कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 18 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आज तक मिल में 15.16 ला0कु0 गन्ने की पेराई की जा चुकी है। मिल अपनी अधिकतम पेराई क्षमता से लगातार कार्य कर रही है, जिससे किसानों को समयबद्ध ढंग से पेराई सुविधा मिल सकें। उन्होंने बताया कि चीनी मिल रजपुरा द्वारा कृषकों की ट्रॉली/ट्रिपलर पर रिफलेक्टर पट्टी एवं रेडियम पेन्ट* करवाया जा रहा है ताकि रात्रि में कोहरे से होने वाली दुर्घटना से बचाव हो सकें।चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कृषकों से आग्रह किया कि कोई भी कृषक अपने गन्ने को औने-पौने दामों में इधर-उधर न बेंचे।

# डीएम के निर्देशन एवं सीडीओ की अध्यक्षता में एक दिवसीय जागरूकता संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल,बहजोई। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ सोशल डिफेंस एवं विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट और जनपद प्रशासन संभल द्वारा ट्रांसजेंडर अधिनियम 2019 पर कलक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय जागरूकता संवेदीकरण कार्यक्रम जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस द्वारा नामित ट्रांसजेंडर रविना वहिर जी एवं विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय सेवा भारती के महासचिव ऋषिपाल सिंह डडवाल जी प्रमुख वक्ता रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रमुख वक्ताओं द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जनपद संभल में एबीसीडॉट कार्यक्रम संचालित है ए अर्थात एडिक्शन नशा मुक्त सम्भल, बी अर्थात बैगर्स भिखारी मुक्त सम्भल , सी अर्थात कैंसर मुक्त सम्भल तथा कैंसर रोगियों की सहायता डी अर्थात डिसएबल दिव्यांगजनों को सरकारी सुविधाओं का लाभ, ओ अर्थात ओल्डपर्सन वृद्धजनों को गोल्डन कार्ड एवं वृद्धावस्था पेंशन, टी अर्थात ट्रांसजेंडर अधिनियम 2019 की समस्त सुविधाओ से ट्रांसजेंडर्स को लाभान्वित करना एबीसी डॉट कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद के समस्त ट्रांसजेंडर एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ भारत सरकार के अधिकारिक एवं न्याय मंत्रालय के अधीन ट्रांसजेंडर्स परिषद में विशेषज्ञ रविना वहिर एवं राष्ट्रीय सेवा भारती के महासचिव ऋषिपाल डडवाल एवं प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक सिन्हा ने ट्रांसजेंडर्स अधिनियम 2019 में प्रदत्त सुविधाओं पर पर मार्गदर्शन किया तथा विषय विशेषज्ञ रविना वहिर ने ट्रांसजेंडर्स को लेकर प्राचीन इतिहास में ट्रांसजेंडर्स के उल्लेख पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

उन्होंने प्राचीन इतिहास में शिखंडी, इला देवी,अरावण आदि के विषय में बताया उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर रामायण काल ,महाभारत काल ,गुप्त काल आदि में भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहे हैं समाज तथा राष्ट्र के लिए सदैव समर्पित रहे हैं रामायण काल में ट्रांसजेंडर्स में सरयू घाट पर भगवान राम का 14 वर्ष प्रतीक्षा की महाभारत काल में ट्रांसजेंडर शिखंडी ने सेनापति के रूप में भूमिका निभाई ब्रिटिश काल में स्वतंत्रता संग्राम में ट्रांसजेंडर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई 1871 में ट्रांसजेंडर्स की भूमिका को समाप्त करने के लिए अंग्रेजों ने अधिनियम बना कानून बनाया । उन्होंने भारतीय संविधान के मूल अधिकारों अनुच्छेद 14,15,16,20,21 पर चर्चा की तथा धारा 377 के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 2019 में ट्रांसजेंडर को तृतीय लिंग उभयलिंग के रूप में मान्यता दी है तथा आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र एवं विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को देते हुए समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है ।

राष्ट्रीय सेवा भारती के महासचिव श्री ऋषिपाल सिंह डडवाल जी ने ट्रांसजेंडर परिषद में विशेषज्ञ रविना वहिर द्वारा ट्रांसजेंडर्स के लिए किये जाने वाले कार्यों तथा नालसा जजमेंट, किन्नर अखाड़ा, अब्राहम लिंकन, रामकृष्ण परमहंस आदि पर चर्चा की। जिलाधिकारी द्वारा नामित ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधि चाहत द्वारा भी सम्बोधित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिनियम में वर्णित समस्त सुविधाओ का लाभ ट्रांसजेंडर्स को प्रदान किया जाए उन्हें मुख्य धारा में लाने एवं सामाजिक रूप से सम्मान तथा उत्थान प्रदान करने का कार्य किया जाए कार्यक्रम का संचालन डॉ एस एन शर्मा द्वारा किया गया।

# चुनाव आयोग का आचरण अत्यंत निराशाजनक है : कांग्रेस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पूर्व में तय प्रांतीय अव्हान के अनुसार प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर परशुराम चौक स्थित बीएलए शहर कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजित की इस अवसर पर ओमकार सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस वोटर लिस्ट से नाम नहीं हटाने देगी।

ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कम हो रहा है। चुनाव आयोग का आचरण अत्यंत निराशाजनक है। उन्होंने कहा चुनाव आयोग को यह बताना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है। भाजपा वोट चोरी के लिए एसआईआर को हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। अगर चुनाव आयोग ने नजर अंदाज कर दिया तो यह चुप्पी साध लेने जैसा होगा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सगर एवं एआईसीसी सदस्य निवर्तमान प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कांग्रेस असली मतदाताओं को हटाने या फर्जी मतदाताओं को शामिल करने की हर कोशिश का पर्दाफाश करेगी। इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष असरार अहमद, किसान कांग्रेस महासचिव गौरव सिंह राठौर एवं शहर उपाध्यक्ष रफत अली खान सूरी ने सयुक्त रूप से एमआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जहां मतदाता सूची में संशोधन का काम चल रहा है वहां पार्टी को राजनीतिक, संगठनात्मक और कानूनी रूप से एसआईआर प्रक्रिया का मुकाबला करना चाहिए।

## पूर्व मंत्री, चेयरमैन ने भरा एसआईआर फॉर्म, मतदाताओं से की अपील

बदायूँ। शहर व देहात के समस्त व्यक्ति बीएलो का करें सहयोग। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने सभी मतदाताओं से अपील की बीएलो का सहयोग करते हुए अपने-अपने इलाके के मतदाताओं से एसआईआर का फॉर्म चुनाव आयोग की तय व्यवस्था के अनुरूप फॉर्म भरकर सही समय पर जमा करें।

# दिल्ली में बदायूँ के शिक्षकों का टेट के विरुद्ध विशाल धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों का जंतर मंतर दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे देश के हज़ारों शिक्षक जंतर मंतर पर एकत्र हुए और शासन से अपील करते हुए शिक्षकों को टेट अनिवार्यता सम्बन्धी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के सम्बंध में अध्यादेश लाकर 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग की।

धरने में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू0मा0) शिक्षक संघ उत्तरप्रदेश के मुखिया योगेश त्यागी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में धरने में उपस्थित होकर धरने को ऐतिहासिक बना दिया। दिल्ली जंतर मंतर पर आयोजित धरने में शामिल हुए जनपद बदायूँ से जिला अध्यक्ष प्रेमानन्द शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन यादव,ज़िला महामंत्री फरहत हुसैन ,मण्डलीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष यतेंद्र कुमार सिंह,मण्डलीय कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार,जनपदीय संयुक्त मंत्री विकार उद्दीन,प्रचार मंत्री अतीकु रहमान, लेखाकार आबिद हुसैन,मण्डलीय संयुक्त मंत्री भानु प्रकाश,ज़िला उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ,ब्लॉक समरेर महामंत्री राकेश अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष राजेश दुवे,हरपाल सिंह सहित सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग कर भारत सरकार से अपील कर टेट से मुक्त करने का अनुरोध किया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया बिसौली,सदर एवं दातागंज तहसील का निरीक्षण

बदायूँ। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मंगलवार को आयोजित विशेष अभियान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर, बिसौली व दातागंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की भी समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपनी भाग संख्या का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण करने वाले बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए दातागंज तहसील में दातागंज विधानसभा के एक बीएलओ तथा सदर तहसील में शेखूपुर विधानसभा के तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित। किया इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिद्व बाबा इंटर कालेज में हुआ मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य

बदायूँ। बिसौली सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चल रहे मतदाता पुनरीक्षण एवं डिजिटा इजेशन कार्य के तहत वूथ संख्या सत्तर इकहत्तर व वहत्तर पर वीएलओ विनीत पाठक, शिव कुमार शर्मा के साथ कालेज के शिक्षक अश्वनी शर्मा,अनमोल उपाध्याय व मंयक पाठक ने फीडिंग में सहयोग किया। आज पर्यवेक्षक ऋषिकांत शर्मा ने पुनरीक्षण कार्य का विद्यालय निरीक्षण में संतोष व्यक्त किया।

## टीम तो बनी लेकिन जांच को नहीं पहुंची

बदायूं। पेशाब प्रकरण में तीन सदस्यीय टीम शिक्षा विभाग की ओर से बनाई गई है। सोमवार को टीम जांच करने नहीं पहुंची। अभिभावक समेत कस्बे के लोग टीम आने का दिनभर इंतजार करते रहे। उसहैत के चमेली देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को पहुंचकर टीम के सदस्यों को जांच शुरू करनी थी। टीम देर शाम तक स्कूल नहीं पहुंची। जांच के लिए जहां अभिभावक टीम का इंतजार करते रहे वहीं स्कूल भी खुला रहा। टीम को प्रत्येक बिंदु पर स्थिति की समीक्षा कर रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपनी है। ताकि दोषियों पर विभागीय कार्रवाई तय हो सके। जांच समिति में राजकीय विद्यालयों के तीन प्रधानाचार्यों को शामिल किया गया है, ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और संवेदनशील जांच हो सके। टीम में राजकीय इंटर कॉलेज, बदायूं के प्रधानाचार्य गुलनवाज आलम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अल्पना कुमार और राजकीय हाईस्कूल खुनक की प्रधानाचार्य नूतन शामिल हैं। डीआईओएस ने कहा कि अगर टीम जांच को नहीं पहुंची है तो जानकारी करते हैं। तीन दिनों में टीम को जांच आख्या देनी होगी।

## प्रत्येक वार्ड में कर्मचारियों की तैनाती

बदायूं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में आ रहीं परेशानियों को दूर करने के लिए सोमवार को नगर पालिका ने शिविर का शुभारंभ हो गया। नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में कर्मचारियों को तैनाती की गई है। सभासदों को भी जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या एक में देवेंद्र सक्सेना, दो में गजेंद्र सिंह, तीन में राजीव अनेजा चार में रामगोपाल, पांच में परवेज, छह में अफसर हुसैन नियुक्त किए गए हैं। वार्ड सात में नरेंद्र पाल सिंह, आठ में साहिल, नौ में फिरोज अली, दस में मोहम्मद इमरान, ग्यारह में महेश बाबू, बारह में शहजाद अली, तेरह में सुमित सिंह, चौदह में छुन्नन, पंद्रह में रामदेव आर्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड सोलह में मुशाहिद अली, सत्रह में राशिद अली, अठारह में राकेश सोनकर, उन्नीस में सुरेंद्र कुमार, बीस में साहिर हुसैन, इक्कीस में विनोद सोनकर, बाईस में नारायण दत्त शर्मा, तेईस में जोगेंद्र सिंह, चौबीस में जहांगीर, पच्चीस में अकील अहमद, छब्बीस में मोहम्मद मियां, सत्ताईस में अब्बास अली, अट्ठाईस में परवेज इकबाल और उनतीस में नौमान कार्य देखेंगे। नगर पालिका कार्यालय में हेल्प डेस्क पर खालिद अली व लवी कुमार, सोथा भंडार कुआं लाइब्रेरी में नवेद इकबाल गनी और केशव गंगवार, एसके कॉलेज के सामने पार्किंग फील्ड में चंद्र भूषण व शरीफ अहमद को तैनात किया गया है। कर्मचारियों और सभासदों से अपील की है कि वे घर-घर गणना फॉर्म पहुंचाएं। कार्यक्रम में खालिद अली खां, नवेद इकबाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, सचिन सक्सेना, रजनेश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर, ई-रिक्शा चालक सहित कई लोग घायल

बदायूँ। कुंवरगांव थाना क्षेत्र में ओवरलोड गन्ना लेकर बेखौफ दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हादसे बढ़ने लगे हैं। आंवला-बदायूं मार्ग पर कोहरा बढ़ने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। बीते दिन गांव फकीराबाद निवासी शिशुपाल पुत्र राजपाल अपने ई-रिक्शा से सवारियों को लेकर बनकोटा की दिशा में जा रहे थे।तभी हसनपुर के पास तेज रफ्तार और ओवरलोड गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा में बैठी सवारियाँ विनोद, वेदप्रकाश, गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुँचकर घायलों को अस्पताल भेजवाया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि पुलिस की मिलीभगत से ओवरलोड वाहन बिना रोक-टोक चल रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## मासूम के हत्यारों को फांसी की मांग, पिता पुत्र को हल्की धाराओं में भेजा जेल

बदायूँ। उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नझियाई में मासूम बच्चे की हत्या कर शव घर के फर्श में दबाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने हत्यारों को फांसी देने की मांग की है। जबकि पुलिस ने सख़्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बदायूं के उझानी कस्बे के मोहल्ला नझियाई में आठ वर्षीय शुभान की हत्या कर उसके पड़ोसी अरबाज और उसके पिता ने शव को अपने घर के फर्श में दबा दिया था। परिजनों ने शुभान की तलाश की और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं पुलिस ने मामले का खुलासा किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुभान के माता-पिता एवं परिजनों ने थाना प्रभारी से मिलकर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाये जाने की मांग की। वहीं सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने हल्की धाराओं में पिता पुत्र को जेल भेजा है। वही एक व्यक्ति मुलजोमों की पैरवी के लिए प्रतिदिन थाने के चक्कर लगा रहा है।

## 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

रायबरेली। जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-01 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील सदर के थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम विवियापुर एव अहियारायपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## गांव में पेड़ों की अवैध कटान की शिकायत

रायबरेली। महराजगंज विकास खण्ड क्षेत्र के पुरासी गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र बरातीलाल ने उपजिलाधिकारी महराजगंज व मुख्यमंत्री से गांव की ही निवासी विपक्षीगणों द्वारा चकमार्ग के सरकारी पेड़ बेचे जाने की शिकायत की है। शिकायत में संतोष कुमार पुत्र बरातीलाल ने बताया कि पुरासी गांव में चंद्रमणि दीक्षित के खेत से लेकर राघव शरण द्विवेदी की बाग तक जो चक मार्ग स्थित है, उस पर दो जामुन एवं तीन गूलर के पेड़ लगे है। चकमार्ग पर लगी पेड़ों को गांव के ही निवासी विपक्षीगण अजय कुमार मिश्रा पुत्र शंभू प्रसाद मिश्र व शंभू प्रसाद मिश्रा पुत्र नाथू मिश्रा द्वारा अपना बताकर बेच दिया है, जबकि सार्वजनिक चक मार्गपर स्थित पेड़ों से विपक्षीगणों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओ की ब्लॉकवार समीक्षा की। निर्देश दिया कि समय से सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन गोआश्रय स्थल के निर्माण कार्य समय से करा लें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गोआश्रय स्थलों में पशुओं के लिए हरा चारा, पानी,चिकित्सा, प्रकाश,शेड आदि सुनिश्चित कराए। यदि कोई पशु संक्रामित है तो उन्हें अलग कर उचित उपचार कराए। गोआश्रय स्थलों में ठंड के मौसम को देखते हुवे ठंड से बचाव हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराए। यदि किसी गोवंश की मृत्यु हो जाये तो उचित तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे कार्य नहीं कर रहे है। उन्हें शीघ्र सही करा लें और लगातार उसकी निगरानी भी करते रहे। गोआश्रय स्थलो को स्वालम्बी बनाने के लिए गोशालाओ में वर्मीकम्पोस्ट,गोबर निर्मित काष्ठ,दीपक व पेंट निर्माण की व्यवस्था कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कुलदीप कुमार द्विवेदी, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# जिला सैनिक बंधु बैठक सम्पन्न, पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग द्वारा जिला सैनिक बंधु बैठक का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व जिला सैनिक बंधु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी गई और तत्पश्चात नए प्राप्त प्रार्थना पत्र अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के समक्ष प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।जिला सैनिक बंधु बैठक में कुल 25 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने पुनः आश्वस्त किया कि पूर्व सैनिकों से संबंधित सभी मामलों का गंभीरता से समाधान किया जाएगा और विभागीय समन्वय को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में अन्य कोई विषय न होने पर अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।बैठक में विभिन्न विभागों के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे जिनमें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार, सहायक कोषाधिकारी आर.के. राजपूत, जिला उद्योग केंद्र से वीरेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सन्तोष कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार तथा यातायात विभाग से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रतिनिधि कमवीर सिंह सम्मिलित रहे। गैर सरकारी सदस्य के रूप में एनरेरी सब लेफ्टिनेंट सतीश चन्द्र (अ0प्रा0) उपाध्यक्ष ने बैठक का संचालन किया।

# दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर की संशोधित तिथियाँ घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ट्राइसाइकिल, बैशाखी, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेयर सहित अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्त्रोत से कोई भी सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है, उनके लिए विकास खण्ड मुख्यालयों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खण्ड दातागंज एवं समरेर में 25 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाला शिविर, श्री तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर घोषित सार्वजनिक अवकाश के कारण स्थगित कर दिया गया है तथा अब यह शिविर 27 नवम्बर 2025 (गुरुवार) को आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार म्याऊँ एवं उसांवा में 26 नवम्बर 2025 (बुधवार) को शिविर आयोजित होगा, जिसमें इच्छुक दिव्यांगजन उपस्थित होकर अपना चिन्हांकन एवं पंजीकरण कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्रकृजिसमें वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपए से अधिक न होकृतथा उपकरण हेतु चिकित्सा अधिकारी की संस्तुति प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

# ओया गांव में 35 वर्षीय युवक की नृशंस हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव में बीती रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के 35 वर्षीय युवक विनीत सिंह की उनके ही ट्यूबवेल पर में लकड़ी की फट्टी और अन्य भारी वस्तुओं से बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना के समय विनीत सिंह घर में टेबल पर लेटे थे, तभी अचानक अज्ञात हमलावरों ने ट्यूबवेल पर में धावा बोल दिया और कुछ ही मिनटों में पूरे कमरे को क्राइम सीन में बदल दिया ट्यूबवेल पर के भीतर फैला खून, टूटी वस्तुएं और अस्त-व्यस्त सामान इस बात का साफ संकेत देते हैं कि मृतक की बर्बरतापूर्वक हत्या की गई घटना से गांव में कोहराम, पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने संभाला मोर्चा हत्या की खबर फैलते ही पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते ओया गांव पुलिस छावनी में बदल गया सूचना पर चंदापुर थाना पुलिस,फॉरेंसिक टीम,डॉग स्क्वॉड,आस-पास के थानों का पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कई अहम साक्ष्य अपने कब्जे में लिए एएसपी संजीव कुमार सिन्हा रात में ही पहुंचे, जांच के लिए कई टीमें गठित घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजीव कुमार सिन्हा देर सुबह ही मौके पर पहुंच गए उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कई विशेष टीमें गठित की हैं । एएसपी के अनुसार एसओजी टीम व सर्विलांस सेलवस्थानीय पुलिस टीम सब मिलकर घटना की हर दिशा से जांच कर रही हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है और क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जारी है एएसपी ने कहा है कि पुलिस जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करेगी गांव में दहशत और आक्रोश इतनी क्रूर हत्या पहले कभी नहीं देखी इस जघन्य हत्या से गांव में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इतनी बर्बर हत्या पहले कभी नहीं देखी। बहुत से लोगों ने पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है क्या हत्या साजिश के तहत की गई? पुलिस की जांच कई एंगलों पर? पुलिस इस हत्या को सोची-समझी साजिश भी मानकर जांच कर रही है।घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है हत्या का समय, तरीका और हत्यारों का आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि हमलावर मृतक की गतिविधियों से भली-भांति परिचित थेइलाके में चर्चा–आखिर हत्या किसने और क्यों की ओया गांव से लेकर पूरे चंदापुर क्षेत्र में यह हत्या मुख्य चर्चा का विषय बनी हुई है ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बीएलओ ने खाया जहरीला पदार्थ,गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के तरबगंज तहसील क्षेत्र में प्राथमि क विद्यालय जैतपुर माझा के सहायक अध्याप क और बीएलओ विपिन यादव ने संदिग्ध परि स्थितियों में जहर खा लिया।जहर खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई,जिसके बाद उन्हें आन न -फानन में नवाबगंज स्थित एक निजी अस्प ताल ले जाया गया।

गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भे ज दिया गया है।घटना की सूचना मिलने पर जि ला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन,गोंडा स दर एसडीएम अशोक कुमार और मुख्य चिकि त्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचीं।उन्होंने विपिन यादव का हालचा ल जाना और घटना के संबंध में जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने लखनऊ में उनके इलाज के लिए संबंधित अधि कारियों से बात की और एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें लखनऊ भेजा गया।इलाज के दौरान सहा यक अध्यापक विपिन यादव का एक वीडियो भी सामने आया है।जिसमें उसने आरोप लगा या है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर तरबगंज एसडीएम, नवाबगंज बीडीओ और लेखपाल द्वारा उन पर दबाव बनाया जा रहा था उन्होंने कहा कि इसी परेशानी के कारण उन्होंने जहर खाया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उनकी पत्नी सीमा यादव उनसे पूछताछ करती दिख रही हैं।इस पूरे मामले पर गोंडा की जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि सहाय क अध्यापक विपिन यादव कुछ पारिवारिक कारणों से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर दबाव बनाने के आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया।मामले की जांच की जा रही है पारिवारिक माहौल में यहां पर मतदाता पुनरीक्ष ण कार्य चल रहा है।किसी भी कर्मचारी के ऊप र किसी भी व्यक्ति के ऊपर कोई दबाव नहीं ब नाया जा रहा है।विपिन यादव और उनके परि जनों को इस तरीके का बयान देने के लिए लो गों द्वारा उकसाया गया है।विपिन यादव के बूथ पर 700 के करीब वोट था 350 गणना प्रपत्र इनके द्वारा अभी तक भरा जा चुका है यह कार्य भी अच्छा कर रहे थे उनके ऊपर कोई दबाव नहीं बनाया गया है। इन्हें बीएलओ ड्यूटी से भी हटा दिया गया है पत्नी कि पूरे प्रकरण में भूमिका संदिग्ध है उसकी भी जांच कराई जा रही है। कल देर शाम इन्होंने जहर खाया है पूरा प्रशासन इलाज में लगा हुआ है।

# बहन की शादी में आई देवरिया की नवविवाहिता का हत्यारा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगलरसुलपुर नंबर दो, लक्ष्मीपुर गांव में चचेरी बहन की शादी में आई नवविवाहिता शिवानी की सनसनीखेज हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वारदात के बाद आरोपी वाराणसी भाग गया था, जहां से उसे दबिश देकर पकड़ा गया।

देवरिया जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के अवस्थी गांव निवासी शिवानी तीन दिन पहले ही मायके आई थी। रविवार देर रात जयमाल समारोह के बाद वह घर लौट आई थी। जब उसकी मां नोहरी देवी देर रात कार्यक्रम से वापस पहुंचीं, तो शिवानी घर पर नहीं मिली। बड़ी बेटी से जानकारी लेने के बाद घर के आसपास खोजबीन शुरू की गई।तलाश के दौरान घर के पास बने टॉयलेट के नीचे एक हाथ दिखाई दिया। दरवाजा खोला गया तो अंदर शिवानी का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। उसका



गला धारदार हथियार से बेरहमी से रेत दिया गया था। भयावह दृश्य देखकर मां चीख पड़ीं और गांव में अफरा-तफरी मच गई।

## डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जुटाए अहम साक्ष्य

सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके की बारीकी से जांच कराई। खोजी कुत्ता खून के धब्बे सूंघते हुए मृतका के घर के पीछे की गली तक गया, जहां आरोपी विनय का घर स्थित बताया गया है। फोरेंसिक टीम ने खून, मिट्टी, फिंगरप्रिंट सहित कई महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए हैं।

## कॉल डिटेल और साक्ष्यों से आरोपी तक पहुंची पुलिस

शिवानी की मां ने पहले अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने गांव वालों से पूछताछ, कॉल डिटेल और जुटाए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई। इसके बाद आरोपी विनय के वाराणसी भागने की जानकारी मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस लाइन वाइट सभागार में मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र ने बताया कि मृतका शिवानी अभियुक्त विनय पर शादी का दबाव बना रही थी। इसी कारण विनय ने उससे पीछा छुड़ाने के लिए उसकी हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। वारदात के खुलासे के बाद गांव में दहशत और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# कानपुर में एक माह तक चलेगा आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में सिविल लाइन स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में पात्र परिवारों को आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए जिला प्रशासन ने 3,17,437 व्यक्तियों का लक्ष्य तय किया है, जिनमें 1,42,811 ग्रामीण तथा 1,74,626 शहरी क्षेत्र के लाभार्थी शामिल हैं।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी संबंधित विभाग माइक्रो प्लान तैयार कर ड्यू-लिस्ट को फील्ड टीमों तक समय से पहुंचाएं, ताकि कैंपों में लाभार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान अवधि में रोज़ाना 67 कैंप लगाए जाने हैं, जिसमें 22 ग्रामीण तथा 45 शहरी क्षेत्र है। ग्रामीण इलाकों में कैंप पंचायत भवनों पर आयोजित होंगे और कैंप से एक दिन पहले गांव में मुनादी कराकर लोगों को सूचित किया जाएगा। नगरीय क्षेत्र में कोटेदार की दुकान एवं 50 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शिविर का आयोजन कर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आशा ड्यू लिस्ट के मुताबिक घर-घर जाएंगी और लोगों को मोबिलाइज करेंगी।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सीएचसी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर शिविर के सफल संचालन को सुनिश्चित करेंगे। कैंपों की दैनिक समीक्षा की जाएगी। किसी लाभार्थी का कार्ड न बन पाने पर संबंधित स्वास्थ्य टीम को कारण दर्ज कराना होगा।उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि योजना सीधे जनहित से जुड़ी है और गंभीर बीमारियों की स्थिति में गरीब परिवारों को बड़ी राहत देती है। जिले में अब तक 8,48,697 आयुष्मान कार्ड तैयार किए जा चुके हैं, जबकि 70 वर्ष से अधिक आयु के 72,173 वरिष्ठ नागरिक अलग से कार्ड प्राप्त कर चुके हैं। योजना से जुड़े 1,35,004 लाभार्थी अब तक निःशुल्क उपचार का लाभ ले चुके हैं, जो इस पहल की उपयोगिता को दर्शाता है।जिलाधिकारी ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे इस अभियान के दौरान नज़दीकी कैंप पर पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं।

# जनपद के बी.एल.ओ. के लिए मिसाल बनी उमा देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । बाल विकास परियोजना कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत रेवली में आंगनबाड़ी के पद पर कार्यरत श्रीमती उमा देवी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस. आई. आर.-2026 के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 कैसरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय दनावल के भाग सं. 217 जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 505 है, में बूथ लेबिल अधिकारी के तौर पर कार्य करते हुए पुनरीक्षण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया है। बी.एल.ओ. द्वारा पूर्ण लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से किये गये प्रयासों की जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बेस्ट बी.एल.ओ. एस.आई.आर.-2026 से सम्मानित करने का निर्णय लिया है।डीएम श्री त्रिपाठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर.-2026 की प्रक्रिया में लगे हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आहवान किया है कि बी.एल.ओ. श्रीमती उमा देवी के प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण एवं पुनीत कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान कर शत-प्रतिशत मतदाओं को प्रपत्र का वितरण कराने के साथ-साथ भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर उनके डिजिटाइजेशन के कार्य का समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।

# मैकेनिक को गोली मारने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां गोरखपुर के एक नीजी अस्पताल में इलाज चल रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरेडीह निवासी बजरंगी मद्धेशिया पुत्र लौहर को रविवार को कटसहरा बाजार में स्थित गैस,कूकर मैकेनिक की दुकान पर शाम सात बजे के करीब आनन्द सहाय पुत्र अभिनन्दन सहाय निवासी काली जगदीश पुर थाना महुली संतकबीरनगर, शत्रुघ्न सिंह पुत्र स्व हरिहर सिंह निवासी जमुनी कला थाना महुली संतकबीरनगर और राकेश पुत्र स्व दुखी निवासी काली जगदीश पुर थाना महुली संतकबीरनगर चार पहिया वाहन से उतर कर मैकेनिक बजरंगी मद्धेशिया की दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर के बाहर निकले और बजरंगी मद्धेशिया को दुकान के बाहर बुलाकर राइफल से गोली मार दिए,गोली बजरंगी मद्धेशिया के बाएं हाथ की हथेली को छलनी करते हुए निकल गई जिससे उनकी दो अंगुलियां शरीर से अलग हो गई। और वह बेहोश हो कर जमीन पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया, जहां गोरखपुर एक नीजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को देर शाम घायल बजरंगी मद्धेशिया के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 109,118(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी,कि मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र हमराही उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार कश्यप, शौरभ शर्मा तथा सिपाही गोरख यादव,अजय यादव को साथ लेकर देवरिया चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# आयुक्त ने विकास भवन व तहसील में किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सोमवार की शाम मतदाता सू ची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की गहन स मीक्षा की।उन्होंने सबसे पहले विकास भवन, गोण्डा पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और पुनरीक्षण कार्य को तेज गति से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण हों, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी फील्ड स्तर पर सतर्कता रखें।

समीक्षा के बाद आयुक्त श्री सुशील तहसील सदर पहुंचे जहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम के साथ पुनरीक्षण का र्यक्रम की वास्तविक प्रगति का निरीक्षण किया उन्होंने अभिलेखों, फार्मों और प्रगति रिपोर्ट को बारीकी से जांचते हुए निर्देशित किया कि कि सी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसके उपरांत आयुक्त ने शहर गोंडा के पोलिंग बूथ संख्या 89,86, 88 और 83 का स्थलीय निरीक्षण किया।यहां उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ से फार्मों के डिजिटाइजे शन की स्थिति, नए मतदाताओं के पंजीकरण और त्रुटि संशोधन से संबंधित जानकारी ली। आयुक्त ने बीएलओ को निर्देश दिया कि प्रत्येक फार्म का समय पर सत्यापन एवं डिजिटाइजे शन सुनिश्चित किया जाए,ताकि मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन बनाई जा सके।

# चार घंटे चली भाजपा की बैठक में शेष आठ दिनों में पूरी ताकत से मैदान में उतरने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण, (एस.आई.आर) के सम्बंध में महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के अध्यक्षता में वाराणसी के सिगरा स्थित महानगर कार्यालय पर तीनों विधानसभाओं शहर उत्तरी, शहर दक्षिणी एवं कैंट के वार्ड प्रभारियों के साथ चार घंटे तक बैठक चली। चार घंटे चली बैठक में वार्ड प्रभारियों को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि एस.आई.आर के कार्य और वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए केवल 8 दिनों का कार्य शेष बचा है, पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर जाइए। शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्षों से सम्पर्क करके घर-घर जाकर लोगों से संवाद करे।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जिनका फॉर्म पहुंच गया है लेकिन नहीं भरा गया है, या जिनका फॉर्म अभी तक तक नहीं पहुंचा है, या जिनको फार्म अभी तक नहीं मिला है, ऐसे सभी लोगों की सहायता के लिए भाजपा के वार्ड प्रभारी डट जाएं। सभी वार्ड प्रभारी एवं पार्षदों तथा पूर्व पार्षदों का यह कर्तव्य के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है कि आप सब मोहल्ले के लोगों को जानते और पहचानते हैं, इसलिए यह कार्य आप सबके लिए आसान है। आने वाले आठ दिनों के लिए आप लोग सब कुछ भूल कर केवल एसआईआर कार्यक्रम में लग जाइए। फॉर्म का कलेक्शन करा के बीएलओ के पास तक पहुंचाने का अत्यंत आवश्यक कार्य करना है।बैठक को प्रमुख रूप से जौनपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं महानगर प्रवासी सुशील उपाध्याय, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, महापौर अशोक तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री राहुल सिंह ने किया एवं धन्यवाद प्रकाश जगदीश त्रिपाठी ने किया। अन्य उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले, नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास, सुरेश चौरसिया, शंकर गिरी, संजय राय, रविंद्र सिंह, साधना वेदांती, गीता शास्त्री,रचना अग्रवाल, अवधेश राय, योगेश वर्मा सहित कई प्रमुख नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2025 के अवसर पर शासन की मंशानुसार ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' थीम पर विभिन्न कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए कार्यक्रम की वीडियो एवं फोटोग्राफ्स वेबसाइट कंस्टिट्यूशन 75 डाट कॉम पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नागारिकों को व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से प्रस्तावना वाचन करने और उसे अभियान की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाय।

## शिवानी हत्याकांड में आया नया मोड़

गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो स्थित लक्ष्मीपुर गांव में 23-24 नवंबर की मध्य रात्रि हुए शिवानी हत्याकांड में एक नया मोड़ सामने आया है। मृतका शिवानी की मां नोहरी देवी ने इस मामले में कुछ नए खुलासे किए हैं और हत्यारे को आजीवन कारावास या फांसी की सजा देने की मांग की है। बातचीत के दौरान शिवानी की मां ने बताया कि जिस व्यक्ति पर हत्या का संदेह जताया जा रहा है, शिवानी और उसके बीच पहले भी बातचीत होती थी। करीब डेढ़ वर्ष पहले इसकी जानकारी होने पर शिवानी की मां ने उक्त व्यक्ति के घर जाकर उसकी मां से शिकायत भी की थी।रक्षाबंधन के समय जब शिवानी पहली बार अपने मायके आई थी, तब उसका पायल भी गायब हुआ था। हालांकि, शिवानी की मां ने इस बात पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया कि उसके बाद उन दोनों में बातचीत होती थी या नहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने हत्या के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग दोहराई है।मृतका शिवानी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। शिवानी की मां ने स्पष्ट कहा है कि वे मुकदमा लड़ने में सक्षम नहीं हैं और आरोपी को कानूनी सजा दिलाई जाए। उन्होंने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर बेटी की शादी की थी।झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो स्थित लक्ष्मीपुर गांव में जिस व्यक्ति पर संदेह जताया जा रहा है, उसके घर सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार का कोई सदस्य वहां मौजूद नहीं है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## एसआईआर पुनरीक्षण के दौरान फर्जी कॉल कर ओटीपी मांगने वाले सक्रिय, प्रशासन ने जारी की चेतावनी

गोरखपुर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाताओं को ठगने के लिए कुछ अराजक तत्व सक्रिय हो गए हैं। यह लोग खुद को बूथ लेवल अधिकारी या निर्वाचन विभाग का प्रतिनिधि बताकर मतदाताओं से मोबाइल नंबर पर भेजा गया ओटीपी मांग रहे हैं। जिला प्रशासन ने इसे गंभीर साइबर ठगी की आशंका बताते हुए सभी मतदाताओं को सावधान किया है।जिला निर्वाचन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ट्टत्रह्र के गणना प्रपत्र को भरने की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर की आवश्यकता नहीं होती। बीएलओ केवल घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित और संग्रहित करते हैं तथा मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान करते हैं। इसलिए ओटीपी मांगे जाने की कोई भी स्थिति संदिग्ध है।अधिकारीयों ने अपील की है किकिसी भी कॉल, संदेश या लिंक के माध्यम से ग्ट्ठ्र बिल्कुल भी साझा न करें। ऐसे कॉल तुरंत अस्वीकार कर देंयह गतिविधि साइबर धोखाधड़ी के अंतर्गत आती है, इसलिए सतर्क रहना बेहद आवश्यक है।प्रशासन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार की फर्जीवाड़े और भ्रम फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया जाए तथा शिकायत मिलते ही संबंधित एजेंसियों को सूचित कर कठोर कार्रवाई कराई जाए।मतदाताओं से अपील की गई है कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी केवल अपने बीएलओ से ही प्राप्त करें, किसी अफवाह पर विश्वास न करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने कहा कि मतदाताओं का सहयोग ही पारदर्शी व शुद्ध मतदाता सूची के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लोकतंत्र को मजबूत बनाता है।

# फर्जी डॉक्टर के गलत इलाज से महिला की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**परिजनों का आरोप है कि स्वयं को डॉक्टर बताने वाले अस्पताल संचालक की लापरवाही से महिला की जान गई, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया**

गोरखपुर। खोराबार थाना क्षेत्र में फर्जी डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने से महिला की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि स्वयं को डॉक्टर बताने वाले अस्पताल संचालक की लापरवाही से महिला की जान गई, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिसके कारण पीड़ित परिवार न्याय के लिए लगातार भटक रहा है और अब न्यायालय की शरण ले चुका है।

ग्राम चड़ेरिया, थाना गगहा निवासी राम गोविन्द ने बताया कि उनकी पत्नी सरिता (38 वर्ष) के पैर में झुनझुनी और सुन्नपन की शिकायत थी। 2 मई 2025 को इलाज के लिए वे सदर अस्पताल गोरखपुर पहुंचे थे। वहीं एक युवक ने बेहतर इलाज का भरोसा देकर मोतीराम अड्डा स्थित ल्लविमल लाइफ केयर फालिज हॉस्पिटलङ्क भेजा, जहाँ स्वयं को डॉक्टर बताने वाले दिनेश कुमार निषाद ने एक्यूपंचर उपचार के बाद कमर और दाहिने हाथ की नस में इंजेक्शन लगाया।

परिजनों के अनुसार इंजेक्शन लगते ही सरिता की हालत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। अस्पताल संचालक ने स्थिति गंभीर बताते हुए उन्हें एम्बुलेंस से सवेरा अस्पताल, मोहद्दीपुर भेजा, जहाँ पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन और लापरवाहीपूर्ण इलाज के कारण महिला की मौत हुई।घटना के बाद 10 जुलाई 2025 को राम गोविन्द ने खोराबार थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की, लेकिन उनका कहना है कि पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया, बल्कि सुलह का दबाव बनाया जा रहा है।पीड़ित राम गोविन्द ने बातचीत में बताया—> ल्लथाने पर तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, इसलिए विवश होकर मुझे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मामला न्यायालय में पहुंच चुका है। उम्मीद है कि अन्याय करने वाले के खिलाफ न्यायालय कठोर कार्रवाई करेगा।

पीड़ित का कहना है कि दिनेश कुमार निषाद कोई डिग्रीधारी डॉक्टर नहीं है, बल्कि मात्र अस्पताल का संचालक है और पहले भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। परिवार के पास इलाज का वीडियो व अस्पताल बोर्ड की तस्वीरें भी साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं।पीड़ित ने मुख्यमंत्री, इक्क्ष गोरखपुर परिक्षेत्र, ट्टह्रष्ठ गोरखपुर व थानाध्यक्ष खोराबार को प्रार्थना पत्र देकर न्याय व कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# गोंडा में मानवता शर्मसार, आठ साल की बच्ची से रेप, नाबालिग पड़ोसी निकला हैवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र मे मान वता को शर्मसार करने वाली एक घटना घटी है,एक नाबालिग लड़के ने आठ साल की एक मा सूम बच्ची के साथ रेप किया।घटना मनकापुरकोतवाली के एक गांव की है। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार लड़के की उम्र 14 साल है,आरोप है कि गांव में अपने ननिहाल में रह र हा था।बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को जान कारी दी,जिसके बाद बच्ची के परिजन मनका पुर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।पुलिस के अनुसार,आरोपी नाबा लिग बलरामपुर जिले का निवासी है और मन कापुर के एक गांव में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता है।घटना कल देर शाम की है, जब आठ वर्षीय बच्ची अपनी साइकिल में हवा भर वाने घर से कुछ दूरी पर गई थी। आरोप है कि नाबालिग आरोपी उसे बहला-फुसलाकर नहर पुलिया के पास ले गया और दुष्कर्म किया।घटना के बाद बच्ची रोते हुए घर पहुंची और परिज नों को पूरी बात बताई। जब बच्ची के परिजन आरोपी नाबालिग के ननिहाल पहुंचे और,शिका यत की, तो उसके परिजनों ने घटना से इनकार कर दिया।इसके बाद परिजनों ने पुलिस से संप र्क किया। मनकापुर कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर त त्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया गया है।पीड़ित बच्ची का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में महिला डॉक्टर द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# स्वदेशी जागरण मंच के विचार विभाग प्रमुख बने डा. अशोक मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। स्वदेशी जागरण मंच की कार्यकारी बैठक धर्मपाल कम्प्लेक्स, सब्जी मंडी सुल्तानपुर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इसी दौरान डा. अशोक मिश्रा को स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान का विचार विभाग प्रमुख का दायित्व सौंपे जाने पर पदाकािरियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी ।

बैठक में जिले की कई नई महिला सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का भी संगठन में स्वागत किया गया। विभाग संयोजक ार्मेंद्र द्विवेदी ने कहा कि स्वदेशी जागरण का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को अपनाना, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य छोटे, घरेलू व मयम उद्योगों को प्रोत्साहित कर रोजगार के अवसर बढ़ाना है। महिला कार्यकर्ता रश्मि शुक्ला ने कहा कि महिलाओं को स्वदेशी अपनाने के लिए बढ़ चढ़ भाग लेना चाहिए, क्योंकि वे समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। नव-दायित्व प्राप्त ड. अशोक मिश्रा ने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा से स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने वोकल फर लोकल को बढ़ावा देकर देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम की अयक्षता जिला संयोजक आशीष तिवारी ने की तथा संचालन विभाग सह-संयोजक राजीव तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक विजय प्राान, मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा, नगर संयोजक गंगासरण पांडे, जिला प्रचार प्रमुख नवरंग सिंह, रमेश मिश्रा, वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता शालिनी त्रिपाठी, रश्मि शुक्ला, अनुराा सोनी, चंचल त्रिवेदी, शशि द्विवेदी सहित दो दर्जन से आिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने टेंट व्यवसायी को कुचला, मौत

अखंडनगर/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन ने एक परिवार की खुशियाँ छीन ल। दहलवा गेट के पास टेंट व्यवसायी कमलेश कुमार वर्मा (उम्र लगभग 50 वर्ष), निवासी मिसिर जमालपुर, को एक अनियंत्रित वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल कमलेश कुमार को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र पर स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और भारी हंगामा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। अखंडनगर थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आाार पर मुकदमा पंजी.त किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फरार वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को पुष्पगुच्छ भेंटकर दी बधाई

अमेठी। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के पच्चीसवें दिन यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को बधाई दी गई।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मंगलवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के पच्चीसवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा गौरीगंज में यातायात का नियमों का पालन व हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया एवं हेलमेट न उपयोग करने वाले चालकों को हेलमेट लगाने की अपील की गई व बताया गया कि जीवन अनमोल है हेलमेट लगाकर हम अपने जीवन को सुरक्षित कर सकते है।

## कपड़ा प्रेस करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

अमेठी। थाना जायस क्षेत्र के मोहल्ला शेखाना मोहल्ला स्थित जेर मस्जिद के पास एक युवक अपने घर पर कपड़ा प्रेस कर रहा था कि वह अचानक विद्युत करेंट की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन आनन फानन में पीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर ताला लटकता मिला तो सीएचसी फुरसतगंज लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के मोहल्ला शेखाना निवासी सूरज पुत्र राजेश कुमार उम्र बाइस वर्ष की सोमवार को सुबह घर पर कपड़ा प्रेस कर रहा था।इसी दौरान अचानक प्रेस में ऊपर से तेज करंट प्रवाहित होने लगा और सूरज उसकी चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह बेहोश होकर गिर पड़ा।परिजन उसे तुरंत लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस पहुंचे लेकिन वहां ताला बंद मिला जिससे परिजन परेशान हो उठे।इसके बाद परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से सूरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पीएचसी जायस समय पर खुला होता और तुरंत इलाज मिल जाता तो संभव है कि सूरज की जान बच सकती थी। बताया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में आये दिन ताला बंद रहता है जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है।सूरज की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया है और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सही आधार सम्पूर्ण मतदाता सूची होती है : राजेश तिवारी

अमेठी। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में मंगलवार को जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला एवं ब्लाक स्तर के पदाधिकारियों, बूथ समितियों युवाओं महिलाओं तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश तिवारी ने मतदाता सूची के व्यवस्थित और निष्पक्ष पुनरीक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सही आधार और सम्पूर्ण मतदाता सूची होती है।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर घर घर जाकर मतदाता जोड़ने, त्रुटियों को ठीक करने तथा वंचित नागरिकों का नाम सूची में सम्मिलित कराने के निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक बूथ पर टीमों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना होगा ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाये।बैठक का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु चौदह दिसम्बर को रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाली राहुल गांधी की विशाल रैली को लेकर तैयार रहे। राजेश तिवारी ने रैली को ऐतिहासिक एवं जनसरोकारों की आवाज़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया और कहा कि यह रैली देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुददो पर जनभावनाओं को मजबूत रूप से अभिव्यक्त करेगी। उन्होंने अमेठी सहित पूरे क्षेत्र से अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन बूथ से लेकर जिला स्तर तक पूरी शक्ति और समर्पण के साथ सक्रिय है।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि अमेठी सदैव से कांग्रेस की शक्ति का केंद्र रहा है और आगे भी जनहित की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।इस बैठक में संगठन प्रभारी फरहान वारसी जी,अरविन्द चतुर्वेदी, अनिल सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# गुरु तेज बहादुर सिंह के शहीद दिवस पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद पहुंचे अमरैया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। ब्लॉक रोड स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा में पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने गुरु तेज बहादुर सिंह के शहीद दिवस पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि गुरु तेज बहादुर सिंह का बलिदान सदियों तक मानवता को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता रहेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास से जुड़े कई मुद्दे भी उनके सम्मुख रखे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही। मंत्री ने प्रदेश और जिले के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समर्पित भाव से जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने गुरुद्वारा परिसर में नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएँ भी सुनीं। गुरुद्वारा कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद अमरैया खाता पहुँचे, जहाँ आयोजित जनसभा में ग्रामीणों ने सड़क,आवागमन और बिजली से जुड़ी समस्याओं को उनके सामने रखा। मंत्री ने सभी मुद्दों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इसके बाद वे रघुनाथपुर पहुँचे, जहाँ दूसरी जनसभा में भी उन्होंने जनता से सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। पूरे दौरे के दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने मंत्री के सामने स्थानीय समस्याओं व आवश्यकताओं को खुलकर रखा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,भाजपा विधायक बाबूराम पासवन व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एडीएम ने एसआईआर फीडिंग कार्य का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**टीम को समयबद्ध पूर्ण करने की दी हिदायत**

पीलीभीत। जिले मे कई तहसीलों पर एसआईआर फीडिंग कार्य की प्रगति का जायजा लेने एडीएम प्रसून द्विवेदी पहुंचे उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ, लेखपालों और सुपरवाइजर्स से फीडिंग की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एसआईआर फॉर्म फीडिंग कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्य शासन की प्राथमिकता सूची में है अतः निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए।

एडीएम ने अधिकारियों को फीडिंग प्रक्रिया में आ रही समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश भी दिए एडीएम ने संबंधित टीमों को डेटा की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बीएलओ और लेखपालों को टीम भावना से कार्य करना चाहिए, ताकि लक्ष्य को समय से पहले पूरा करके इसे जिले में एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सके निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और फीडिंग कार्य को शीघ्रता से गति देने पर बल दिया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने कार्य को तेजी से पूरा करने का आश्वासन दिया है।

## एसपी के निर्देशन पर टाइगर ऑफ रोड चैंपियन के तहत सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता अभियान

पीलीभीत। यातायात माह 2025 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ''टाइगर ऑफ रोड'' और ''सड़क के शेर'' सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जैसे अभियानों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। इन अभियानों का उद्देश्य नागरिकों और छात्र-छात्राओं को हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने, यातायात के नियमों का पालन करने, और तेज गति और मोबाइल फोन के उपयोग से बचने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके जिसका मुख्य उद्देश्य हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना,यातायात संकेतों का पालन करना,तेज गति से गाड़ी न चलाना,गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करना है।

## दिल्ली आंदोलन की पाँचवीं वर्षगांठ पर बीकेयू का आज कलेक्टर में करेगी धरना प्रदर्शन

पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला सचिव ने जनपद के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय आह्वान के तहत 26 नवंबर 2025 को दिल्ली में हुए किसान आंदोलन की पाँचवीं वर्षगांठ पर पुरानी लंबित मांगों को दोहराते हुए कलेक्ट्रेट पीलीभीत में शांतिपूर्ण धरनाऽप्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। संगठन ने बताया कि किसानों से जुड़े कई मुद्दे वर्षों से लंबित हैं, जिनके समाधान हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं से पहुचने की अपील की है।

## शारदा नदी पर पेंटून पुल निर्माण में आई तेजी रस्सी से नापी जा रही पेंटून पुल की संभावित लंबाई

पूरनपुर। धनाराघाट क्षेत्र में शारदा नदी पर बनाए जाने वाले अस्थाई प्रस्तावित पेंटून पुल की तैयारी चल रही है, पुल निर्माण से पहले नदी की वास्तविक चौड़ाई और पानी के बहाव का अनुमान लगाने के लिए विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर रस्सी के सहारे पेंटून पुल की संभावित लंबाई नापी। अधिकारियों के अनुसार, बरसात के बाद नदी का जलस्तर स्थिर होने पर पुल निर्माण का कार्य तकनीकी मानकों के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है। कि धनाराघाट पर पेंटून पुल बनने से क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। अभी लोगों को नाव के सहारे नदी पार करना पड़ती हैं।

## सरांय सुन्दरपुर पुलिया के पास में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पीलीभीत। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिठौरा कला निवासी रामप्रसाद राय ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पुत्र 20 अक्टूबर को बाइक से घर बापस लौट रहा था, तभी सरांय सुन्दरपुर पुलिया के पास में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे राजकुमार घायल हो गया था और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी, पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## बहन के घर से लौटते समय ट्रेन की चपेट में आया भाई, मौत

मीरजापुर । जिगना थाना क्षेत्र के चड़ेरू चौकठा गांव के सामने मंगलवार रात लगभग साढ़े सात बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेज दिया।जीआरपी प्रभारी धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर डाउन लाइन से क्षत-विक्षत हालत में एक युवक का शव बरामद हुआ है। उसने लाल रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का लोवर पहन रखा था। शव की शिनाख्त के समय रेलवे लाइन के किनारे एक साइकिल और उस पर टंगे दो झोले भी मिले।उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि युवक लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया।

# मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले मांगे दस हजारडीपीआरओ से हुई शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पिता की मृत्यु के उपरांत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल के एवज में ग्राम पंचायत सचिव व उनके पति द्वारा ध10 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत राज आिकारी को शिकायती पत्र देकर मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल दिलाए जाने के साथ-साथ भ्रष्ट कर्मचारियों व उनके पति पर कार्यवाही की मांग की गई।

धम्मौर थाना क्षेत्र के कमोलिया गांव निवासी पप्पू कोरी ने जिला पंचायत राज आिकारी को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि गांव की सेक्रेटरी संगीता पाल व उनके पति चंद्रभान पाल द्वारा उनके पिता अंगद कोरी का मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने के एवज में ध10000 की रिश्वत मांगी गई उनके द्वारा ध5000 चन्द्र भान पाल को एडवांस के रूप में भी दिया गया एक बार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने के बाद आनन फानन में पंचायत सचिव द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र कैंसिल कर दिया गया अब जारी करने के लिए हीला हवाली की जा रही है.। पप्पू कोरी ने पंचायत सचिव संगीता पाल के नाम पर उनके पति चंद्रभान पाल द्वारा संगीता पाल का सरकारी अभिलेखों पर हस्ताक्षर करने योजनाओं के लाभ के बदले उगाही करने पंचायत की बैठकों में स्वयं उपस्थित रहने का गंभीर आरोप लगाया है। दिए गए शिकायती पत्र में जारी मृत्यु प्रमाण पत्र व कैंसिल मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति का भी उल्लेख पप्पू कोरी द्वारा किया गया है।

## एसडीएम एवं तहसीलदार ने दो बीएलओ को किया सम्मानित

पूरनपुर। विधानसभा में चल रहे एसआईआर अभियान में ब्लॉक पूरनपुर के दो बीएलओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सबसे पहले अपना लक्ष्य पूरा किया निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वाधिक एसआईआर फार्मों का डिजिटाइजेशन कर दोनों बीएलओ ने न केवल अपना कार्य समय से पहले पूरा किया, बल्कि पूरनपुर तहसील को जिले में मजबूत स्थिति दिलाने में अहम योगदान दिया तहसीलदार ने बताया कि दोनों बीएलओ बूथ संख्या 229 व 232 के बीएलओ रंजीत सिंह व रामस्नेही जो बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं ने लगभग 90 फीसदी एसआईआर फार्मों का डिजिटाइजेशन कर सराहनीय कार्य किया जिसे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार आशीष गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर दोनों बीएलओ को सम्मानित किया एसडीएम ने बताया कि एसआईआर अभियान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है और अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# विधायक खेल स्पर्धा का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-2026 के अंतर्गत ‟विधायक खेल स्पर्धा‟ का आयोजन पूरनपुर नगर के एक स्कूल में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक ने 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मैदान में उपस्थित छात्राओं ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ दौड़ में भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।कार्यक्रम के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी अमित कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी छवि राम सिंह, उपजिलाधिकारी अजीत सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमार, जिला विकास अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ गण भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने ग्रामीण खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है।

# राष्ट्रीय फलक पर चमकते सितारो ने नेशनल टूर्नामेंट में हासिल किया गोल्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता







सुल्तानपुर। जिले के होनहार खिलाड़ी अपने खेल करियर में एक और गोल्ड जीत कर सुल्तानपुर जिले वासियों का मान बढ़ाया है। शाश्वत शुक्ल की जीत से प्रदेश भर के खिलाड़ी शुभचिंतक जश्न में डूबे हुए हैं परिजनों को बााई देने वालों का ताता लगा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार बरेली में सम्पन्न हुई ताइक्वांडो नेशनल अफिसियल टूर्नामेंट में सुल्तानपुर के शाश्वत शुक्ला ने गोल्ड मेडल जीता है। जानकारी मिली कि अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी शाश्वत शुक्ल दिल्ली की टोकस एकेडमी में प्रशिक्षणरत हैं उन्होंने टीएफआई (ताइक्वांडो फेडरेशन अफ इंडिया) द्वारा आयोजित 41वें नेशनल सीनियर्स अफिसियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 जो 21 से 23 नवंबर के बीच बरेली के स्मार्ट सिटी हल स्पोर्ट स्टेडियम में सम्पन्न हुई, उसमें अपनी प्रतिभा साबित करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। शाश्वत की इस महत्वपूर्ण उपलबि के लिए उनके परिवार सहित जिले के खेल प्रेमियों व शुभ चिंतको ने खुशी जाहिर की है और साथ ही इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है। अनगिनत मेडल अपने नाम करने वाले शाश्वत शुक्ला ने अपनी समस्त उपलबियों का श्रेय अपनी समाजसेवी मां संगीता शुक्ला अपने कोच हरीश टोकस और अपनी बड़ी बहन सिमोन शुक्ला को दिया जो कि ताइक्वांडो की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के साथ ही नेशनल रेफरी का भी दायित्व निभाती हैं और सिमोन सुल्तानपुर जिले की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की ब्रांड एम्बेसडर भी हैं।

## स्टेशन रोड और कोतवाली रोड पर जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सांसद के काफिले के बाद बढ़ी परेशानी

पूरनपुर। स्टेशन रोड और कोतवाली रोड पर भीषण जाम लग गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद का काफिला जैसे ही इन मार्गों से गुजरा, उसके तुरंत बाद जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। रोजाना जाम की समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोग बताते हैं कि इन सड़कों की चौड़ाई कम होने के साथ-साथ अवैध पार्किंग और सड़क किनारे लगने वाले बाहन के कारण स्थिति और भी बिगड़ जाती है। काफिले के गुजरने के बाद सड़क पर वाहनों की आवाजाही और बाधित हो गई, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो गई।

# पच्चीस फिट का मार्ग सिकुड़ कर हो गया ग्यारह फिट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पयागीपुर के पास अतिक्रमणकारी द्वारा सड़क पर कर लिया गया कब्जा अब दिखा रहा धैंस। शंकर बिहार कलोनी में निवास कर रहे जैनेन्द्र सिंह द्वारा सड़क पर अपना अवैा गृह निर्माण कर सड़क को बााित कर दिया गया है। शंकर बिहार कलोनी में नगरपालिका में दर्ज 25 फिट की सड़क जैनेन्द्र सिंह के घर के सामने सिकुड़कर 11 फिट की हो गई है। यही नह सड़क पर कंटीले वृक्ष लगाकर मोहल्ले के लोगों के आवागमन को भी बााित कर दिया गया है।

सरकार एवं शासन की मंशा के विपरीत जैनेन्द्र सिंह द्वारा सरकार को साी चुनौती दी जा रही है। अब देखना है कि जनमानस के खिलाफ सरकार की एंटी भू माफिया नीति के अनुरूप जिम्मेदार आिकारियों द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है? जनपद के आिवक्ता शिशिर कुमार सिंह जनहित के मामलों को बड़ी निर्भीकता से उठाते रहे हैं। प्रकरण की लिखित रूप से अयक्ष नगर पालिका, जिलाािकारी, उपजिलाािकारी, सभासद पयागीपुर आदि उच्च आिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल कठोर कार्यवाही करने की मांग भी की है।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने महिला को खरीदने वाले मुख्य आरोपित हरियाणा निवासी को किया गिरफ्तार

बांदा । उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में मानव तस्करी व बाल संरक्षण के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में बांदा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने हरियाणा के उस मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने एक महिला को 1 लाख 38 हजार रुपए में खरीदकर जबरन विवाह किया था।चित्रकूट जनपद की एक पीड़िता ने 22 नवम्बर को थाना ‟कोतवाली‟ बांदा में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाया था कि उसकी ही माता मुन्नी और भाई जयनारायण ने उसे 20 नवम्बर को बांदा लाकर एक अनजान व्यक्ति कृष्ण कुमार पुत्र शिवराम, निवासी वासवार, थाना हसनपुर, तहसील होडल, जिला पलवल (हरियाणा) को 1,38,000 रुपए में बेच दिया और जबरन शादी करा दी।

## सम्पादकीय

# नई श्रम संहिताएं

इसमें दो राय नहीं कि नई श्रम संहिताएं लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नये दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं मसलन वेतन,औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। केंद्र सरकार 29 केंद्रीय कानूनों की जगह चार संहिताओं को लाने वाले इस कदम को ऐतिहासिक सुधार के तौर पर पेश कर रही है। दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। इस पहल में कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वायदा किया गया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं। सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक वैधानिक अधिकार, अनिवार्य लिखित नौकरी अनुबंध, निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिये बेहतर ग्रेच्युटी तक पहुंच और स्वास्थ्य व सुरक्षा पर स्पष्ट मानदंड, औपचारिक प्रावधानों और पारदर्शिता की दिशा में बदलाव को रेखांकित करते हैं। निश्चित रूप से सामाजिक-सुरक्षा ढांचे के भीतर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को मान्यता देना शायद सबसे बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन माना जा सकता है। सही मायनों में यह बदलाव लंबे से समय से वैधानिक दायरे से बाहर रह रहे एक बड़े वर्ग को मान्यता प्रदान करता है। निश्चय ही, ये देश के लाखों कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। वहीं दूसरी ओर ये संहिताएं महिलाओं के लिये भी रोजगार की समान परिस्थितियां अनिवार्य बनाती हैं। इस प्रयास से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी का दायरा बढ़ेगा। हालांकि, इन प्रयासों से जुड़ी कुछ जरूरी चेतावनियां भी सामने आ रही हैं। उदाहरण के लिये औद्योगिक संबंध संहिता, छंटनी और संस्थान को बंद करने के लिये सरकारी मंजूरी की सीमा को सौ कामगारों से बढ़ाकर तीन सौ कर देती है। इन नई श्रम संहिताओं के लागू होने पर उद्योग जगत जहां इस बदलाव को लचीला बताकर स्वागत कर रहा है, वहीं श्रम संगठनों को चिंता है कि इससे रोजगार की सुरक्षा कम होगी। ऐसी ही कई आशंकाओं को लेकर देश की कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। उनका तर्क है कि नई व्यवस्था कामगारों के सामूहिक दबाव से बातचीत की गुंजाइश को कमजोर करती है। साथ ही सत्ता का झुकाव नियोक्ताओं की ओर नजर आता है। वहीं दूसरी ओर नये प्रावधानों का क्रियान्वयन राज्यों पर निर्भर करेगा। जिन्हें इसके बाबत पूरक नियम बनाने होंगे। राज्यों द्वारा असमान रूप से प्रावधान अपनाने से एकीकृत रूप से राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माण में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर इन संहिताओं की सफलता प्रवर्तन की ईमानदारी पर निर्भर करेगी। यह प्रयास तभी प्रभावी होगा जब कार्य परिस्थितियों का पारदर्शी निरीक्षण, सकारात्मक परिणाम देने वाले शिकायत तंत्र और अनौपचारिक कार्यबल तक सही मायने में पहुंचने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाएं सिरे चढ़ सकेंगी। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है। लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा।

दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। इस पहल में कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वायदा किया गया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के सुझावों की रोशनी

जी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र इस बार जिस गंभीर मुद्दे पर केन्द्रित रहा, वह दुनिया के सामने उभरते खतरों की बदलती प्रकृति को स्पष्ट करता है। भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के साथ-साथ ड्रग तस्करी को भी वैश्विक शांति, सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए उतना ही घातक बताया जितना किसी संगठित हिंसा को माना जाता है। उनकी यह चेतावनी केवल कूटनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि बढ़ती वैश्विक वास्तविकताओं का सटीक विश्लेषण है। यह तथ्य अब निर्विवाद है कि मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवाद को ईंधन प्रदान करने वाला सबसे बड़ा स्रोत बन चुकी है। अरबों डॉलर का यह अवैध व्यापार केवल अपराध जगत को नहीं बल्कि राष्ट्रों की सुरक्षा, समाज की स्थिरता और युवाओं के भविष्य को भी चूर-चूर कर रहा है। मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है। ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं या फिर समझौते करने को मजबूर हो जाती हैं। मोदी ने इस पर नियंत्रण के लिये दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता व्यक्त की। जी-20 देशों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे ड्रग्स के अवैध उत्पादन, वितरण, ऑनलाइन डार्क-नेट व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले भुगतान और सीमा-पार तस्करी पर न केवल नियंत्रण करें बल्कि इसके खिलाफ साझा रणनीति भी अपनाएं। मोदी ने इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए-प्रत्येक देश में अवैध वित्तीय गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण, एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास, डेटा साझाकरण को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करना तथा डिजिटल और साइबर अपराधों के विरुद्ध नई वैश्विक नीति बनाना। एआई का दुरुपयोग आज केवल गलत सूचना फैलाने या साइबर अपराध तक सीमित नहीं रहा; उसके माध्यम से ड्रग्स की ऑनलाइन बिक्री, नकली पहचान, एनक्रिप्टेड चैनल और तस्करों के गुप्त नेटवर्क को चलाने में भी व्यापक उपयोग होने लगा है। इस पर रोक अब सामूहिक प्रयासों के बिना संभव नहीं। इस वर्ष का जी-20 शिखर सम्मेलन अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद काफी सफल माना गया। यह सफलता केवल उपस्थिति की संख्या में नहीं बल्कि चर्चाओं की गुणवत्ता, मुद्दों की गंभीरता और लिए गए निर्णयों के ठोस स्वरूप में दिखाई दी। बड़े देशों का एक-दूसरे से समन्वय और वैश्विक चुनौतियों को लेकर स्पष्टता इस सम्मेलन की बड़ी उपलब्धि रही। दुनिया का बदलता भू-राजनीतिक वातावरण, यूक्रेन और मध्य-पूर्व जैसे संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं और ग्लोबल साउथ की महत्वाकांक्षाएं-इन सबके बीच भी यह सम्मेलन शांत, रचनात्मक और समाधान-उन्मुख रहा। यह संकेत है कि दुनिया के राष्ट्र अब प्रतिस्पर्धा से ज्यादा सहयोग को प्राथमिकता देने लगे हैं। ड्रग-तस्करी और आतंकवाद जैसे मुद्दे किसी भी देश की सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते; इसलिए उनका समाधान भी सीमाओं के पार सहयोग से ही संभव है। मोदी के सुझावों का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है और दक्षिण एशिया में ड्रग-तस्करी का एक बड़ा ट्रांज़िट-पॉइंट भी बनता रहा है। भारत ने तकनीक, कानून और कूटनीति-तीनों स्तरों पर इस खतरे से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनसे दुनिया सीख सकती है। भारत का अनुभव बताता है कि ड्रग-नेटवर्क को समाप्त करने के लिए तीन मोर्चों पर काम करना अत्यंत आवश्यक है-कड़ी सीमा निगरानी, सोशल-मीडिया एवं एआई आधारित निगरानी तंत्र को मजबूत करना, और युवाओं में नशामुक्ति एवं जागरूकता को बढ़ाना। केवल कानून पर्याप्त नहीं; सामाजिक-मानसिक जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय, प्रभावशाली और केंद्रीय उपस्थिति ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वे आज वैश्विक परिदृश्य के सबसे सशक्त, निर्णायक और भरोसेमंद नेताओं में अग्रणी हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद विश्व मंच पर नेतृत्व का जो शून्य बन सकता था, उसे मोदी ने अपने संयमित, दूरदर्शी और कूटनीतिक करिश्मे से भर दिया। ड्रग-तस्करी, आतंकवाद, एआई के दुरुपयोग, वैश्विक अर्थव्यवस्था, ग्लोबल साउथ और मानव-कल्याण जैसे विविध मुद्दों पर उनकी स्पष्ट दृष्टि और व्यावहारिक समाधान ने दुनिया को यह विश्वास दिलाया कि भारत न केवल उभरती शक्ति है बल्कि स्थिर और सकारात्मक दिशा दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक भी है। उनकी उपस्थिति ने यह भी रेखांकित किया कि बदलती वैश्विक राजनीति में जहां कई राष्ट्र आंतरिक संघर्षों और नीतिगत अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत एक विश्वसनीय, स्थिर और दूरदर्शी नेतृत्व प्रस्तुत कर रहा है। मोदी का यह उभार केवल भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा नहीं उठाता बल्कि दुनिया को एक ऐसे नेतृत्व का विकल्प देता है जो विकास, शांति, सुरक्षा और वैश्विक सहयोग के नए मॉडल को आगे बढ़ा सकता है और यही आज की दुनिया के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ल्लएकात्म मानववादङ्क के दर्शनशास्त्र को वैश्विक विकास के भविष्य में महत्वपूर्ण बताते हुए दुनिया से इसे अपनाने की अपील की। मोदी ने पारंपरिक ज्ञान, स्वास्थ्य क्षेत्र, क्रिटिकल मिनरल्स, सैटेलाइट डेटा एक्सेस, अफ्रीका में क्षमता निर्माण और ड्रग-टेरर नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उनका कहना था कि इससे दीर्घकालिक शांति, मज़बूती और सतत विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्षता की प्रशंसा की, जिसने कौशल आधारित प्रवासन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णयों पर आगे कार्य हो रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन का संकेत स्पष्ट हैः दुनिया अब नए खतरे पहचान रही है और उन पर सामूहिक कार्रवाई के लिए तैयार भी हो रही है। आतंकवाद और ड्रग-तस्करी के गहरे रिश्ते को तोड़ना वैश्विक शांति के लिए अनिवार्य है। यदि आर्थिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित समाज बनाना है, तो ड्रग-पर नियंत्रण करना ही होगा। दुनिया की बढ़ती असुरक्षा का मुकाबला केवल हथियारों से नहीं, बल्कि जागरूकता, संयम, शिक्षा और संवेदनशीलता से होगा। जब तक हम नशे के इस वैश्विक खतरे को एक सामूहिक लड़ाई न मानें, तब तक सुरक्षा केवल एक भ्रम बनी रहेगी। समाज को नशे के खिलाफ खड़ा करना आज समय की बड़ी मांग है-क्योंकि यह केवल एक अपराध के खिलाफ संघर्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने का संकल्प है। **–ललित गर्ग**

मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है। ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों–तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून–व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है।

# मध्यप्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा,स्पष्टता और मजबूती देते मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

**बबिता मिश्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की दिशा को एक नई स्पष्टता और मजबूती दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में उद्योगों से जुड़े नवाचार अब नीतियाँ और घोषणाओं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वास्तविक परियोजनाओं, निवेशकों के बढ़ते विश्वास और जमीन पर दिखाई देने वाली औद्योगिक गतिविधियों के रूप में सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुरुआत से ही यह लक्ष्य तय किया कि मध्यप्रदेश को ऐसा निवेश-अनुकूल राज्य बनाया जाए, जहाँ उद्योगों को दीर्घकालिक अवसर मिले, युवाओं के लिए रोजगार का विस्तार हो और प्रदेश की अर्थव्यवस्था अधिक स्थिर, सक्षम और टिकाऊ बने। उनकी कार्यशैली की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि वे प्रत्येक नवाचार को व्यावहारिक और क्रियान्वयन-केंद्रित तरीके से आगे बढ़ाते हैं। निवेशकों से संवाद, नीतियों का सरलीकरण, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और औद्योगिक अवसंरचना के विस्तार आदि हर स्तर पर उन्होंने समयबद्ध और परिणाम-केंद्रित कार्य शैली को प्राथमिकता दी है। इसी कारण आज प्रदेश में उद्योग स्थापना की गति पहले की तुलना में तेज दिखाई देती है, बड़े निवेश वास्तविक रूप से जमीन पर उतर रहे हैं और नए रोजगार अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश की वर्तमान औद्योगिक प्रगति यह दर्शाती है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नेतृत्व दूरदर्शी होने के साथ स्थिर, भरोसेमंद और परिणाम देने वाला है। प्रदेश अब केवल निवेश आकर्षित करने वाला राज्य नहीं, बल्कि उद्योगों के लिए एक विश्वसनीय विकल्प और रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत आधार के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश ने औद्योगिक विकास और निवेश आकर्षण के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में निवेश से जुड़े प्रयास व्यापक और बहु-स्तरीय रहे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर निवेशक समुदाय के साथ संवाद को नए आयाम दिए गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, जापान, दुबई और स्पेन में आयोजित सत्र महत्वपूर्ण साबित हुए, जिनसे प्रदेश को 89 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निवेश अभिरुचि प्राप्त हुई। राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे, नई दिल्ली, कोयम्बटूर, सूरत, लुधियाना और असम में आयोजित संवादों ने 2.3 लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव और लगभग 2 लाख रोजगार अवसरों का आधार निर्मित किया। प्रदेश के विभिन्न संभागों और जिलों जैसे उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल में आयोजित क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन तथा रतलाम के राइज- रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेवकार्यक्रम ने 2.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 3 लाख रोजगार अवसरों का सुदृढ़ आधार तैयार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उद्देश्य केवल संवाद बढ़ाना नहीं रहा, बल्कि निवेश को वास्तविक रूप से धरातल पर उतारना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रही है। इसी दृष्टि से मध्यप्रदेश जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम 2025 के माध्यम से 20 अधिनियमों के 44 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, जिससे निवेशकों और उद्यमियों के लिए अनुपालन प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और उद्योग अनुकूल बनी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों के प्रत्यक्ष परिणाम जीआईएस 2025 में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए, जहाँ प्रदेश को 26.61 लाख करोड़ रूपये की निवेश प्रस्ताव और लगभग 17 लाख रोजगार सृजित होंगे। इनमें से 6,20,325 करोड़ रुपये का निवेश वास्तविक रूप से जमीन पर उतर चुका है, जो निवेशकों के विश्वास और प्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों का मजबूत प्रमाण है। औद्योगिक अधोसंरचना के विस्तार में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पिछले दो वर्षों में 4,237 एकड़ भूमि उद्योगों को आवंटित की गई, जिससे 2 लाख करोड़ रूपये से अधिक निवेश और करीब 2.5 लाख रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। प्रदेश के 16,936 हेक्टेयर में विकसित 25 नए औद्योगिक पार्क उद्योगों के विस्तार के नए केंद्र बनकर उभर रहे हैं। विशेष औद्योगिक पार्कों के विकास में भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। धार में पीएम मित्र पार्क वस्त्र उद्योग के लिए नई संभावनाओं का केंद्र बन रहा है। यहाँ 2,158 एकड़ क्षेत्र में विकसित पार्क प्रदेश में 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क चिकित्सा उपकरण निर्माण के क्षेत्र में प्रदेश को नई पहचान दे रहा है। मुरैना का मेगा लेदर फुटवियर पार्क चमड़ा और फुटवियर उद्योग के लिए बड़े पैमाने पर अवसर तैयार कर रहा है। मोहासा-बाबई, नर्मदापुरम में विकसित नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण क्षेत्र में दोनों चरणों में 1050 एकड़ से अधिक भूमि अग्रणी कंपनियों को आवंटित की गई है।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में अवश्य करें हल्दी का सेवन, मिलेंगे फायदे

हल्दी और सर्दी का एक बहुत पुराना रिश्ता है। ठंड के मौसम में लोग हल्दी वाले दूध से लेकर कच्ची हल्दी को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। दरअसल, इसमें ऐसे कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सर्दी में होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं को आपसे दूर रखती है। बढ़ाए इम्युनिटीः ठंड के मौसम में लोगों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके कारण वह इस मौसम में खांसी, जुकाम व अन्य कई मौसमी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में हल्दी का सेवन जरूर करना चाहिए, यह एक इम्युनिटी बूस्टर की तरह काम करती है। यह एक एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-एलर्जिक की तरह भी काम करती है। इतना ही नहीं, हल्दी पाउडर श्वसन रोग जैसे अस्थमा से निपटने में भी प्रभावी है। यह समस्या सर्दियों में आम है। घटाए वजनः आप चाहे मानें या न मानें, ठंड के मौसम में अक्सर लोगों का वजन बढ़ने लगता है। दरअसल, इस मौसम में लोग तला हुआ व मीठा आदि अधिक खाते हैं। जिससे उनका वजन बढ़ जाता है। अगर आप भी अपना बढ़ता हुआ वजन देखकर परेशान है तो आपको अपनी समस्या का हल आपकी किचन में ही मिलेगा। हल्दी का सेवन करना शुरू कर दें। आप इसे सब्जी की करी से लेकर शहद या दूध के साथ मिक्स करके ले सकते हैं। यह आपको बढ़े हुए कोलेस्टॉल लेवल से छुटकारा दिलाने में मदद करेगी और वजन घटाने और उसे मैनेज करने में भी मदद करेगी। स्किन का ख्यालः यूं तो स्किन समस्याएं आपको पूरा साल ही परेशान करती हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में यह अधिक तंग करती हैं। इस मौसम में स्किन में रूखापन होना एक आम समस्या है और इसके लिए महिलाएं महंगी-महंगी क्रीम व पार्लर टीटमेंट लेती हैं। आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है, बस आप हल्दी को अपनी स्किन का साथी बनाइए। आप हल्दी, दूध और शहद को मिक्स करके एक पेस्ट बनाएं और उसे स्किन पर लगाएं। जहां एक ओर यह पेस्ट एक्सफोलिएटिंग एजेंट के रूप में काम करेगा, वहीं दूसरी ओर स्किन को हाइडेट भी करेगा। जिसके कारण आपको रूखी स्किन से छुटकारा मिलेगा। जोड़ों का दर्दः ठंड के मौसम में जोड़ों का दर्द यकीनन काफी तंग करता है। चूंकि हल्दी पाउडर में एंटी-इंफलेमेटरी गुण होते हैं, इसलिए यह रोगी को जोड़ों के दर्द से राहत दिलाती है। इस बदलते मौसम में आप हल्दी का सेवन शुरू कर दें। यकीनन आपको दर्द से काफी हद तक आराम मिलेगा।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

## पर्यटन



# कुदरती खूबसूरती से सराबोर पुलवामा को कहा जाता है कश्मीर का 'राइस बाउल'

पुलवामा का नाम लेते ही शायद आपको भी आतंक और दहशतगर्दी की याद आ जाती होगी, लेकिन कश्मीर का यह जिला कुदरत का नायाब तोहफा है। झरने, घाटी और पहाड़ों से घिरा पुलवामा आपकी सारी थकान और तनाव दूर कर देगा। यदि कभी जम्मू कश्मीर जाने का प्लान बनाएं तो पुलवामा की सैर अवश्य करें। पुलवामा जिले में खेती अच्छी होती है इसी वजह से इसे कश्मीर का 'राइस बाउल' यानी धान का कटोरा कहा जाता है। हरियाला, साफ आसमान, कुदरती झरने और सुंदर घाटियां पुलवामा को परफ़ेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाती है। ऐसी जगह जिसकी तलाश हर किसी को होती है छुट्टियां बिताने के लिए। एक बार पुलवामा जाकर तो देखिए यकीनन यहां की सुदंरता आपका मन मोह लेगी। ऐसा लगता है जैसे कुदरत ने बड़ी फुर्सत से बैठकर पुलवामा को संवारा हो। अहरबल झरनाः पुलवामा में कई खूबसूरत झरने हैं। अहरबल झरना यहां की मशहूर जगहों मे से एक है, यहां का प्राकृतिक सौंदर्य आपका दिल जीत लेगा। पीर पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं में घने पाइन और देवदार के पेड़ों से घिरी घाटी के बीच 25 मीटर की ऊंचाई पर तेजी से बहता अहरबल झरने को देखने का अनुभव आपके लिए यादगार बन जाएगा। पयेर मंदिर : झरने और कुदरती खूबसूरती के साथ ही पुलवामा में कई मंदिर भी है, जिसमें से एक है पयेर मंदिर। इसके बारे में कहा जाता है कि यह मंदिर 0वीं शताब्दी में बनवाया गया था। इस मंदिर की खासियत यह है कि यह एक ही पत्थर से बना है। इसकी वास्तुकला पर्यटकों आकर्षित करती है। यह मंदिर घने जगंलों के बीच स्थित है। अवंतीश्वर मंदिरः यह पुलवामा के ऐतिहासिक मंदिरों में से एक है। भगवान विष्णु और भगवान शिव को स?मर्पित है इस मंदिर को 9वीं शताब्दी ईस्वी में राजा अवंति वर्मा ने बनवाया था। अवंतीश्वर मंदिर झेलम नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर के देखभाल की जिम्मेदारी पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत होती है। मंदिर की दीवारों पर प्राचीन लोक कथाओं और देवताओं की बहुत बारीक नक्काशी है। दुनियाभर से लोग इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण, कलश यात्रा आज

# 11 हजार महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

### डीएम शशांक ने लिया आयोजन स्थल जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। स्थानीय पल्हरी चौराहा स्थित जेब्रा पार्क में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शक्ति संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ 26 नवंबर बुधवार से विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन से संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। संपूर्ण जेब्रा पार्क परिसर बासंती रंग में सराबोर हो गया है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने दल बल के साथ आयोजन स्थल का मुआयना करके हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त किया।

गायत्री शक्तिपीठ के जिला समन्वयक ए.पी. शर्मा एवं सह-समन्वयक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि आयोजन को संपन्न कराने के लिए जनपद के सभी विकासखण्डों के ब्लॉक संयोजकों,प्रज्ञा मंडल एवं महिला मंडल के संचालकों,समय दानी कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से अपनी-अपनी जिम्मेदारियां संभाल ली हैं। यज्ञशाला, संस्कारशाला,देवमंच, प्रवचन पाण्डाल ,साहित्य स्टाल, प्रखर प्रज्ञा-सजल श्रद्धा स्मारक के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। भोजनालय, सुरक्षा आवास, देवपूजन अनुदान काउंटर स्थापित हो गया है। आयोजन के संबंध में मीडिया प्रभारी उमाकान्त बाजपेयी एवं डॉक्टर संजय तिवारी ने बताया कि 11 हजार महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा चार स्थानों से निकलेगी जिसमें गायत्री शक्तिपीठ से दोपहर 12:00 देवा, निंदूरा, फतेहपुर, लखनऊ से आने वाली महिलाओं का नेतृत्व होगा।दूसरी कलश यात्रा नागेश्वर नाथ मंदिर से निकाली जाएगी जिसमें रामनगर, मसौली, बनीकोडर, दरियाबाद टिकैतनगर की महिलाएं शामिल रहेंगी।तीसरी कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ आजाद नगर बाराबंकी से शुरू होगी जिसमें शहर की माताएं-बहने हिस्सा लेंगी। चौथी कलश यात्रा श्री राम कॉलोनी पार्क से निकलेगी, जिसमें हरख,सिद्धौर, हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज और बड़ेल क्षेत्र की महिलाएं शामिल होगी। समस्त कलश यात्राओं के प्रभारी भी मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं।उक्त कलश यात्रा ऐतिहासिक व अवर्णनीय होगी। आयोजन के मीडिया प्रभारी उमाकान्त बाजपेयी ने बताया कि उक्त कलश यात्रा में महापुरुषों की झाँकियाँ व शक्तिकलश विशेष रूप से आकर्षण होगा।कीर्तन भजन के कलाकारों की सांस्कृतिक टीमें कलश यात्रा में आध्यात्मिक वातावरण उत्पन्न करेंगी।सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने पर्याप्त इंतजाम किया है। कलश यात्रा के साथ विशाल गायत्री महायज्ञ का आगाज हो जाएगा।

# बूढ़े बाबा मंदिर पर भी लहराया नया भगवा ध्वज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा धर्म ध्वजा फहराए जाने के तारतम्य में रामसनेहीघाट तहसील मुख्यालय स्थित बुढ़वा बाबा मंदिर पर नया ध्वज बदला गया। सेवा संघ के जिला अध्यक्ष शुभम कसौधन द्वारा नगर पंचायत स्थित बूढ़े बाबा हनुमान मंदिर में आरती पूजन कर मंदिर के शिखर पर नया धर्म ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर चंदन कौशल, विपिन कौशल, आकाश गुप्ता, नितिन श्रीवास्तव,राजेंद्र जैसवाल और पुजारी दुर्गेश अवस्थी सहित राम भक्त शामिल रहे।



### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल; जिला अस्पताल रेफर

**सिद्धौर, बाराबंकी।** जैदपुर–सिद्धौर मार्ग पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिद्धौर में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया है। दर्दनाक हादसा जानकारी के अनुसार, रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी योगेश कुमार वर्मा (30) पुत्र स्व. रामचंद्र वर्मा किसी व्यक्तिगत काम से अपनी मोटरसाइकिल से जैदपुर कस्बे आए थे। जब वह वापस लौट रहे थे, तभी क्षेत्र के भरथाई चौराहे के पास यह दुर्घटना हुई। हादसे का कारण: एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने योगेश की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

परिणाम: टक्कर इतनी भीषण थी कि योगेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों ने दिखाई तत्परता दुर्घटना होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सिद्धौर पहुंचाया। सीएचसी सिद्धौर के चिकित्सकों ने योगेश की चोटों की गंभीरता को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अब अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

### पंडित राधेश्याम मिश्र की 135वीं जयंती मनाई गई, पोती ने साझा किए विचार

**बरेली ।** उत्तर प्रदेश के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के परिसर स्थित पंडित राधेश्याम मिश्र कथावाचक शोधपीठ में मंगलवार को महान कथावाचक पंडित राधेश्याम मिश्र की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पंडित जी की पोती डॉ. शारदा भार्गव उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि विक्रम भार्गव और संजय भार्गव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. शारदा भार्गव ने अपने संबोधन में दादाजी से जुड़ी भावुक यादें साझा कीं और बताया कि वे उनकी पांडुलिपियों व अन्य सामग्री को संकलित कर एक स्मृति–कक्ष स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। वक्ताओं ने पंडित राधेश्याम मिश्र को भारतीय कथावाचन परंपरा का आधारऽस्तंभ बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी ओजस्वी शैली से जनमानस में देशभक्ति और सामाजिक चेतना जागृत की। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कुलपति ने शोधपीठ की स्थापना को महत्वपूर्ण कदम बताया और शोधार्थियों से पंडित जी के साहित्य और योगदान पर गंभीर शोध का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अनीता त्यागी ने कहा कि जयंती मनाना हमारी सांस्कृतिक स्मृति को जीवित रखने का संकल्प है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

### रेलवे में कार्यरत सभी अधिकारियों को आईजीओटी का कोर्स पूरा करना अनिवार्य

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, प्रधान कार्यालय सूबेदारगंज के अरावली सभागार में मंगलवार को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी मुदित चंद्रा के मार्ग निर्देशन में अधिकारियों के प्रशिक्षण का एक कार्यक्रम किया गया। उल्लेखनीय है कि, रेलवे में कार्यरत सभी अधिकारियों को आईजीओटी का कोर्स पूरा करना अनिवार्य है। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने 8 कोर्स डिजाईन किए हैं, जिसमें से 03 कोर्स सभी अधिकारियों के लिए अनिवार्य है। शेष 5 कोर्स में से कम से कम 2 कोर्स पूरा करना अर्थात 50 प्रतिशत से ज्यादा कोर्स पूरा करना सभी अधिकारियों के लिए अनिवार्य है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने बताया कि यह कोर्स अधिकारियों के वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट में ऑटोमैटिक दर्ज हो जाएगी जो अधिकारी इस कोर्स को पूरा नहीं करेगें उनके वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट भरते समय उनका परफॉरमेंस देखा जाएगा। इस सम्बंध में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर मध्य रेलवे के सभी विभागों के अधिकारियों एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में सहायक कार्मिक अधिकारी लव कुश द्वारा सभी अधिकारियों को इस सम्बंध में सभी जानकारी प्रदान की गई। वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि इसमें यह भी बताया गया कि सभी अधिकारी के द्वक्वद्व पोर्टल पर दर्ज मोबाईल नम्बर एवं ईमेल आईडी और परिचय पोर्टल में में दर्ज मोबाईल नम्बर एवं ईमेल आईडी समान होना चाहिए।

### स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहा में 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के चौबेपुर उमरहा में स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में मंगलवार को 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव की विधिवत शुरूआत हुई। यह महोत्सव विहंगम योग के 102वें वार्षिकोत्सव और 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का हिस्सा है। महोत्सव में भाग लेने के लिए अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, कनाडा, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया सहित 18 देश के श्रद्धालु धाम में पहुंच गए है। देश से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, समेत कश्मीर से कन्याकुमारी तक के अनुयायी भी पूरे दिन आते रहे।

धाम परिसर में पहुंच कर श्रद्धालु 'अ' अंकित सफ़ेद ध्वजा लिए जय सदगुरुदेव का नारा लगाते रहे। महोत्सव में सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद ज्ञान की गंगा बहाई। उन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व की आदि संस्कृति और भारत भूमि को मातृभूमि बताया। इस मौके पर संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने भी श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिया। शाम 6 बजे से रात्रि 9 तक संत प्रवर ने स्वर्वेद कथा का अमृत रसपान कराया। पहले दिन स्वर्वेद दोहों की संगीतमयी प्रस्तुति हुई। जिज्ञासुओं श्रद्धालुओं को ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा दी गई। शारीरिक आरोग्य के लिए सुबह आश्रम के योग प्रशिक्षकों ने आसन, प्राणायाम और ध्यान का सत्र संचालित किया। महोत्सव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए गए हैं। इसमें आयुर्वेद, योग, पंचगव्य और होम्योपैथ के विशेषज्ञ चिकित्सक रोगियों को परामर्श दे रहे हैं। सायंकालीन सत्र में विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने परम्परागत लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दीं। धाम के संतों के अनुसार बुधवार को सुबह 10 बजे से 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का शुभारम्भ होगा। वैदिक पद्धति से होने वाले इस ढाई घंटे के महायज्ञ में लाखों श्रद्धालु वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ-कुण्ड में आहुतियाँ प्रदान करेंगे।

# चोरी का माल समेत धरे गए सात बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन पर जनपद में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे जनपद की स्वाट/सर्विलांस एव थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने बांसा दादरा मार्ग पर स्थित ईदगाह के निकट से शातिर चोर बीरू पुत्र आत्माराम निवासी ग्राम दलसिंहपुर थाना राम सनेहीघाट आकाश उर्फ श्यामबहादुर पुत्र हरिनाथ, . विशाल वर्मा पुत्र हंसराज, मुकेश कुमार पुत्र विनोद कुमार, किशन चौधरी पुत्र पूर्णमासी वर्मा, . संदीप कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासीगण ग्राम कूड़ी मजरे सफदरगंज व लवकुश कुमार कौशल पुत्र स्व भगवती प्रसाद निवासी ग्राम सफदरगंज बाजार थाना सफदरगंज जनपद को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से जनपद के विभिन्न टावरों से चोरी किया गया 8.630 किलोग्राम कापर तार व 68.2 फीट 1.5 एमएम का केबिल 2.5 फिट का मोटा टावर केबिल,12 फीट का मोटा टावर का केबिल, रायल इनफील्ड बुलेट नम्बर यूपी 41 बी आर 2964, हीरो एच एफ डिलक्स नम्बर यूपी 41 बी आर1358 बरामद किया

बताते चले पुलिस की गिरफ्त मे आये चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके द्वारा टावरों से कापर तारों की चोरी कर अभियुक्त लवकुश को बेचते थे जिन्हे लवकुश कापर तारों को कम रेट पर खरीद कर शहर में जाकर अच्छे दामों पर बेचता था। विगत 11 नवम्बर की रात्रि मे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बबुरिहा मे लगे जिओ टावर से केबिल तार चोरी किया गया था इसके आलावा थाना जैदपुर के ग्राम छन्दवल व बरायन में लगे टावर व थाना रामसनेही घाट के ग्राम तासीपुर व गाजीपुर में लगे टावर तथा थाना कोठी के ग्राम लखपेड़ा में लगे टावर एवं थाना असन्द्रा के देवीगंज में लगे टावर से केबिल चोरी किया था।

### संविधान दिवस ! भाषण प्रतियोगिता काआयोजन आज

बाराबंकी।संविधान दिवस 26 नवम्बर के अवसर पर डा. भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के तत्वावधान में कल 26 नवम्बर बुधवार को संविधान की प्रस्तावना पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। लखपेड़ा बाग स्थित आनन्द विहार कान्वेंट इण्टर कालेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिलेभर के स्कूल व इंटर कॉलेज तथा डिग्री कालेजों के छात्र छात्राएं संविधान की प्रस्तावना की व्याख्या विषय पर अपने विचार रखेंगे। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी, जिसका समापन तीन बजे सम्भावित है।

# काशी तमिल संगमम–4 : अस्सी घाट पर बने रंगोली में रंगों की छटा बिखरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित अस्सी घाट पर मंगलवार को काशी तमिल संगमम-4 के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर काशी व तमिल संस्कृति की समृद्ध विरासत को रंगों के माध्यम से उकेरा। घाट पर रंगों की रौनक देखकर स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश-विदेश से आए पर्यटक भी खिंचे चले आए।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने काशी और तमिलनाडु के मंदिर स्थापत्य, लोक कला, पौराणिक कथाओं और सांस्कृतिक प्रतीकों को अपनी रचनात्मकता से उकेरा। किसी ने मदुरै के मीनाक्षी मंदिर को रंगों में संवारा तो किसी ने काशी विश्वनाथ धाम को केंद्र में रखकर अद्‌भुत कला प्रस्तुत की। दोनों संस्कृतियों के संगम की झलक इन रंगोलियों में स्पष्ट दिखाई दी। कई विदेशी मेहमानों ने भी कार्यक्रम में रुचि लेते हुए कलाकारों से उनकी कृतियों और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन बीएचयू की ओर से कराया गया। कार्यक्रम का संचालन और पर्यवेक्षण नोडल अधिकारी प्रो़फ़ेसर अंचल श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र कुमार तथा डॉ. ललित मोहन (डिपार्टमेंट ऑफ पेंटिंग) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रो़फ़ेसर अंचल श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी जड़ों और भारतीय कला परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। अस्सी घाट पर दिनभर चली इस रंगोली प्रतियोगिता ने न केवल सांस्कृतिक समन्वय की मिसाल पेश की बल्कि काशी तमिल संगमम-4 के उद्देश्य–देश के विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने को भी मजबूत आधार दिया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### यूपीपीसीएल में फ़ेशियल बायोमेट्रिक मशीन इंस्टॉल मामले में उच्च न्यायालय ने मांगा जवाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विद्युत कर्मचारियों की फ़ेशियल अटेंडेंस के लिए फ़ेशियल बायोमेट्रिक मशीन इंस्टॉल करने के मामले में जवाब मांगा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव एवं न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की खंडपीठ ने सत्य नारायण उपाध्याय व नौ अन्य की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता कार्तिकेय सरन ने कहा कि सभी अपीलार्थियों का वेतन भुगतान कर दिया गया है। अपीलार्थी संख्या 3, 4 व 5 का वेतन लगातार भुगतान किया जा रहा है। अन्य के सम्बंध में उनका वेतन भी भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपीलार्थियों की आशंका गलत है। कुछ कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और स्थानांतरण के प्रस्ताव को लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने निर्देशों के आधार पर स्पष्ट रूप से कहा कि विभाग के पास किसी भी अपीलार्थी के खिलाफ उनकी उपस्थिति दर्ज करने के लिए फ़ेशियल बायोमेट्रिक का उपयोग नहीं करने के लिए स्थानांतरण या अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में अपीलार्थियों के विरुद्ध कोई ऐसी कार्रवाई की जाती है तो उन्हें कानून में उपलब्ध उचित उपाय करने की छूट है।

याची अधिवक्ता के अनुसार अपीलार्थी बिजली विभाग के टेक्नीशियन ग्रेड टू कर्मचारी हैं। विभाग चाहता था कि सभी कर्मचारी अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड करके अपनी अटेंडेंस दें। कर्मचारियों ने इसका विरोध किया और मांग की कि ऑफलाइन अटेंडेंस खत्म करने से पहले ऑफिस में यूपीपीसीएल हेडक्वार्टर लखनऊ की तरह फ़ेशियल बायोमेट्रिक मशीन इंस्टॉल की जाए। कर्मचारियों का कहना था कि मोबाइल ऐप के ज़रिए अटेंडेंस उनके व्यक्तिगत मोबाइल का उपयोग है। जबकि वे ऑफिस में सिस्टम लगने पर ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए तैयार हैं।

# उप्र में रोजगार और सामाजिक न्याय पदयात्रा 8 चरणों में होगी : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। रोज़गार दो-सामाजिक न्याय दो अभियान का अभी समापन नहीं बल्कि आरम्भ हुआ है। अब यह पदयात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में आठ चरणों में चलेगी। पहला चरण 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक रामपुर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों में निकाला जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लखनऊ पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस कर दी।

उन्होंने जनता से अपील की है कि जो लोग पिछली यात्रा में शामिल नहीं हो पाए, वे इस यात्रा से जुड़ें और मिस्ड कॉल नंबर 75000 40004 पर कॉल कर अपना पंजीकरण कराएं। संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तानाशाही और एसआईआर जैसे चुनावी घोटालों के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी रहेगी और संसद के शीतकालीन सत्र में आम आदमी पार्टी इसे पूरी ताकत से उठाएगी। एसआईआर को देश का सबसे बड़ा चुनावी घोटाला बताते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में एसआईआर के नाम पर 17 बीएलओ की जान जा चुकी है, 563 लोगों को नोटिस भेजे गए, 181 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नौकरी खत्म कर दी गई और हजारों परिवार भय और उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब चुनाव डेढ़ साल बाद होने हैं तो सरकार को एक ही महीने में पूरा एसआईआर क्यों चाहिए? क्या यह चुनाव सुधार है या विपक्ष और वंचित समाज को वोटर लिस्ट से साफ करने की सुनियोजित साजिश? संजय सिंह ने कहा कि बेरोजगारी, पेपर लीक, सामाजिक न्याय पर सरकार जानबूझकर चुप है और नकली मुद्दों के जरिए जनता को भ्रमित करना चाहती है। संजय सिंह ने 13 दिनों तक चली ल्ल्रोज़गार दोऽसामाजिक न्याय दोङ्क पदयात्रा का विवरण देते हुए बताया कि यह यात्रा छात्रों, नौजवानों, मनरेगा मजदूरों, बुनकरों, आशा बहुओं, वितरित शिक्षकों, रोजगार सेवकों तथा समाज के हर तबके से मिले व्यापक समर्थन के कारण एक बड़े जनआंदोलन में बदल गई। प्रयागराज में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा मिला अभूतपूर्व समर्थन, जगह-जगह जनता का स्वागत और हजारों लोगों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि बेरोजगारी और सामाजिक न्याय आज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी चिंताएं बन चुकी हैं। संजय सिंह ने कहा कि जब सरकार स्कूलों को बंद होने दे, अस्पतालों में मोमबत्ती की रोशनी में ऑपरेशन हों और पेपर लीक पर आवाज उठाने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज हो–तब जनता के असली मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरना ही लोकतांत्रिक कर्तव्य बन जाता है।

# सतर्कता केवल निगरानी नहीं, बल्कि कार्यप्रणाली को करती है मजबूत : न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद में निवारक सतर्कता पर तीन माह का अभियान का समापन मंगलवार को झलवा परिसर में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संस्थान में पारदर्शिता, ईमानदारी, सुशासन एवं उत्तरदायी प्रशासनिक संस्कृति को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने बतौर मुख्य अतिथि सतर्कता के विभिन्न नैतिक, प्रशासनिक और कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सतर्कता केवल निगरानी नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच है जो संस्थागत कार्यप्रणाली को मजबूत करती है। उन्होंने ट्रिपल आई टी इलाहाबाद द्वारा निरंतर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और छात्रों को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।

निदेशक प्रो. मुकुल शरद सुतावाने ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान समाज में नैतिक एवं उत्तरदायी नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान में प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने हेतु डिजिटलाइजेशन, समीक्षा तंत्र और क्षमता निर्माण गतिविधियों को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। प्रो रजत कुमार सिंह, मुख्य सतकर्ता अधिकारी ने बताया कि तीन माह के इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों में जागरूकता कार्यक्रम, दिशा-निर्देशों का प्रसार, इंटरैक्टिव सत्र, सिस्टम समीक्षा, तथा निवारक सतर्कता से सम्बंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चा, विचार-विमर्श सत्र, सतर्कता संकल्प, निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मीडिया प्रभारी डॉ पंकज मिश्र ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को यह संदेश दिया गया कि सतर्कता केवल सुधारात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक प्रोएक्टिव सिस्टम है जो भ्रष्टाचार को रोकने, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक है।

# भारत सीरीज गंवाने और क्लीन स्वीप झेलने के संकट में

एजेंसी



गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी चौथे दिन मंगलवार को पांच विकेट पर 260 रन पर घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 549 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए भारत ने स्टंप्स तक तक दो विकेट पर 27 रन बना लिए हैं। भारत अभी लक्ष्य से 522 रन पीछे है। भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया जबकि स्पिनर साइमन हार्मर ने केएल राहुल को बोल्ड किया। जायसवाल ने 13 और राहुल ने छह रन बनाये। स्टंप्स के समय साई सुदर्शन दो और नाईट वॉचमैन कुलदीप यादव चार रन बनाकर क्रीज पर थे। दक्षिण अफ्रीका इस मैच में जीत से मात्र आठ विकेट ही दूर है। वहीं भारत की सलामी जोड़ी पवेलियन लौट चुकी है। कल भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पूरे ओवर खेलने की होगी और इसके लिए भारतीय बल्लेबाज़ों को बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अब मैच का नतीजा निकलेगा या नहीं निकलेगा यह तो कल पता चलेगा लेकिन अब तक की कहानी यही है कि दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चारों खाने चित्त कर दिया है। खेल के आखिरी हिस्से में भारत के दो विकेट गिरे, जायसवाल और केएल राहुल के। मैच में अभी तीन सेशन बाकी हैं, दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए आठ विकेट चाहिए, जबकि इंडिया को 522 रन का बड़ा टारगेट चाहिए - जो असल में पहुंच से बहुत दूर है। इंडिया की जीत की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर वे अपना धैर्य बनाए रखते हैं और पॉजिटिव इरादा दिखाते हैं, तो वे अभी भी ड्रॉ कराने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की टैक्टिक्स ने कुछ लोगों को हैरान कर दिया। डिक्लेरेशन में देरी करके और बहुत ज़्यादा सावधानी बरतकर, उन्होंने बचे हुए इंडियन विकेट लेने के लिए कुछ कीमती ओवर गंवा दिए। एक ऐसे मैच में जिसमें बड़े एक्शन की जरूरत थी, इनिंग्स के आखिर में उनकी सुस्त बैटिंग ने डिक्लेरेशन को और भी हैरान कर दिया, एक ऐसा ऑप्शन जो इंडिया को बचने का रास्ता दे सकता है। उम्मीद है कि स्पिनर्स 5वें दिन स्क्रिप्ट बनाएंगे। महाराज, हार्मर और मुथुसामी के साथ, साथ ही मार्करम भी मदद के लिए मौजूद हैं, प्रोटियाज के पास खराब पिच का फायदा उठाने के लिए ऑप्शन की कोई कमी नहीं है। और फिर मार्को यानसन हैं - शायद इस टेस्ट के सबसे अच्छे परफॉर्मर। उन्होंने पहली इनिंग में जरूरी रन बनाए, और उनकी तेज शॉर्ट-बॉल की बौछार ने तीसरे दिन इंडिया के बैट्समैन को परेशान कर दिया। दक्षिण अफ्रीका उनसे उम्मीद करेगा कि वे आखिरी दिन भी वही जोश दिखाएंगे।

# भारत को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलना लगभग तय, 26 नवंबर को हो सकती है औपचारिक घोषणा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलना लगभग तय माना जा रहा है। ग्लासगो में 26 नवंबर को होने वाली कॉमनवेल्थ स्पोर्ट जनरल असेंबली में भारत की बोली को औपचारिक मंजूरी मिलने की उम्मीद है। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इस बार यह बहु-खेल आयोजन अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स बोर्ड ने भारतीय बोली की सिफारिश की थी, जिसे मूल्यांकन समिति ने तकनीकी तैयारी, खिलाड़ियों के अनुभव, आधारभूत ढांचे, सुशासन और कॉमनवेल्थ मूल्यों के अनुरूपता के आधार पर परखा। 2030 संस्करण के लिए भारत का मुकाबला नाइजीरिया के अबुजा शहर से था, लेकिन संगठन ने अफ्रीकी राष्ट्र को 2034 संस्करण के लिए विचार करने का फैसला किया है, ताकि वहां की मेजबानी की तैयारियों को लंबी अवधि में समर्थन और गति दी जा सके। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के मुताबिक असेंबली के दौरान भारत की ओर से अहमदाबाद में होने वाले खेलों की विजन प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद सदस्य देश मिलकर 2030 के सेंचुरी एडिशन के मेजबान पर अंतिम निर्णय लेंगे। इसके तुरंत बाद एक विशेष प्रसारण के जरिए औपचारिक घोषणा की जाएगी। भारत की ओर से इस बैठक में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुनल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी.टी. उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष सांघवी सहित कई प्रतिनिधि मौजूद हैं। औपचारिक घोषणा भारतीय समयानुसार शाम करीब 6:30 बजे होने की उम्मीद है। हाल के महीनों में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप, एशियन एक्वाटिक्स चैंपियनशिप और एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2026 क्वालिफायर जैसे बड़े आयोजन सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। अगले वर्ष यहां एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप और एशिया पैरा-आर्चरी कप भी आयोजित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

**सैयद मुश्ताक ट्रॉफी : हार्दिक की वापसी, आईपीएल नीलामी से पहले घरेलू खिलाड़ियों के पास चमकने का मौका**

हैदराबाद, 25 नवंबर (भाषा) चोट के बाद वापसी कर रहे हार्दिक पंड्या पर बुधवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में सभी की नजरें होंगी जबकि प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर आईपीएल की नीलामी से पहले अच्छा प्रदर्शन करके ध्यान खींचना चाहेंगे। हार्दिक ने सितंबर में एशिया कप के दौरान चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। फरवरी मार्च में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक सिर्फ टी20 प्रारूप ही खेलेंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का उनके पास यह टूर्नामेंट ही एक मौका है। टूर्नामेंट हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेला जायेगा। शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम गत चैम्पियन के तौर पर उतरेगी। बड़ौदा की टीम आठ दिसंबर तक सात ग्रुप मैच खेलेगी और मुख्य कोच मुकुंद परमार को पंड्या के अधिकांश मैचों में खेलने की उम्मीद है। परमार ने कहा ,'' वह अभी टीम से जुड़ा नहीं है लेकिन हमें उम्मीद है कि वह अधिकांश मैच खेलेगा। उसकी मौजूदगी से टीम का मनोबल बढेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई के लिये अधिकांश ग्रुप मैच खेलेंगे। शिवम दुबे भी मुंबई टीम का हिस्सा है। वहीं स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को तमिलनाडु का कप्तान बनाया गया है जो ग्रुप चरण में खेलेंगे। केरल के कप्तान संजू सैमसन भी ग्रुप चरण में नजर आयेंगे। एक समय भारतीय क्रिकेट में भविष्य का सितारा माने जा रहे पृथ्वी साव को पिछले साल नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। अब वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिये नहीं बल्कि महाराष्ट्र के लिये खेलते हैं।वह भी अच्छा प्रदर्शन करके वापसी का दावा ठोकना चाहेंगे। नीतिश राणा दिल्ली की कप्तानी करेंगे। असम के कप्तान रियान पराग और मध्यप्रदेश के वेंकटेश अय्यर की नजरें भी बेहतर प्रदर्शन पर होंगी। अय्यर को 23 . 75 करोड़ रूपये में खरीदने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है।

**स्पेन, जापान को जूनियर हॉकी विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

मदुरै, 25 नवंबर (भाषा) दो बार की कांस्य पदक विजेता स्पेन को जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है और उनके कोच ने कहा कि टीम पूरी तैयारी के साथ उतरी है। स्पेन और आस्ट्रिया की टीमें मंगलवार को यहां पहुंची जबकि जापान और चिली की टीमें चेन्नई पहुंची हैं। स्पेन के कोच ओरियोल पुइग टोरास ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा ,'' हम काफी रोमांचित हैं और इतने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर गौरवान्वित भी। हमारी तैयारियां अच्छी चल रही है और मेरा मानना है कि हमारे पास शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम है। स्पेन ने 2003 कुआलालम्पुर जूनियर विश्व कप में भारत को हराकर कांस्य पदक जीता था। स्पेन को पूल डी में बेल्जियम, नामीबिया और मिस्र के साथ रखा गया है। वह शुक्रवार को मिस्र से पहला मैच खेलेंगे। वहीं चौथा पुरूष जूनियर विश्व कप खेल रही जापान की टीम पूल सी में अर्जेंटीना, चीन और न्यूजीलैंड के साथ है। जापान के मुख्य कोच योशिहिरो अनाइ ने कहा ,'' हमने विश्व कप की अच्छी तैयारी की है। हम जापान की सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर पुख्ता तैयारी से आये हैं। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**भारत अजलन शाह कप हॉकी में बेल्जियम से 2-3 से हारा**

इपोह (मलेशिया), 25 नवंबर (भाषा) भारत ने मंगलवार को यहां बारिश से प्रभावित सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के मैच में डटकर मुकाबला किया लेकिन आखिर में वह बेल्जियम से 2-3 से हार गया। भारत के लिए अभिषेक (33वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (57वें) ने, जबकि बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17वें और 57वें) और निकोलस डी केर्पेल (45वें) ने गोल किए। डिफेंडर संजय की अगुवाई में भारत ने छह टीमों की प्रतियोगिता में रविवार को तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहला मैच 1-0 से जीता था। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। इसके बाद उसने जल्द ही दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल कर लिया। लेकिन दोनों अवसरों पर भारतीय रक्षापंक्ति ने डटकर मुकाबला किया और सुनिश्चित किया कि पहले क्वार्टर के अंत तक वे बराबरी पर रहें। भारतीय गोलकीपर पवन ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन वह 17वें मिनट में रोमन डुवेकोट को गोल करने से नहीं रोक पाए जिससे बेल्जियम ने बढ़त हासिल कर ली। भारत ने दूसरे हाफ में पूरी ताकत झोंक दी और 33वें मिनट में अभिषेक के शानदार गोल से स्कोर बराबर कर दिया लेकिन बेल्जियम ने निकोलस डी केर्पेल (45वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से फिर से बढ़त हासिल कर ली। रोमन डुवेकोट (46वें मिनट) ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में गोल करके बेल्जियम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। जब मैच खत्म होने में केवल तीन मिनट का समय बचा था तब शिलानंद लाकड़ा (57वें मिनट) ने रविचंद्र सिंह के शानदार क्रॉस पर गोल करके भारत को उम्मीद की किरण दिखाई लेकिन वह बराबरी का गोल नहीं कर पाया। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को मलेशिया से होगा।

**इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया**

नयी दिल्ली, 25 नवंबर (भाषा) रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। जून तिमाही में उच्च वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कम प्रभाव को देखते हुए यह अनुमान बढ़ाया गया है। इंडिया रेटिंग्स के बयान के अनुसार, उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह उसके पिछले अनुमान 6.3 प्रतिशत (जुलाई, 2025 में जारी) से 0.7 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जो पांच तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि जुलाई, 2025 में उसके अंतिम अनुमान के बाद से घरेलू और वैश्विक दोनों परिदृश्यों में काफी बदलाव आया है। अमेरिका के सभी देशों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि के कारण अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य प्रमुख बाधाएं हैं। भारत पर अगस्त, 2025 से जो शुल्क लगाया गया है, वह सबसे

# फीफा अंडर-17 विश्व कप में ब्राजील को हराकर फाइनल में पहुंचा पुर्तगाल, ऑस्ट्रिया से होगी खिताबी भिड़ंत

एजेंसी




दोहा। फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप में इस बार एक नया चैंपियन मिलेगा। सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया ने इतिहास रचते हुए पहली बार फाइनल में जगह बना ली। पुर्तगाल ने ब्राज़ील को रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से हराया, जबकि ऑस्ट्रिया ने इटली को 2-0 से मात दी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में ऑस्ट्रिया का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। जहां सीनियर पुरुष टीम ने 28 साल बाद फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, वहीं अब अंडर-17 टीम ने अपनी धमाकेदार लय बरकरार रखते हुए फाइनल में प्रवेश किया। टीम के स्टार स्ट्राइकर जोहान्स मोज़र ने दोनों गोल दागे। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर मोज़र (7 मैच में 8 गोल), ने 57वें मिनट में पहला गोल किया और इंजरी टाइम में शानदार फ्री-किक पर दूसरा गोल दागा। दूसरा सेमीफाइनल पुर्तगाल और ब्राज़ील के बीच बेहद टक्कर वाला रहा। पूरे मैच में सिर्फ चार शॉट टारगेट पर लगे और कुल 35 फाउल हुए। चार खिताब जीतकर टूर्नामेंट में शानदार रिकॉर्ड बनाने वाला ब्राज़ील शुरुआती बढ़त की तलाश में था। टीम के उभरते सितारे डेल ने गोल के कई प्रयास किए, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर रोमारीओ कुन्हा ने उन्हें बार-बार रोका। पहले चार-पहले चार पेनल्टी दोनों टीमों ने सफलतापूर्वक बदलीं। पांचवीं पेनल्टी में पुर्तगाल के कुन्हा शॉट बार के ऊपर मार बैठे। ब्राज़ील के पास मैच जीतने का सुनहरा मौका था, लेकिन रुआन पाब्लो का शॉट पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद सातवीं पेनल्टी पर जोसे नेटो ने गोल किया और ब्राज़ील के एंजेलो कैंडिडो के मिस करते ही पुर्तगाल ने इतिहास रचते हुए पहली बार अंडर-17 विश्व कप फाइनल में जगह बना ली। फाइनल मुकाबला 27 नवंबर को दोहा के खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया के बीच खेला जाएगा। इसी दिन तीसरे स्थान के लिए ब्राज़ील और इटली के बीच मुकाबला एस्पायर अकादमी, दोहा में होगा।

## दुनिया के सबसे उम्रदराज ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने हंगरी के बेनेडेक

बुडापेस्ट। हंगरी के आधुनिक पेंटाथलॉन खिलाड़ी गाबोर बेनेडेक (98) अब दुनिया के सबसे अधिक आयु वाले जीवित ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बन गए हैं। यह जानकारी सोमवार को हंगेरियन समाचार एजेंसी एमटीआई ने दी। यह उपलब्धि तब दर्ज हुई जब पूर्व सोवियत संघ के फुटबॉल खिलाड़ी निकीता सिमोनयान का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सिमोनयान, जो आर्मेनियाई मूल के थे, ने 1956 मेलबर्न ओलंपिक में सोवियत टीम के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 12 अक्टूबर को अपना 99वां जन्मदिन मनाया था। सिमोनयान के निधन के बाद अब बेनेडेक सबसे उम्रदराज़ जीवित ओलंपिक स्वर्ण विजेता हैं। 23 मार्च 1927 को तिसाफ्यूरेड में जन्मे बेनेडेक ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत और टीम दोनों श्रेणियों में विश्व चैम्पियनशिप खिताब भी अपने नाम किए।

# राष्ट्रमंडल खेल 2030: आम सभा में भारत की मेजबानी पर औपचारिक मुहर लगने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी अधिकार हासिल करने को लेकर आश्वस्त भारत की बोली को बुधवार को ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा में औपचारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी, जो देश की वैश्विक बहु-खेल केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी योजना में मील का पत्थर साबित होगा। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है। बुधवार की आम सभा में राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड की सिफारिशों पर मुहर लगाने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। ये सिफारिश राष्ट्रमंडल खेल मूल्यांकन समिति की निगरानी में एक प्रक्रिया के बाद की गई थी। इसने मेजबानी के दावेदार शहरों का ''तकनीकी वितरण, खिलाड़ियों के अनुभव, बुनियादी ढांचे, प्रशासन और राष्ट्रमंडल खेल मूल्यों के साथ अनुकूलता'' के आधार पर मूल्यांकन किया। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए भारत को नाइजीरिया के शहर अबुजा से कड़ी टक्कर मिल रही थी, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 2034 के खेलों की मेजबानी के लिए अफ्रीका के इस शहर के नाम पर विचार करने का फैसला किया। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की ओर से जारी एक प्रेस नोट में कहा गया है,''आमसभा के दौरान राष्ट्रमंडल के सदस्य 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के संबंध में अंतिम फैसला करेंगे, जिसके बाद भारत की ओर से एक प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें अमदावाद (अहमदाबाद के रूप में भी जाना जाता है) में खेलों के लिए उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया जाएगा। औपचारिक घोषणा भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे होने की उम्मीद है। भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोग करेंगे। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने कहा, ''यह राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के भविष्य के लिए एक निर्णायक क्षण होगा तथा इसके 100 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा। भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जो शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपये से कहीं अधिक था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं जिनमें से ज़्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में भी है।

# दीप्ति, गौड़, चरणी को डब्ल्यूपीएल नीलामी में मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। लॉरा वोलवार्ट और भारत की विश्व कप में जीत की नायिका दीप्ति शर्मा सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे जबकि घरेलू खिलाड़ी क्रांति गौड़ और श्री चरणी को भी मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद है। कुल 277 खिलाड़ी (194 भारतीय और 83 विदेशी) पहली बार होने वाली इस मेगा नीलामी का हिस्सा होंगे। पांच टीमें अधिकतम 73 स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी, जिनमें 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं। वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूर्नामेंट की प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज़ कर दिया था। अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर ले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था। हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर दांव लगने के संभावना है उनमें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, उनकी हमवतन अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोलवार्ट शामिल हैं। सिर्फ एक खिलाड़ी को रिटेन करने के बाद यूपी वॉरियर्स के पास नीलामी में सबसे अधिक राशि (14.5 करोड़ रुपए) है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास सबसे कम राशि (5.70 करोड़) है।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम चुनने की आखिरी तारीख है 30 नवंबर : वित्त मंत्रालय

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्र सरकार के योग्य एनपीएस कर्मचारियों और पहले रिटायर हो चुके लोगों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विकल्प चुनने की अंतिम तारीख 30 नवंबर है। पहले यह तारीख 30 सितंबर तय की गई थी, लेकिन दो महीने की अतिरिक्त राहत दी गई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक अब जो कर्मचारी पुरानी एनपीएस को छोड़कर यूपीएस में आना चाहते हैं, उनके पास सिर्फ एक हफ्ता बचा ही है। अगर 30 नवंबर तक ऑप्शन नहीं चुना तो आप एनपीएस में ही रहेंगे। नोडल ऑफिस सभी रिक्वेस्ट को तय प्रोसेस के हिसाब से प्रोसेस करेंगे। यूपीएस के तहत मुख्य फायदों में स्विच ऑप्शन, टैक्स छूट, इस्तीफा और कम्पलसरी रिटायरमेंट बेनिफिट्स और भी बहुत कुछ शामिल हैं। एनपीएस के तहत सेंट्रल गवर्नमेंट के सभी एलिजिबल एम्प्लॉई और पहले रिटायर हो चुके लोगों से कहा गया है कि वे इन बेनिफिट्स का फायदा उठाने के लिए अपनी यूपीएस रिक्वेस्ट समय पर जमा करें। उल्लेखनीय है कि यूपीएस चुनने के बाद कर्मचारियों को बाद में एनपीएस पर वापस जाने की सुविधा मिलती है, अगर वे चाहें तो इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# जन-विश्वास विधेयक के तीसरे संस्करण से छोटे कारोबारियों को होगा फायदा : पीयूष गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि उनके मंत्रालय ने जन विश्वास विधेयक के तीसरे संस्करण के जरिए छोटे कारोबारी अपराधों को और अपराध-मुक्त करने के लिए काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने और मजदूरों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने आज नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने पहले ही लगभग 275-300 ऐसे प्रावधानों की पहचान कर ली है, जिन्हें अपराध-मुक्त की श्रेणी में डाला जा सकता है। गोयल ने सुझाव दिया कि व्यापारी समुदाय और ज्यादा प्रावधान की पहचान करके मंत्रालय को उसकी जानकारी दे। उन्होंने व्यापारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए गुरु तेग बहादुर के बलिदान को याद किया, जिनकी विरासत को लगभग 350 साल बाद याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके बताए आदर्शों पर चलने से देश को गर्व और सम्मान मिलेगा और देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि जिस विज़न के साथ गुरु तेग बहादुर ने देश को एकजुट किया, उसे याद रखना भारत की तरक्की को रास्ता दिखाता रहेगा। श्रम संहिता लागू करने पर उन्होंने कहा कि इसमें श्रमिकों के अनुकूल उपाय हैं, जैसे सभी के लिए समय पर न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया गया है। इनमें विभिन्न ई-कॉमर्स मंचों के लिए काम करने वाले अस्थायी कर्मी (गिग वर्कर) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि श्रम संहिता से कारोबार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों को स्वदेशी प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। गोयल ने कहा कि सप्लायर्स को प्रोडक्ट पैकेजिंग पर मैन्युफैक्चरिंग की जगह साफ-साफ लिखनी चाहिए और सुझाव दिया कि दुकानें यह दिखा सकती हैं कि वे स्वदेशी सामान बेचते हैं। उन्होंने मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स की मौजूदगी बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

# नफरत भरे भाषण की हर घटना पर कानून बनाने या निगरानी रखने को तैयार नहीं: न्यायालय

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह देश भर में हेट स्पीच की हर घटना पर कानून बनाने या उसकी निगरानी करने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि कानूनी उपाय, पुलिस स्टेशन और हाई कोर्ट पहले से ही मौजूद हैं।

यह टिप्पणी जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने की, जो एक खास समुदाय के सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार के कथित आह्वान का मुद्दा उठाने वाली एक अर्जी पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, ''हम इस याचिका की आड़ में कोई कानून नहीं बना रहे हैं। आप बेफिक्र रहें, हम इस देश के पॉकेट में होने वाली हर छोटी घटना पर कानून बनाने या उसे मॉनिटर करने के लिए तैयार नहीं हैं। यहां हाई कोर्ट हैं, पुलिस स्टेशन हैं, कानूनी उपाय हैं। वे पहले से ही मौजूद हैं। शुरू में सुप्रीम कोर्ट ने आवेदक से कहा था कि आवेदक अपनी शिकायत के साथ संबंधित हाई कोर्ट में जा सकता है। बेंच ने आवेदक की ओर से मामले में पेश हुए वकील से कहा, ''यह कोर्ट पूरे देश में ऐसे सभी मामलों पर नजर कैसे रख सकता है? आप अधिकारियों से संपर्क करें। उन्हें कार्रवाई करने दें, नहीं तो हाई कोर्ट जाएं।''



वकील ने कहा कि उन्होंने एक लंबित रिट याचिका में एक आवेदन दायर किया है जिसमें हेट स्पीच का मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने कहा, ''मैंने निर्देश के लिए एक आवेदन दिया है, जिसमें कोर्ट को आर्थिक बहिष्कार की इन शुरू हुई अपीलों के बारे में कुछ और उदाहरण दिए गए हैं।'' जब बेंच ने देखा कि ऐसे कॉल कुछ खास लोगों ने किए हैं तो वकील ने कहा कि कुछ जन प्रतिनिधि भी ऐसे ही कॉल कर रहे हैं। कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सार्वजनिक हित किसी एक खास धर्म के लिए सेलेक्टिव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ''सभी धर्मों में बहुत ज्यादा नफरत फैलाने वाले भाषण चल रहे हैं। मैं ये डिटेल्स अपने दोस्त (एप्लीकेंट) को दूंगा। उसे ये जोड़ने दें और सभी धर्मों के आधार पर उस पब्लिक मुद्दे को सपोर्ट करने दें। इस पर आवेदक के वकील ने कहा कि उन्होंने यह मामला कोर्ट के ध्यान में लाया है क्योंकि अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि हेट स्पीच मामले में, टॉप कोर्ट ने पहले कहा था कि अगर राज्य कोई एक्शन नहीं लेता है, तो पुलिस को खुद से एक्शन लेना होगा, और ऐसा न करने पर कंटेम्प्ट की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सॉलिसिटर जनरल इसे राज्यों के ध्यान में ला सकते हैं ताकि हेट स्पीच पर सही कार्रवाई की जा सके। फिर तुषार मेहता ने कहा, ''कोई भी हेट स्पीच में शामिल नहीं हो सकता -- यह मेरा स्टैंड है। लेकिन शिकायत करते समय, एक एक समाज-सेवी व्यक्ति चयनात्मक नहीं हो सकता।

बेंच ने आवेदक के वकील से कहा कि इसके लिए सिस्टम मौजूद हैं और वह कानून में जो भी प्रावधान है, उसका सहारा ले सकते हैं। आवेदक के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के अक्टूबर 2022 के आदेश का जिक्र किया, जिसमें तीन राज्यों को हेट स्पीच देने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया था। उन्होंने असम के एक मंत्री के मामले में दायर एक और आवेदन का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने ''बिहार चुनाव के बारे में बोलते हुए कहा था कि बिहार ने गोभी की खेती को मंजूरी दे दी है। आवेदक के वकील ने दावा किया कि यह साफ तौर पर 1989 की भागलपुर हिंसा का जिक्र था, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कई लोगों को मारकर खेतों में दफना दिया गया था। बेंच ने कहा कि इन सभी मामलों पर 9 दिसंबर को सुनवाई होगी।

## सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा रक्षा मंत्री राजनाथ का पत्र फर्जी : सूचना प्रसारण मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रसारण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह को लिखा गया कथित पत्र फर्जी है और लोगों को इस तरह की अपुष्ट सामग्रियों को साझा करने से बचना चाहिए। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक हैंडल से जारी एक पोस्ट में कहा है कि सोशल मीडिया पर एक पत्र साझा किया जा रहा है जो कथित तौर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह को लिखा है। इस पत्र में रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना के एक संवेदनशील विषय के मूल्यांकन की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने को लेकर चिंता व्यक्त की है। मंत्रालय ने कहा है कि यह पत्र फर्जी है और लोगों को बिना पुष्टि के इस तरह की जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी के लिए सरकार के आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करना चाहिए। यह भी कहा गया है कि यदि लोगों को किसी तरह के संदेहास्पद दस्तावेजों का पता चलता है तो उन्हें जांच के लिए पीआईबी फैक्ट चेक पर भेजना चाहिए।

## मोदी ने पंचजन्य शंख स्मारक का किया उद्घाटन

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पंचजन्य शंख स्मारक का उद्घाटन किया। इसके बाद श्री मोदी गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित विशेष समागम में शामिल होने पहुंचे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री गुरु तेग बहादुर के सम्मान में एक स्मृति सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। इस आयोजन के लिए 155 एकड़ क्षेत्र में विस्तृत प्रबंध किये गये हैं। इनमें 25 एकड़ का मुख्य पंडाल विशेष आकर्षण का केंद्र है। यहां गुरु ग्रंथ साहिब को ऊंचे आसन पर स्थापित किया गया है, जबकि मंच के एक भाग में 350 बालिकायें कीर्तन प्रस्तुत करेंगी। सिख मर्यादा और परंपरा के अनुसार प्रधानमंत्री सहित सभी विशेष अतिथि ज़मीन पर ही बैठेंगे। समारोह से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप को विधिवत स्थापित किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राव इंद्रजीत सिंह भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच चुके हैं। अपने दौरे के अंत में प्रधानमंत्री ब्रह्मसरोवर पर संध्याकालीन आरती में शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला अथॉरिटी के सदस्य सौरभ चौधरी के अनुसार प्रधानमंत्री लगभग 10 मिनट तक आरती में सहभागिता करेंगे। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री करीब ढाई घंटे कुरुक्षेत्र में रहेंगे।

# विहिप मंदिरों की स्वायतता, धर्मांतरण के खिलाफ़ जागरूकता अभियान और दुनिया भर में हिंदू एकता के लिए प्रयास करेगी : आलोक कुमार

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा है कि संगठन ''मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से वापस लेने'', ''धोखे से धर्मांतरण'' पर रोक लगाने और दुनिया भर में हिंदुओं को एकजुट करने के लिए अभियान को तेज करेगी।

श्री कुमार ने यूनीवार्ता से बातचीत करते हुए कहा कि अयोध्या मंदिर बनाना विहिप का वास्तविक लक्ष्य नहीं था, बल्कि उसकी बड़ी परियोजनाओं में से एक था। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अयोध्या में राम मंदिर पूरा होने के करीब है।

उन्होंने कहा कि संगठन का बड़ा लक्ष्य सभी हिंदुओं के दिलों में एक मंदिर स्थापित करना और धर्म, संस्कृत, वेद और गोरक्षा पर आधारित जीवन जीने के तरीके को बढ़ावा देना है। श्री कुमार ने घोषणा की कि 2025 में विहिप सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मिलकर मंदिरों पर सरकारी से नियंत्रण समाप्त करने के लिए दबाव बनायेगी।उन्होंने तर्क दिया कि औपनिवेशिक काल की नीतियों ने मंदिरों को सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के केंद्र के तौर पर उनकी ऐतिहासिक भूमिका से हटाकर उन्हें कमज़ोर कर दिया और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर मंदिर की धनराशि को दूसरी जगह भेजने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''जब सरकार किसी गुरुद्वारे, मस्जिद या चर्च को नियंत्रित नहीं करती, तो वह मंदिर की धनराशि से खुद को अमीर क्यों बना रही है। श्री कुमार ने दावा किया कि लोगों को ''लालच, धोखे या डर'' के ज़रिए धर्म बदलने की ''संगठित प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विहिप ने धर्मांतरण पर नज़र रखने, ''लव जिहाद'' का मुकाबला करने और ''घर वापसी'' करने के लिए 8,500 ''सेंसिटिव ब्लॉक'' में प्रशिक्षित स्वयं सेवक तैनात किए हैं। श्री कुमार ने सीमावर्ती राज्यों और महानगरीय इलाकों में डेमोग्राफिक (जनसांख्यिकी) बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा, ''दिल्ली में भी गैर-कानूनी तरीके से आये लोगों की बड़ी आबादी है३ जो चुनाव के नतीजे बदलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि विहिप ऐसे लोगों की पहचान करने और उनको वापस भेजने के लिये अधिकारियों से संपर्क करती है। बंगलादेश में हिंदु समुदाय की स्थिति पर उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय ने शेख हसीना को हटाने के बाद हुए हमलों का ''विरोध'' किया और भारत नहीं भागे। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता और बंगलादेश सरकार के अंतरिम प्रमुख मुहम्मद यूनुस की हिंसा खत्म करने की अपील का स्वागत किया। श्री कुमार ने कहा कि विहिप करीब 100 देशों में सक्रिय है और साप्ताहिक कार्यक्रम, मंदिर में सक्रिय गतिविधि और आध्यात्मिक गुरुओं के साथ बातचीत के ज़रिए विदेश में दूसरी पीढ़ी के भारतीयों को जोड़ने पर ध्यान देता है।

संगठन ने विदेशी मंदिरों में जाने वाले पुजारियों के लिए अयोध्या में एक प्रशिक्षण संस्थान भी बनाया है।

## आरएसएस शुरु से ही रहा है संविधान पर हमलावर : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शुरु से ही संविधान विरोधी रहा है और इसीलिए इसे अपनाये जाने के तत्काल बाद से ही उसने संविधान पर हमला शुरु कर दिया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 76 साल पहले आज ही के दिन जब संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ भीमराव अम्बेडकर ने सभा के समक्ष भारतीय संविधान का मसौदा पेश किया था और इस मौके पर अत्यधिक ओजस्वी भाषण दिया था जिसे आज भी याद किया जाता है। लेकिन इसके अगले ही दिन आरएसएस ने संविधान पर तीखा हमला शुरु कर दिया था और उसका यह हमला आज भी जारी है। श्री रमेश ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में संविधान के मसौदे को औपचारिक रूप से अपनाने का प्रस्ताव रखा था। इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि उसके कारण ही यह व्यवस्थित संविधान तैयार हो सका है।

# मुर्मु से राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की जहां राष्ट्रपति ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए सेवाकाल में नवोन्मेषी और आदर्श बने रहने की सलाह दी।



श्रीमती मुर्मु ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह महत्वपूर्ण है क्योंकि राजस्व ही बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण का वित्तपोषक है। यही वित्त पोषण राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनता है इसलिए कर संग्रह की सुचारू प्रक्रिया होनी चाहिए जिसमें करदाता को न्यूनतम असुविधा हो।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी राजस्व सेवा अधिकारी प्रशासक, जांचकर्ता, व्यापार के सुविधा प्रदाता और कानून के प्रवर्तक सहित कई रूप में अपनी भूमिकाएँ निभाएंगे। राजस्व अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के प्रहरी हैं। राजस्व अधिकारी तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध व्यापार के खिलाफ देश की रक्षा करते हैं और वैध वाणिज्य और वैश्विक व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों की भूमिका प्रवर्तन और सुविधा के बीच नाजुक संतुलन की मांग करती है जिसमें कानून को बनाए रखने और आर्थिक विकास को सक्षम बनाने की जिम्मेदारी का निर्वहन होता है। उन्होंने इन अधिकारियों को अपने कैरियर में ऐसी प्रणालियाँ बनाने की सलाह दी जो पारदर्शी, जवाबदेह और प्रौद्योगिकी-संचालित हो और सत्यनिष्ठा तथा निष्पक्षता उनके पेशेवर आचरण की आधारशिला बनी रहे।

# पेज एक का शेष

## धर्म ध्वजा...

का स्वागत किया। गौरतलब है कि श्री मोदी आज सुबह अयोध्या पहुंचे। साकेत महाविद्यालय पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा। वहां से काफिले संग टेढ़ी बाजार होते हुए उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर में प्रवेश किया। इस दौरान अयोध्यावासियों ने जयश्रीराम, जय जय हनुमान के गगनभेदी नारों संग उनका स्वागत किया। अयोध्यावासी एक हाथ में भगवा ध्वज तो दूसरे हाथ में तिरंगा फहराते हुए प्रधानमंत्री का स्वागत करते रहे। प्रधानमंत्री ने भी पूरे रास्ते में हाथ हिलाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने सप्त मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुह्य और माता शबरी मंदिर में पहुंचकर प्रधानमंत्री ने शीश झुकाया। प्रधानमंत्री ने शेषावतार मंदिर व माता अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। श्री मोदी अयोध्या में साकेत विश्वविद्यालय हैलीपेड पहुंचे। यहां श्री योगी और राज्यपाल पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तरफ प्रस्थान किया। श्री राम मंदिर परिसर में राम दरबार पहुंचकर प्रधानमंत्री , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन-पूजन और आरती की। यहां पुजारियों ने तीनों विशिष्टजनों को राम नामी गमछा ओढ़ाया व प्रसाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख भागवत ने विधिविधान से पूजन-अर्चन कर रामलला का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भारत को गुलामी की...

शुभकामनाएं देता हूं। मैं आज उन सभी भक्तों को भी प्रणाम करता हूं, हर उस दानवीर का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिसने राम मंदिर निर्माण के लिए अपना सहयोग दिया। मैं राम मंदिर के निर्माण से जुड़े हर श्रमवीर, हर कारीगर, हर योजनाकार, हर वास्तुकार, सभी का अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज हर देशवासी से कहूंगा कि वो जब भी राम मंदिर आएं, तो सप्त मंदिर के दर्शन भी अवश्य करें। ये मंदिर हमारी आस्था के साथ-साथ, मित्रता, कर्तव्य और सामाजिक सद्भाव के मूल्यों को भी शक्ति देते हैं। अयोध्या में राममन्दिर पर लगी धर्म ध्वजा को 'भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज' निरुपित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका भगवा रंग, इस पर रचित सूर्यवंश की ख्याति, वर्णित ओम शब्द और अंकित कोविदार वृक्ष रामराज्य की कीर्ति को प्रतिरूपित करता है। यह ध्वज संकल्प और सफलता और संघर्ष से सृजन की गाथा है। उन्होंने कहा कि यह धर्मध्वज आह्वान करेगा- सत्यमेव जयते नानृतं! यानी, जीत सत्य की ही होती है, असत्य की नहीं। ये धर्मध्वज उद्घोष करेगा- सत्यम्-एकपदं ब्रह्म सत्ये धर्मः प्रतिष्ठितः। ३ धर्मध्वज संदेश देगा- कर्म प्रधान विश्व रचि राखा! अर्थात, विश्व में कर्म और कर्तव्य की प्रधानता हो। ये धर्मध्वज कामना करेगा- बैर न बिग्रह आस न त्रासा। सुखमय ताहि सदा सब आसा? यानी, भेदभाव, पीड़ा-परेशानी से मुक्ति, समाज में शांति और सुख हो। ये धर्मध्वज हमें संकल्पित करेगा- नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। यानी, हम ऐसा समाज बनाएं, जहां गरीबी न हो, कोई दुखी या लाचार न हो। भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए भी समाज की इसी सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने इसी संदर्भ में मंदिर प्रागण में बने सप्तमंदिर का उल्लेख किया और कहा कि माता शबरी, निषादराज गुह्यराज, माता अहिल्या, महर्षि वाल्मीकी, वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य और संत तुलसीदास के मंदिर इस प्रांगण को भारत के सामूहिक सामर्थ्य की भी चेतना स्थली बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जटायुजी और गिलहरी की मूर्तियां बड़े संकल्पों की सिद्धि के लिए हर छोटे से छोटे प्रयास के महत्व को दिखाती हैं। .. ये मंदिर हमारी आस्था के साथ-साथ, मित्रता, कर्तव्य और सामाजिक सद्भाव के मूल्यों को भी शक्ति देते हैं। हम सब जानते हैं, हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए व्यक्ति का कुल नहीं, उसकी भक्ति महत्वपूर्ण है। उन्हें वंश नहीं, मूल्य प्रिय हैं। उन्हें शक्ति नहीं, सहयोग महान लगता है। आज हम भी उसी भावना से आगे बढ़ रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने महिला, दलित, पिछड़े, अति-पिछड़े, आदिवासी, वंचित, किसान, श्रमिक, युवा, हर वर्ग को विकास के केंद्र में रखा गया है। ह्लऔर सबके प्रयास से ही हमें 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना ही होगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 'राम से राष्ट्र के संकल्प' के अपने उद्बोधन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ह्ल हमें आने वाले एक हज़ार वर्षों के लिए भारत की नींव मज़बूत करनी है। हमें याद रखना है, जो सिर्फ वर्तमान का सोचते हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय करते हैं। हमें वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के बारे में भी सोचना है। उन्होंने भारत को एक जीवंत समाज बताया और कहा कि देश को आने वाले दशकों, आने वाली सदियों को ध्यान में रखना ही होगा। उन्होंने लोगों से प्रभु राम के व्यवहार को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए प्रभु राम को आदर्श, और मर्यादा तथा जीवन के सर्वोच्च चरित्र और धर्मपथ पर चलने वाले व्यक्ति का पर्याय बताया। उन्होंने कहा, ह्ल अगर भारत को साल 2047 तक विकसित बनाना है, अगर समाज को सामर्थ्यवान बनाना है, तो हमें अपने भीतर 'राम' को जगाना होगा। उन्होंने कहा, आज जब राम मंदिर के प्रांगण में कोविदार फिर से प्रतिष्ठित हो रहा है, यह केवल एक वृक्ष की वापसी नहीं है, यह हमारी स्मृति की वापसी है, हमारी अस्मिता का पुनर्जागरण है, हमारी स्वाभिमानी सभ्यता का पुनः उद्घोष है। कोविदार वृक्ष हमें याद दिलाता है कि जब हम अपनी पहचान भूलते हैं, तो हम स्वयं को खो देते हैं। और जब पहचान लौटती है, तो राष्ट्र का आत्मविश्वास भी लौट आता है। और इसलिए मैं कहता हूं, देश को आगे बढ़ना है, तो अपनी विरासत पर गर्व करना होगा। उन्होंने देश को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति दिलाने पर बल देते हुए कहा कि 1835 में लागू लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति को भारत में मानसिक गुलामी की नींव बताया । उन्होंने 2035 तक देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने का आह्वान दोहराया। उन्होंने कहा कि यह गुलामी की मानसिकता ही है, जिसने इतने वर्षों तक रामत्व को नकारा है। उन्होंने कहा कि भारत में मैकाले की शिक्षा नीति के प्रभाव कारण ही आजादी के बाद भी हमारे यहां एक विकार आ गया कि विदेश की हर चीज़, हर व्यवस्था अच्छी है, और जो हमारी अपनी चीजें हैं, उनमें खोट ही खोट है। उन्होंने कहा, ह्ल गुलामी की यही मानसिकता है, जिसने लगातार ये स्थापित किया, हमने विदेशों से लोकतंत्र लिया, कहा गया कि हमारा संविधान भी विदेश से प्रेरित है, जबकि सच ये है कि भारत लोकतंत्र की जननी है, लोकतंत्र हमारे डीएनए (खून) में है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में रामलला का मंदिर परिसर भव्य से भव्यतम हो रहा है, और साथ ही अयोध्या को संवारने का काम लगातार जारी है। त्रेता युग की अयोध्या ने मानवता को नीति दी, 21वीं सदी की अयोध्या मानवता को विकास का नया मॉडल दे रही है। तब अयोध्या मर्यादा का केंद्र थी, अब अयोध्या विकसित भारत का मेरुदंड बनकर उभर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की अयोध्या में पौराणिकता और नूतनता का संगम होगा। सरयू जी की अमृत धारा और विकास की धारा, एक साथ बहेंगी। यहां आध्यात्म और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, दोनों का तालमेल दिखेगा। श्री मोदी ने कहा 21वीं सदी का आने वाला समय बहुत महत्वपूर्ण है। आजादी के बाद के 70 साल में भारत, 70 साल में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, 70 साल में 11वीं, लेकिन पिछले 11 साल में ही भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। और वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय नये अवसरों का है, नयी संभावनाओं का है। और इस अहम कालखंड में भी भगवान राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बनेंगे। उन्होंने जनता से रामराज्य से प्रेरित विकसित भारत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह तभी संभव है, जब स्वयंहित से पहले, देशहित होगा। जब राष्ट्रहित सर्वोपरि रहेगा। श्री मोदी ने अपने संबोधन का समापन जय सियाराम! के उद्घोष से किया।

## ध्वजारोहण यज्ञ की...

भव्य राम मंदिर के रूप में भारतवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों के समक्ष है। श्री योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य-न्याय एवं राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहतरीन समन्वय है। यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को राशन, 50 करोड़ लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, हर जरूरतमंद को आवास, हर व्यक्ति बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ पा रहा है तो यह रामराज्य की वह उद्घोषणा है, जिसका आधार विकसित भारत है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों में साम्राज्य बदले, पीढ़ियां बदलीं लेकिन आस्था अडिग रही। आस्था न झुकी, न रुकी। जन-जन का विश्वास अटल था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन के हाथों में कमान आई तो हर मुंह से एक ही उद्घोष निकलता था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। लाठी गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। श्री योगी ने कहा कि एक समय था, जब वैभवशाली अयोध्या संघर्ष, बदहाली का शिकार बन चुकी थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में अयोध्या उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन रही है। यहां हर दिन पर्व है, हर दान प्रताप है और हर दिशा में रामराज्य की पुनर्स्थापना की दिव्य अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि रामलला की पावन नगरी आस्था एवं आधुनिकता, आस्था एवं अर्थव्यवस्था के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। यहां बेहतर कनेक्टिविटी है। धर्मपथ, रामपथ, भक्ति पथ, पंचकोसी और 14 कोसी के साथ 84 कोसी की परिक्रमा श्रद्धालुओं व भक्तों को नया मार्ग व आस्था को नया सम्मान प्रदान कर रही है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कनेक्टिविटी की बेहतर सुविधा उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अयोध्या धाम में आस्था, आधुनिकता, आस्था और अर्थव्यवस्था का नया केंद्र दिख रहा है। देश की पहली सोलर सिटी-सस्टेनबल स्मार्ट रूप में नई अयोध्या का दर्शन हो रहा है। आज का दिन हर भारतवासी, सनातन धर्मावलंबी के लिए आत्मगौरव-राष्ट्रगौरव का दिन है।

## हिरासत में हिंसा और मौत...

2018 और 2020 में आदेश दिया था कि, सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं। लेकिन कोर्ट को बताया गया कि, केवल 11 राज्यों ने ही अब तक अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। कई राज्य और केंद्र के कई विभागों ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी। तीन केंद्रीय एजेंसियों में सीसीटीवी लग चुके हैं, लेकिन बाकी अभी भी पीछे हैं। वहीं शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है। इसे बेंच ने काबिल-ए-तारीफ बताया। मामले की सुनवाई के दौरान बातचीत में अमेरिका के मॉडल का जिक्र आया, वहां सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है और कुछ निजी जेलें भी हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि कुछ समय पहले एक सुझाव आया था कि सीएसआर फंड से प्राइवेट जेल बनाई जाएं। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह पहले से ही ओपन एयर प्रिजन मॉडल पर एक केस देख रहा है, जो भीड़भाड़ की समस्या, जेलों में हिंसा जैसे मुद्दों को कम कर सकता है। कोर्ट ने आदेश दिया, जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अभी तक रिपोर्ट नहीं दे पाए हैं, उन्हें तीन हफ्तों में हर हाल में अपनी जानकारी देनी होगी। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। केंद्र से कोर्ट ने कहा कि यदि केंद्रीय एजेंसियों ने पालन नहीं किया तो उनके निदेशक को बुलाया जाएगा। कोर्ट ने पूरे मामले को 16 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। तब तक सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र को अपनी-अपनी रिपोर्ट हर हाल में जमा करनी होगी।

## गणना प्रपत्र भरने...

किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अपने बीएलओ से ही संपर्क करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही अपने गणना प्रपत्र को भरें। आपका सहयोग शुद्ध एवं पारदर्शी मतदाता सूची के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा और लोकतंत्र की मजबूती का आधार बनेगा।

## भारत में जहाज निर्माण...

मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया जिनमें कोविड-19 के दौरान ऑपरेशन समुद्र सेतु, 2025 में म्यांमार भूकंप के दौरान ऑपरेशन ब्रह्मा और इस वर्ष आईएनएस विक्रांत द्वारा एमवी हेइलान स्टार से किया गया साहसिक चिकित्सा निकासी अभियान शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि जटिल मरम्मत कार्यों के लिए बड़ी संख्या में विदेशी नौसैनिक पोत भारतीय शिपयार्डों का रुख कर रहे हैं जिससे भारत की क्षमता, विश्वसनीयता और लागत-प्रतिस्पर्धात्मकता का पता चलता है। उन्होंने कहा, ''हम पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए पसंदीदा रखरखाव और मरम्मत हब बनना चाहते हैं।' श्री सिंह ने कहा कि सेमिनार का विषय '' 2500 ईसा पूर्व ऽ 2025 ईस्वी जहाज निर्माण की 4,524 वर्षों की उत्कृष्टता का उत्सव'' केवल औद्योगिक आकांक्षा नहीं दर्शाता, बल्कि एक सभ्यतागत निरंतरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि लोथल की प्राचीन गोदियों से लेकर मुंबई, गोवा, विशाखापट्टनम, कोलकाता और कोच्चि के आधुनिक शिपयार्डों तक, भारत की समुद्री यात्रा विकास और दृढ़ता की कहानी रही है। उन्होंने कहा कि सदियों पुरानी अन्वेषण, नवाचार और संपर्क की भावना आज भी आगे बढ़ रही है। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर एक कॉफ़ी-टेबल बुक 'भारत के शिपयार्ड - इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपेबिलिटी, कैपेबिलिटी, आउटरीच' और दो संकलन 'समुद्र नवप्रवर्तन' तथा भारतीय शिपयार्डों के लिए 10-वर्षीय एआई रोडमैप का भी विमोचन किया।

## ज्वालामुखी विस्फोट...

इलाकों से होकर गुजरे हैं उनकी जांच की जा रही है। उसने बताया कि प्रभावित यात्रियों को ग्राउंड टीम हरसंभव सहायता मुहैया करायी जा रही है। अकासा एयर ने एक बयान में बताया कि उसने 24 और 25 नवंबर की जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं, हालांकि उसने कोई संख्या नहीं बतायी हैं। उसने प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड देने का वादा किया है। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने बताया कि एयरलाइंस की सिर्फ दुबई की उड़ानों में देरी हो रही है लेकिन कोई उड़ान रद्द नहीं हुई है। वहीं इंडिगो के प्रवक्ता ने रद्द उड़ानों की संख्या बताने से इनकार कर दिया है

# बिहार कैबिनेट : मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न नई सरकार की पहली बैठक में 10 एजेंडों पर मुहर लगायी गई । आज की बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय उद्योग विभाग से संबंधित रहा। राज्य सरकार ने बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने और उसके अनुश्रवण के लिए एक शीर्ष समिति के गठन को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी, फिनटेक सिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट बिहार में स्थापित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य राज्य में हाई-टेक उद्योगों को आकर्षित करना और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करना है। उद्योग विभाग के एक अन्य प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली, जिसके तहत बिहार को अगले पांच वर्षों में 'ग्लोबल बैक-एंड हब' और 'ग्लोबल वर्कप्लेस' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए भी एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी, जो कार्ययोजना के निर्माण और उसके निरंतर अनुश्रवण का जिम्मा संभालेगी। नई एज इकोनॉमी के तेजी से बदलते परिदृश्य को देखते हुए यह निर्णय बिहार को आईटी, बीपीओ, केपीओ, कंटेंट मैनेजमेंट, डेटा प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में नई पहचान दिलाने में मदद करेगा। उद्योग विभाग ने तीसरे प्रस्ताव के रूप में यह भी पेश किया कि राज्य के प्रतिभाशाली उद्यमियों और युवाओं को स्टार्टअप एवं अन्य रोजगार आधारित गतिविधियों को बढ़ाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए।इसके लिए भी एक शीर्ष समिति के गठन को मंजूरी दी गई है। यह समिति–स्टार्टअप को बढ़ावा देने, फंडिंग सुविधा उपलब्ध कराने,नई एज इकोनॉमी के रोजगारोन्मुखी क्षेत्रों को मजबूती देने की दिशा में काम करेगी। यह कदम बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत स्थिति में ला सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रस्तावित बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन को भी मंजूरी मिल गई है। इस मिशन का लक्ष्य बिहार को एआई तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करना है। इसके तहत एआई आधारित सेवाएं, स्किल डेवलपमेंट, सरकारी विभागों में एआई का उपयोग, स्टार्टअप एवं टेक कंपनियों के साथ साझेदारी जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। यह मिशन बिहार के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# दिल्ली के विवेक विहार में इमारत की चौथी मंजिल का लेंटर गिरा, पांच लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा स्थित ज्वाला नगर, गली नंबर-6 में मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे बड़ा हादसा हो गया। जब एक मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस, दमकल, मेडिकल टीम और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है और मलबे में दबे कई लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें विनय (30) और उनकी मां रामश्री (60) शामिल हैं। हादसे में घर में काम कर रहे मिस्त्री और मजदूर भी घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि घर में शादी का माहौल था और इसी वजह से कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मिस्त्री द्वारा एक सपोर्ट हटाए जाने के बाद पूरा ढांचा अचानक गिर गया और लोग मलबे के अंदर दब गए। सभी घायलों को तुरंत जीटीवी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों में से दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जबकि दो अन्य की स्थिति फिलहाल स्थिर है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ज्वाला नगर स्थित स्ट्रीट नंबर-6 में एक मकान की चौथी मंजिल पर निर्माण कार्य के दौरान लेंटर अचानक भरभराकर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और स्थानीय लोग पहुंच गए। सूचना देने वाले अविनिश ने बताया कि उनके मकान की तीसरी मंजिल पर हॉल का निर्माण कार्य चल रहा था और आज नई डाली गई छत अचानक ढह गई। हादसे के समय परिवार के लोग और मजदूर निर्माण कार्य में लगे हुए थे। मलबे में दबे चार लोगों (तीन पुरुष और एक महिला) को तुरंत बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। घायलों में दो परिवार के सदस्य और दो मजदूर शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि हादसा लापरवाही के कारण हुआ या किसी तकनीकी खामी से। स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य तेजी से पूरा किया गया। पुलिस ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और आगे की कार्रवाई जारी है। विवेक विहार क्षेत्र में हुए लेंटर ढहने के हादसे में एक और घायल व्यक्ति के अस्पताल पहुंचने की जानकारी सामने आई है। किरायेदार राजेश, जो हादसे के समय मामूली रूप से घायल हुआ था, स्वयं ही अस्पताल पहुंचा और प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस ने कहा कि इस दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। मामले की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार, बंद चीनी मिलों को चालू करने और किसानों की आय बढ़ाने पर रहेगा जोरः नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में रोजगार, आधारभूत संरचना, किसानों की आय और औद्योगिक विकास को नई गति देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई सरकार बनने के बाद इन सभी क्षेत्रों में तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि 2020 से 2025 के बीच 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी व रोजगार दिया गया है। अब अगले पांच वर्षों (2025–30) में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि बिहार को तकनीक और सेवा आधारित 'न्यू ऐज इकोनॉमी' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए बिहार से जुड़े प्रमुख उद्योगपति और विशेषज्ञ अपने सुझाव देंगे तथा बड़े पैमाने पर योजनाएं तैयार होंगी। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में युवाओं की संख्या अधिक है और उनकी ऊर्जा का सही उपयोग हुआ, तो बिहार देश का सबसे तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन सकता है। राज्य को पूर्वी भारत का नया टेक्नोलॉजी हब बनाने के लिए डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, मेगा टेक सिटी और फिनटेक सिटी विकसित की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि नई चीनी मिलों की स्थापना और बंद पड़ी मिलों को फिर से चालू करने की तैयारी चल रही है। साथ ही, सभी बड़े शहरों को आधुनिक बनाने और नई तकनीकों के उपयोग के लिए बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन बनाया जाएगा। इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में औद्योगिकीकरण की गति तेज हुई है और नई सरकार इसे दोगुनी ताकत से आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध है। उच्च गुणवत्ता वाली आधारभूत संरचना, पावर सप्लाई, जल प्रबंधन और कुशल मानव संसाधन के दम पर राज्य में बड़े पैमाने पर उद्योग लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### चंडीगढ़ पुलिस कॉम्प्लेक्स में चाकूबाजीः महिला पुलिसकर्मी के भाई पर कांस्टेबल का हमला, इलाके में हड़कंप

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के धनास स्थित पुलिस कॉम्प्लेक्स में देर शाम बड़ा हादसा हो गया, जब दो पुलिसकर्मी परिवारों के बीच हुई कहासुनी अचानक हिंसक झगड़े में बदल गई और मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया। घटना टावर नंबर 22, मकान नंबर 520 में हुई, जहां रहने वाली लेडी कांस्टेबल (एलसी) नेहा और कांस्टेबल अमित के परिवारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। शुरुआती बहस धीरे–धीरे इतनी बढ़ गई कि गर्मागर्म झड़प के बीच कांस्टेबल अमित ने अचानक चाकू निकालकर एलसी नेहा के भाई पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद पुलिस कॉम्प्लेक्स में अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों और परिजनों ने तुरंत घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना ने पूरे परिसर में तनाव फैला दिया है और पुलिस विभाग की सुरक्षा व अनुशासन व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि यह वारदात एक सुरक्षित और अनुशासित क्षेत्र में हुई है। इस पूरे घटना पर एरिया थाना प्रभारी ने कहा कि हम इस मामले को पूरी गंभीरता से ले रहे हैं और घटना की जांच शुरू कर दी है और दोनों परिवारों के बीच विवाद की असल वजह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग के भीतर ऐसी घटना सामने आने से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मचा हुआ है।

### फाजिल्का में दो हैंड ग्रेनेड, हथियार बरामद, दो गिरफ्तार

**फाजिल्का।** एक इंटेलिजेंस ऑपरेशन में, स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ( एसएसओसी) फाजिल्का ने मंगलवार को एक क्रॉस–बॉर्डर हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक 9एमएम पिस्टल और दो कारतूस बरामद किये। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि बरामद हथियार पाकिस्तान से लाये गये थे और पंजाब में प्लान किये गये क्रिमिनल कामों के लिए ड्रोन के ज़रिए पहुंचाये गये थे। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस क्रॉस–बॉर्डर स्मगलिंग मॉड्यूल और ऑर्गेनाइज्ड क्रिमिनल सिंडिकेट को बेअसर करके एक सेफ और सिक्योर पंजाब पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को हॉकी से बहुत प्यार थाः भापा

**जालंधर।** सुरजीत हॉकी सोसायटी के महासचिव, सुरिंदर सिंह भापा ने मंगलवार को कहा कि प्रख्यात अभिनेता और पंजाब के सपूत धर्मेन्द्र को हॉकी से बहुत प्यार था। भापा ने बताया कि धर्मेन्द्र का दिवंगत ओलंपियन सुरजीत सिंह रंधावा के साथ बहुत गहरा प्रेम था। उन्होंने कहा, जब हमने रंधावा की याद में सन 1984 में सुरजीत हॉकी सोसायटी का गठन किया, तो उस समय सबसे पहला 5000 (पांच हज़ार रुपये) का चेक धर्मेन्द्र ने दिया था। धर्मेन्द्र अक्सर सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेने आते थे और दर्शकों से वीडियो संदेश के माध्यम से इस टूर्नामेंट में बढ़–चढ़कर पहुंचने की अपील करते थे। धर्मेन्द्र के निधन पर सुरजीत हॉकी सोसायटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जाने से जहां बॉलीवुड को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, वहीं पंजाब ने अपना होनहार और अनमोल हीरा खो दिया है।

### पंजाब बॉर्डर पर पिस्टल और हेरोइन का बड़ा जखीरा बरामद, ड्रोन और हेक्साकॉप्टर ज़ब्त

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले 24 घंटों में पंजाब बॉर्डर पर एक पिस्तौल, गोला–बारूद और हेरोइन के 10 पैकेट ज़ब्त किये। इसके अलावा एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर और दो ड्रोन बरामद किये। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि फाजिल्का के गांव टाहलीवाला में सोमवार को पकड़े गये दो तस्करों के खुलासे के बाद, बीएसएफ के सैनिकों और पंजाब पुलिस ने गांव चक टाहलीवाला में उनके फरार साथी के एक संदिग्ध घर पर जॉइंट रेड की, जिसमें एक पिस्तौल, चार मैगज़ीन, 12 कारतूस और हेरोइन के 10 पैकेट (कुल वज़न– 5.445 किग्रा) बरामद हुए। सोमवार को सैनिकों के एक और इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन में, तरनतारन के हवेलियां गांव के पास एक खेत से एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर बरामद हुआ। सैनिकों के सर्च ऑपरेशन में अमृतसर के चक अल्लाबख्श गांव के पास बॉर्डर सिक्योरिटी फेंस के आगे एक खेत से एक डीजेआई एयर 3 ड्रोन के साथ पिस्तौल के पार्ट वाला एक पैकेट बरामद हुआ। इसी प्रकार, आज सुबह एक खास जानकारी के आधार पर, सतर्क बीएसएफ सैनिकों ने फाजिल्का के ढाणी फूला सिंह गांव के पास एक खेत से एक डीजेआई माविक 4 प्रो ड्रोन के साथ हेरोइन का एक पैकेट (कुल वज़न– 1.065 किग्रा ) बरामद किया।

# भगवंत मान व केजरीवाल ने पंजाब की तरक्की और पंजाबियों की खुशहाली के लिए की अरदास

■ श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस संबंधी श्री अखंड पाठ साहिब के भोग समारोह में लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को संगत में शामिल होकर प्रदेश की तरक्की और पंजाबी भाइयों की खुशहाली के लिए अरदास की। दोनों नेताओं ने गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा दल छावनी में श्री गुरु तेग बहादुर जी और महान सिख शहीदों भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350वें शहादत दिवस की याद में आयोजित श्री अखंड पाठ साहिब के भोग समारोह के बाद की गई अरदास में हिस्सा लिया। दोनों नेताओं ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस संबंधी आयोजनों के दौरान सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म ने दुनिया में बराबरी और धर्मनिरपेक्षता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी हर इंसान के लिए भाईचारे, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद का प्रकाश स्तंभ हैं। अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाबियों को, खासकर सिखों को, महान सिख गुरुओं से कुर्बानी और बहादुरी का जज़्बा विरासत में मिला है, जिन्होंने अत्याचार, जुल्म और अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया। मुख्यमंत्री और केजरीवाल ने कहा कि राज्य सरकार का यह फ़र्ज़ है कि वह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा सुरक्षित रखे। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों की इच्छा है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत दिवस गुरु साहिब की सर्वोच्च कुर्बानी के अनुरूप बड़े स्तर पर मनाया जाए। अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने कहा कि दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों की उम्मीदों के अनुसार राज्य सरकार ने आयोजनों को यादगार बनाने के लिए विनम्र प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पंजाब के लोग इस शानदार और पवित्र ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनकर स्वयं को अत्यंत भाग्यशाली मानते हैं।

## चंडीगढ़ में इमीग्रेशन कंपनियों पर प्रशासन सख्त, 45 फर्मों को अब तक मिला लाइसेंस

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर(डीसी) निशांत कुमार यादव ने बताया कि शहर में कई इमीग्रेशन कंपनियाँ संचालित हो रही हैं, जिनमें से अधिकांश ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तक करीब 45 इमीग्रेशन कंपनियों को ही लाइसेंस जारी किए गए हैं, जबकि शेष आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है। डीसी ने एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाकी कंपनियों के दस्तावेज़ों की जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए, क्योंकि चंडीगढ़ में इमीग्रेशन फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे थे। प्रशासन का प्रयास है कि केवल पात्र और विश्वसनीय कंपनियों को ही लाइसेंस दिया जाए। इसके साथ ही डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि शहर के कई क्षेत्रों में अवैध कब्जे (एन्क्रोचमेंट) हटाए गए हैं, और आने वाले दिनों में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां अवैध कब्जे पाए जाएंगे।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर रेखा गुप्ता ने ध्वज यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के पावन अवसर पर आयोजित पवित्र ध्वज यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भव्य यात्रा गुरुद्वारा श्री सीसगंज साहिब से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा श्री आनंदपुर साहिब तक पहुंचेगी। आयोजन का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं, आदर्शों तथा धर्म और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करना और उन्हें नमन करना है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा समाज में भाईचारे, समरसता और शांति के संदेश को और मजबूत करेगी। उन्होंने प्रार्थना की कि गुरु साहिब का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और जीवन में सद्भाव, सुख और शांति बनी रहे।

# सरहिंद मस्जिद के अंदर फिल्म की शूटिंग को लेकर विवादों के घेरे में सोनम बाजवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता


चंडीगढ़। बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों की अभिनेत्री सोनम बाजवा अपनी आने वाली फिल्म 'पीत सियाप्पा' का एक हिस्सा फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद की ऐतिहासिक मस्जिद के अंदर शूट किए जाने को लेकर विवादों के घेरे में आ गयी है। पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान लुधियानवी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि मस्जिद में फिल्म की शूटिंग कर धार्मिक सिद्धांतों की अवहेलना की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मस्जिद के भीतर पूजा वाली जगह पर खाना भी खाया गया। यह जगह आर्कियोलॉजी डिपार्टमेंट के तहत आती है और बाहर एक नोटिस पर साफ तौर पर लिखा है कि शूटिंग पर रोक है। इसके बावजूद क्रू ने देर रात शूटिंग की। इमाम ने कहा कि उन्होंने फतेहगढ़ साहिब के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से फिल्म के निर्माता-निर्देशक सोनम बाजवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। उन्होंने उस अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है जिसने शूटिंग की अनुमति दी थी। उन्होंने सिख और मुसलमान दोनों इस जगह का बहुत सम्मान करते हैं तथा मस्जिद के अंदर फिल्म बनाना धार्मिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी कि पूरे पंजाब की पवित्र जगहों का गलत इस्तेमाल करने का ट्रेंड खतरनाक होता जा रहा है। उनका कहना है कि फिल्में कभी सामाजिक जिम्मेदारी की भूमिका निभाती थी , लेकिन अब पैसा कमाना नैतिकता पर हावी हो रहा है।

# गुरु तेग बहादुर के बलिदान से हमें आपसी एकता एवं सद्भाव की प्रेरणा मिलती है : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को गुरु तेगबादुर साहिब के 350वें बलिदान दिवस पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म, मानवीय मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहिब का स्थान अद्वितीय है। उनके बलिदान से हमें आपसी एकता एवं सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने श्रीगुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के साथ ही शबद कीर्तन भी सुना। तत्पश्चात उन्होंने गुरुद्वारा साहिब रेसकोर्स के पदाधिकारियों से भेंट की। इस मौके पर पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मोमेंटों भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने संगतों के बीच लंगर सेवा भी दी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब ने लोगों को प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री हेमकुंड साहिब जाने के लिए गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे बनाया जा रहा है, जिससे सिख तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम हो जाएगी। इसी के साथ अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के समस्त लाभ सिख समाज तक भी पहुंचाए जा रहे हैं। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष बलवीर सिंह साहनी, सचिव राजिंदर पाल सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल उपस्थित थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063